आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 26 जून 2024
वर्ष 5, अंक 92, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अफगानिस्तान ने रचा इतिहास 15
करीना ने करिश्मा को जन्मदिन की बधाई दी 16

## मप्र में अब मंत्री स्वयं अदा करेंगे अपना आयकर

- मंत्रिमंडल ने 52 साल पुराना नियम समाप्त किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को निर्णय लिया कि राज्य के मंत्रियों को अपना आयकर स्वयं अदा करना होगा और इसका भुगतान राज्य सरकार नहीं करेगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक बयान में कहा कि मंत्रिमंडल ने 1972 के नियम को समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत राज्य सरकार मंत्रियों के वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करती थी। सभी मंत्री अपने वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करेंगे।

# लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला और के. सुरेश के बीच मुकाबला

### सरकार को विपक्ष के बीच नहीं बन सकी आम सहमति, आज मतदान संभव

ई दिल्ली, एजेंसी




- लोकसभा के इतिहास में तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए मतदान

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी और अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश के साथ होगा। बिरला और सुरेश ने मंगलवार को क्रमशः राजग और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवारों के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में उतरने के लिए विपक्ष ने अंतिम समय में तब फैसला लिया जब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी इस पूर्व शर्त को नहीं माना कि राजग के उम्मीदवार बिरला का समर्थन करने के एवज में इंडिया गठबंधन को उपाध्यक्ष पद दिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद भवन स्थित कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टीआर बालू ने सिंह, गृहमंत्री अमित शाह तथा स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस मुद्दे पर आम-सहमति बनाने के उद्देश्य से बातचीत की लेकिन दोनों पक्ष अपने रुख पर अड़े रहे और कोई नतीजा नहीं निकला।

पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके बिरला को राजग की तरफ से सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। बिरला ने नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वेणुगोपाल और बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्व सम्मति होती तो बेहतर होता। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन बुधवार को होना है और यदि मतदान होता है तो लोकसभा के इतिहास में ऐसा तीसरी बार ही होगा। सदन में भाजपा समेत राजग के 293 सांसद हैं और विपक्षी गठबंधन इंडिया के 233 सदस्य हैं। दो लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा दिए जाने के बाद सदन में कुल सदस्यों की संख्या 542 रह गई है। यदि कोटा से भाजपा सांसद बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाते हैं तो पांचवीं बार ऐसा होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा।

### शपथ लेने के बाद राहुल ने जय संविधान तो ओवैसी ने जय फिलिस्तीन बोला

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। राहुल गांधी ने शपथ लेने के बाद पोडियम से जय हिंद, जय संविधान के नारे लगाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शपथ के वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। धारावाहिक रामायण में राम के किरदार से मशहूर मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने भी सदस्यता ग्रहण की। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ के बाद फिलिस्तीन के पक्ष में नारे लगाए। संसद से बाहर संवाददाताओं से ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन के भीतर जय फिलिस्तीन कहा है। बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने शपथ लेने के बाद हिंदू राष्ट्र की जय कहा। आजमगढ़ से सपा के सदस्य धर्मेंद्र यादव ने पीडीए जिंदाबाद के नारे लगाए। इस बीच प्रोटेम स्पीकर भृर्तहरि महताब ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे केवल लिखित शपथ ही पढ़ें, शपथ के अतिरिक्त बोली गई कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

## एक नजर

### बीएड प्रवेश परीक्षा में अलीगढ़ के मनोज टॉपर

**लखनऊ।** उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा- 2024 का परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। अलीगढ़ के मनोज कुमार टॉपर रहे। इन्हें 400 में से 344.67 अंक प्राप्त हुए हैं। ये आर्ट स्ट्रीम के हैं। परीक्षार्थी बुंदेलखंड और झांसी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणामों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 9 जून को प्रदेश के 51 जिलों में 470 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 2.23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें 1.93 लाख ने परीक्षा दी। पहले स्थान पर अलीगढ़ के मनोज कुमार, दूसरे स्थान पर प्रयागराज के शिव मंगल और तीसरे स्थान पर वाराणसी के नजीर अहमद रहे।

### जैन की जमानत पर 9 जुलाई को आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि दिल्ली हाईकोर्ट धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 9 जुलाई को फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने जैन की जमानत याचिका पर यह टिप्पणी की।

# पेपर लीक कराया तो होगी उम्रकैद

### लगेगा एक करोड़ जुर्माना, सॉल्वर गैंग से क्षति की भरपाई, गड़बड़ी करने वाली संस्था होगी ब्लैक लिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी
- कैबिनेट की बैठक में रखे गए कुल 44 प्रस्तावों में से 43 को दी गई स्वीकृति

**अमृत विचार :** प्रदेश में अब पेपर लीक के दोषियों को दो साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना आदि दंडनीय अपराध होगा। यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार की वसूली सॉल्वर गिरोह से की जाएगी। गड़बड़ी करने वाली संस्था व सेवा प्रदाताओं को ब्लैक लिस्ट करने के साथ संपत्ति की भी कुर्की होगी।

परीक्षाओं की शुचिता पर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में हुई कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी गई। विधानसभा से पारित होने के बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलते ही अध्यादेश कानून का रूप ले लेगा।

राज्य सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है। ताजा अध्यादेश एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी दी गई है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उप्र. बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था शामिल हैं। अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमतीकरण या पदोन्नत करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के भी कठोर प्रावधान किए गए हैं।



### अयोध्या में 750 करोड़ से बनेगा संग्रहालय

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इसपर टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपये खर्च करेगा। संग्रहालय विश्वस्तरीय होगा जिसमें 650 करोड़ रुपये के साथ साइट के डेवलपमेंट में 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### वाराणसी, बरेली व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार को मंजूरी

**वाराणसी, बरेली व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार को मंजूरी :** कैबिनेट ने तीन प्रमुख शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार और वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इन विकास प्राधिकरणों में कई राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण में 215 राजस्व गांव, बरेली में भी 35 राजस्व गांव जबकि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में 71 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है।

### मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम को मंजूरी

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पर्यटन विभाग शोधार्थियों का चयन करेगा जो राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, निवेशकों को आ रही समस्याओं को निपटाने के साथ निवेश को गति देंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 25 शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। इन्हें 40 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिलेंगे। जिसमें पारिश्रमिक के रूप में 30 हजार और क्षेत्र भ्रमण के लिए 10 हजार रुपये मिलेंगे।

### हजारों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने प्रदेश के ऐसे हजारों राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन का विकल्प देने का फैसला लिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2005 से पहले शुरू हुई थी और उन्हें बाद में नियुक्ति दी गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों के अनुसार 31 मार्च 2004 तक विज्ञापित पदों के विरुद्ध चयनितों को जिन्हें किन्हीं कारणों से सेवा में कार्यभार एक अप्रैल 2005 के बाद ग्रहण कराया गया, ऐसे सभी राज्य कर्मियों-शिक्षकों को पुरानी पेंशन में जाने का सरकार ने विकल्प खोल दिया है। राज्य कर्मियों की ओर से काफी समय से यह मांग की जा रही थी।

# इमरजेंसी लगाने वाले संविधान के प्रति प्रेम न जताएं : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- आपातकाल को काला दिन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया पलटवार

विपक्षी इंडिया गठबंधन के भाजपा के खिलाफ देश के संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाए जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कांग्रेस पर 24-25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के लिए हमला बोला। आपातकाल को काले दिन के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाएगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया। उन्होंने कहा कि वे अपने दिखावे के ज़रिए संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिए उन्हें बार-बार नकार दिया है।

# कई जिलों में जिलाधिकारी व कप्तान बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### अनुज सिंह बनाए गए मुरादाबाद के नए डीएम

- प्रदेश में शासन ने किया बड़ा पुलिस व प्रशासनिक फेरबदल
- अनुराग आर्य अब संभालेंगे बरेली एसएसपी की जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मंगलवार को बड़े पैमाने पर आईएएस व आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। 12 जिलों में नए डीएम तैनात किए गए हैं। मुरादाबाद के डीएम मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना को हटा दिया गया है। सीतापुर के डीएम अनुज सिंह को मुरादाबाद का नया डीएम बनाया गया है, वहीं प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद का नया एसएसपी बनाया गया है, जबकि आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को भी हटाए जाने की खबर है।

मुरादाबाद के डीएम मानवेंद्र सिंह को विशेष सचिव आयुष बनाया गया है। चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद को सीतापुर और बांदा की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर का डीएम बनाया गया है। आयुष विभाग के विशेष सचिव नगेंद्र प्रताप को बांदा तथा नगर आयुक्त कानपुर शिवशरणप्पा जीएन को चित्रकूट का डीएम बनाया गया है। आईजी निबंधन रवीश गुप्ता को बस्ती तथा अजय कुमार द्विवेदी को श्रावस्ती का डीएम बनाया गया है। मधुसूदन हुल्गी डीएम कौशांबी, संभल के डीएम मनीष बंसल को सहारनपुर तथा विशेष सचिव नगर विकास राजेंद्र पेन्सिया को संभल का डीएम बनाया गया है। आशीष कुमार को हाथरस और मेधा रूपम को कासगंज का डीएम बनाया गया है। श्रावस्ती की डीएम कृतिका शर्मा को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा व अपर निदेशक एसजीपीजीआई बनाया गया है। बस्ती के डीएम आंद्रा वामसी को विशेष सचिव स्टाम्प व पंजीयन बनाया गया है। औरैया में लोनिवि के अधिशासी अभियंता अभिषेक यादव को निलंबित कर दिया गया है।

### सतपाल बने मुरादाबाद के नए एसएसपी

कई जिलों के पुलिस कप्तान भी बदल दिए गए हैं। प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद का जबकि आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है। सहारनपुर के एसएसपी विपिन टाडा को मेरठ, मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीना को आजमगढ़ का एसपी बनाया गया है। बरेली के एसएसपी घुले सतीश चन्द्रभान को लखनऊ एसटीएफ और मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर का एसएसपी बनाया गया है जबकि चंदौली के एसपी डॉ अनिल कुमार द्वितीय को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी रेलवे आगरा आदित्य लांग्हे को चंदौली का एसपी बनाया गया है।

## सेंसेक्स पहली बार 78,000 के पार

### निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को सेंसेक्स ने पहली बार ऐतिहासिक 78,000 अंक के स्तर को पार किया। वहीं एनएसई का निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 712.44 अंक उछलकर 78,053.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 823.63 अंक बढ़कर 78,164.71 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी 183.45 अंक या 0.78 प्रतिशत बढ़कर 23,721.30 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 216.3 अंक चढ़कर 23,754.15 अंक पर पहुंच गया था।

# सुहास एलवाई बने दुनिया के नंबर एक पैरा शटलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- प्रदेश के खेल विभाग में सचिव हैं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

**अमृत विचार :** प्रदेश के खेल सचिव और स्टार पैरा शटलर सुहास एलवाई दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। हाल में जारी की गई विश्व रैंकिंग में उन्हें यह उपलब्धि मिली। उन्होंने फ्रांस के लुकास मजूर को एसएल-4 एकल वर्ग में पीछे छोड़ यह कामयाबी हासिल की। टोक्यो ओलंपिक में रजत पर कब्जा करने वाले सुहास एलवाई अगस्त माह के अंत में होने वाले पेरिस पैरालंपिक गेम्स में बतौर शीर्ष खिलाड़ी के रूप में कोर्ट में उतर कर भारतीय तिरंगा लहराएंगे।

ग्लास्गो (स्कॉटलैंड) में आयोजित फोर नेशंस पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप में सुहास ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता था। मंगलवार को वर्ल्ड पैरा बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की गई जिसमें सुहास 60257 अंकों के साथ शीर्ष वरीयता दी गई है। सुहास एलवाई ने बताया कि ये पल हमारे लिए अनमोल हैं। विश्व का शीर्ष शटलर बनना जीवन के सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में एक है।

## आतिशी अस्पताल में भर्ती, अनशन खत्म



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर आप नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन खत्म हो गया। मंगलवार तड़के सेहत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली सरकार में कई मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहीं आतिशी को लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल के आपातकालीन आईसीयू में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत अब स्थिर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की।

# केजरीवाल को जमानत देने से हाईकोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- निचली कोर्ट के फैसले को पलटा, सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत ईडी द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी के तर्कों का उचित आकलन नहीं किया।

### केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है सीबीआई

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को फंसाने के लिए सीबीआई के साथ साजिश रची है। एक्स पर एक वीडियो संदेश में सिंह ने कहा कि भाजपा ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करवाने की योजना बनाई है।

# आज से हल्की बारिश, फिर बढ़ेगी रफ्तार

### ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो-तीन दिनों में पूरे प्रदेश में प्रभावी होगा मानसून

**अमृत विचार :** मानसून ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद प्रदेश के कई जिलों में बुधवार से हल्की बारिश शुरू होने की संभावना है। फिर आगामी दिनों में अच्छी बारिश होगी।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, दो से तीन दिनों में मानसून पूरे प्रदेश में अपना असर दिखाएगा। मानसून प्रदेश में दक्षिण पश्चिम से बढ़ रहा है। ऐसे में ललितपुर में प्रवेश कर चुका है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में बुधवार से हल्की बारिश शुरू हो जाएगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। वहीं, प्रदेश में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा सुल्तानपुर में 38 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर हरदोई जनपद रहा। यहां वर्षा औसतन 16 मिमी रिकार्ड की गई। कानपुर में 6.2 और बरेली में 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई।



### लखनऊ मंडल के जिलों में यलो अलर्ट

लखनऊ मंडल में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। ऐसे में लखनऊ के अतिरिक्त सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव जनपदों में मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### कानपुर का दिन और रात सबसे गर्म

प्रदेश में कानपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 43.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वाराणसी में अधिकतम 42.3 और न्यूनतम तापमान 29.9 डिग्री रहा। प्रयागराज में अधिकतम 42.1 और न्यूनतम 30.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। आगरा में अधिकतम 41.5 और न्यूनतम 28 डिग्री रहा। वहीं, लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# 75 हजार घूस लेते जीएसटी का सहायक आयुक्त पकड़ा

संवाददाता, देहरादून

- रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बता जुर्माने के दबाव में मांगी थी रिश्वत

**अमृत विचार :** देहरादून की विजिलेंस टीम ने जीएसटी कर विभाग के सहायक आयुक्त को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बताकर भारी जुर्माने के दबाव में रिश्वत मांगी थी। विजिलेंस टीम ने सहायक आयुक्त के देहरादून स्थित आवास की भी तलाशी ली। अब उनकी चल-अचल संपत्ति के बारे में जानकारी की जा रही है।

विजिलेंस के एसएसपी धीरेंद्र गुंज्याल के निर्देशन में टीम ने मंगलवार को जीएसटी कार्यालय लक्ष्मी रोड, डालनवाला में छापा मारकर सहायक आयुक्त शशिकांत दुबे को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि शशिकांत दुबे द्वारा शिकायतकर्ता से रेस्टोरेंट के बिलों में जीएसटी के नियमों के क्रम में कमियां बताकर भारी जुर्माने का दबाव बनाकर रिश्वत मांगी गई थी। रणनीति के तहत शिकायतकर्ता रिश्वत की तय रकम देने पहुंचा तभी टीम ने सहायक आयुक्त को दबोच लिया।

## शहर में आज



☞ जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर मसाने की होली रात 8:00 बजे।

☞ सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा श्री विहारों का मन्दिर कंजरी सराय में शाम 4:00 बजे।

## एक नजर

### लाइन शिफ्टिंग का कार्य शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार : संभल रोड स्थित पंडित नगला बाईपास रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले रेल ओवरब्रिज के चलते बिजली के तारों और पोल शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया गया है। सेतु निगम की ओर से शिफ्टिंग को मांगे खर्च का स्टीमेट मिलते ही मंजूरी के बाद कार्यदायी संस्था ने पोल और तार शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया है। ओवरब्रिज के निर्माण में बिजली पोल और तार भी बाधक थे। आरओबी बनाने का जिम्मा सेतु निगम को मिला है। इस पुल के निर्माण पर लगभग एक करोड़ 10 लाख से अधिक की लागत आएगी।

# तीन करोड़ से हुई स्पर की पुनर्स्थापना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



स्पर की पुनर्स्थापना के बाद निरीक्षण करते बाढ़ खंड के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मानसून से पहले बाढ़ से बचाव के लिए सिंचाई विभाग तैयार है। दो दिन पूर्व शासन से आई टीम ने मुरादाबाद और अमरोहा में दो दिवसीय दौरे के दौरान यहां बने तटबंध की स्थिति और रखरखाव का निरीक्षण किया था।

जनपद के काजीपुर मुश्तापुर तटबंध जोकि रामगंगा नदी के बाएं किनारे स्थित है, इसका दायरा बढ़ाने की मांग काफी समय से जनप्रतिनिधि भी कर रहे थे। क्योंकि बरसात में इस इलाके के काफी गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते थे। अब तटबंध का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए कई बार पत्राचार भी किया जा चुका है। इतना ही नहीं जगह का सर्वे भी हो चुका है। जल्द ही काजीपुर मुश्तापुर तटबंध की लंबाई बढ़ाकर बांध बनाने का काम होगा। वहीं बलिया बल्लभगढ़ तटबंध और ठाकुरद्वारा तटबंध जो 1.50 किलोमीटर के दायरे में है, दोनों सुरक्षित हैं। जबकि अमरोहा के हसनपुर प्रथम और हसनपुर द्वितीय तटबंध दोनों पर जरूरत के मुताबिक काम कराए गए हैं। 60 किलोमीटर के दायरे में बने दोनों तटबंध पर तीन करोड़ की लागत से स्पर की पुनर्स्थापना की गई है। जबकि कोसी नदी के अगापुर से मंडोली तटबंध जिसकी लंबाई लगभग 9.35 किलोमीटर है, वह भी सुरक्षित है। हालांकि उसके रास्ते में गड्ढे होने से राहगीरों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता था। उस रास्ते को गड्ढामुक्त करने का प्रयास चल रहा है। किसानों की मांग पर मानपुर पट्टी के सामने बने साइफन की मरम्मत भी कराई जाएगी। इस संबंध में अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड राजेश गंगवार ने बताया कि तीन करोड़ की लागत से स्पर पुनर्स्थापना की गई है। कोसी नदी के अगापुर से मंडोली तक 9.35 किमी है। उसके मार्ग को गड्ढा मुक्त करने की कार्ययोजना बना ली गई। जिस पर जल्द की कार्य शुरू किया जाएगा।

## 28 जून से मानसून के सक्रिय होने का मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं अनुमान

# तापमान में कमी, उमस ने लोगों को किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रेलवे स्टेशन पर गर्मी में बच्चों की पंखें से हवा करती महिला।



आशियाना कॉलोनी में बारिश में गुजरते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्री मानसून की छिटपुट बारिश से तपिश और लू से तो राहत मिल गई है। लेकिन, उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में कमी आई है। लोग मानसून की झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक 28 जून या इसके बाद ही इसके सक्रिय होने का अनुमान बता रहे हैं।

मंगलवार को सुबह और दोपहर में छिटपुट बारिश हुई। चंद मिनट की बारिश ने तपिश और लू से राहत प्रदान की। कुछ लोगों ने बारिश में भीगकर इसका आनंद लिया, तो कुछ ने इससे बचने का उपाय किया। बारिश से अधिकतम तापमान कम होकर 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 55 प्रतिशत रहने से चिपचिपी गर्मी व उमस बढ़ गई। 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली।

● **बारिश से अधिकतम तापमान कम होकर 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, न्यूनतम तापमान 28 डिग्री**

बारिश होने से किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता है। वह खेती के काम में गए हैं। हालांकि बारिश सब्जी की फसलों के नुकसानदेह साबित होगी। सब्जियों की फसल बारिश से खराब होने पर इसकी उपलब्धता कम होने से और महंगी भी हो जाएंगी। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि प्री मानसून बारिश का क्रम जारी रहेगा। 28 जून या इसके बाद मानसून सक्रिय होने पर मूसलाधार बारिश होगी। जिससे लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिल जाएगी।

## एमडीए में शामिल हुए मुरादाबाद के 52 गांव

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने पश्चिम यूपी के दो विकास प्राधिकरणों बरेली और मुरादाबाद का दायरा बढ़ाने का फैसला किया है। जिसके तहत मुरादाबाद, संभल और अमरोहा के 71 गांवों को एमडीए में शामिल किया गया है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का गठन जून 1982 में किया गया था। नगर पालिका सीमा में आने वाले और विनियमित क्षेत्र के 62 गांवों के अलावा आसपास के 118 गांवों को शामिल करते हुए 180 गांवों के साथ मुरादाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र घोषित किया गया था। लेकिन, अब मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास प्राधिकरण सीमा क्षेत्र में विस्तार का फैसला किया गया है। जिसमें तहसील कांठ के 18 गांव, मुरादाबाद के 34, संभल के तीन, अमरोहा के 16 गांवों को विकास प्राधिकरण सीमा में शामिल करने का फैसला किया गया है। मुरादाबाद महानगर के आसपास के क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि और प्रमुख मार्गों पर तीव्र औद्योगिक व व्यवसायिक गतिविधियां हैं। इसके कारण महानगर और आसपास के क्षेत्रों में होने वाले विकास व निर्माण कार्य को सुनियोजित विकास का स्वरूप देने के लिए सीमा विस्तार का फैसला किया गया है।

# समृद्धि विहार व अमृत कुंज में खरीदें अपनी पसंद का आशियाना

## रामगंगा और गागन नदी के किनारे से हटाया जाएगा अवैध निर्माण, मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई एमडीए की बोर्ड बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय के सभागार में बोर्ड की बैठक लेते मंडलायुक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड की 137वीं बैठक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय सभागार में हुई। इसमें महानगर के विकास को लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में फैसला लिया गया कि प्राधिकरण की समृद्धि विहार व अमृत कुंज कालोनी में महानगरवासी अपनी पसंद का आशियाना खरीद सकते हैं।

बैठक में प्राधिकरण के अलावा सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, जल निगम व अन्य विभागों अधिकारियों समेत एमडीए बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। मंडलायुक्त ने एमडीए और संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्ती से निर्देश दिए कि रामगंगा और गागन नदी के किनारे हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि एमडीए व सिंचाई विभाग रामगंगा व गागन नदी किनारे हो रहे अवैध निर्माण को जल्द से जल्द चिह्नित कर लें। इसके अलावा उन्होंने एमडीए द्वारा शुरू की गई योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मंडलायुक्त ने कहा कि कहीं भी बिना मानचित्र के निर्माण नहीं होना चाहिए। बोर्ड की बैठक में गांव रसूलपुर सुनवाती में सर्किल दर के चार गुना पर आपसी सहमति से भूमि क्रय को मंजूरी दी गई। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि मास्टर प्लान-2031 पूरी तरह तैयार हो चुका है। जल्द ही शासन की ओर से उसे पास कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली रोड पर प्राधिकरण की समृद्धि विहार योजना में दो मंजिला मकान और एकता विहार स्थित अमृत कुंज कालोनी में चार मंजिला मकानों को अब महानगरवासी अपनी पसंद से पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर खरीद सकते हैं। पहले यह मकान लॉटरी के आधार पर आवंटित किए जाते थे, लेकिन अब लोग अपनी पसंद का मकान खरीद सकते हैं। बोर्ड की बैठक में इसके अलावा कई प्रस्ताव रखे गए। बैठक में जिलाधिकारी मानवेंद्र कुमार सिंह, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार, सचिव अंजूलता, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, ओएसडी पारुल तरारा, प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य विकास जैन, राजू कालरा आदि मौजूद रहे।

### नदी के किनारे जल्द टूटेगा अवैध निर्माण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक में नदी किनारे अवैध निर्माण का मुद्दा गंभीरता से उठा। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने नदी किनारे अवैध निर्माण को सख्ती हटाने का निर्देश दिया। एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि एक दो दिन में एमडीए, जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग व नगर निगम की संयुक्त टीम बनाई जाएगी। जिसके बाद पहले चरण में रामगंगा व गागन नदी किनारे 100 मीटर की दूरी तक बने अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने नदी किनारे अवैध निर्माण किया है वह स्वयं हटा लें, अन्यथा अभियान चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

### दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का बढ़ा मानदेय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने के लिए पिछले कई सालों से मांग चल रही है। मंगलवार को बोर्ड बैठक में एक बार फिर इस मुद्दे को उठाया गया। जिसमें बोर्ड ने दैनिक वेतन कर्मियों के पारिश्रमिक बढ़ाये जाने की स्वीकृति दे दी। जिसके तहत मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को 21 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। जबकि पहले 18 हजार रुपये मिलते थे। इसके अलावा एमडीए में काम करने मालियों को अब 15 हजार रुपये प्रति माह दिया जाएगा। इसके पहले उन्हें 11 हजार रुपये मिलते थे।

| तल | आवास | कीमत |
|---|---|---|
| **समृद्धि विहार नया मुरादाबाद आवासीय योजना** | | |
| भूतल | 30 | 30,55,000 रुपये |
| प्रथम | 26 | 26,03,000 रुपये |
| **समृद्धि विहार नया मुरादाबाद आवासीय योजना (नवीन)** | | |
| भूतल | 15 | 34,57,000 रुपये |
| प्रथम | 18 | 29,37,000 रुपये |
| **अमृत कुंज एकता विहार आवासीय योजना** | | |
| भूतल | 52 | 18,11,300 रुपये |
| प्रथम | 52 | 16, 19,700 रुपये |
| द्वितीय | 51 | 16, 19,700 रुपये |
| तृतीय | 52 | 16, 19,700 रुपये |

### कर्मचारियों ने जताया उपाध्यक्ष का आभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को हुई एमडीए बोर्ड की बैठक में दैनिक वेतन कर्मचारियों के वेतन बढ़ाए जाने पर स्वीकृति मिलने के बाद मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय सत्संगी व अन्य कर्मचारियों ने एमडीए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार का उनके कक्ष में जाकर आभार जताया।

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** महानगर के करूला स्थित फेमस इंस्टीट्यूट में मेहंदी प्रतियोगिता के 40 विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 10 दिन पूर्व हुई थी।

मेहंदी प्रतियोगिता में कई छात्राओं ने हिस्सा लिया और कलाइयों पर मेहंदी लगा कर अपना हुनर दिखाया। सभी प्रतिभागियों में से बुशरा परवीन को प्रथम, मुस्कान को द्वितीय व आमना और जन्नत को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने बुशरा परवीन, मुस्कान, आमना और जन्नत के साथ-साथ अन्य सभी विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनन्या ने सजदा तेरा सजदा पर क्लासिकल डांस प्रस्तुत किया वहीं स्नेहा और गुलफिजा ने मैंने पायल है छनकाई पर व शीतल और अराध्या ने मेरी कॉलिज की लड़कियों पर डांस कर मन मोह लिया। कार्यक्रम में शिवानी, नैनसी, रितिका, तरन्नुम, निज़ा, फरहीन, इल्मानूर, गुलफिजा, वासिया, रूशदा, फरजाना, महक, इकरा, खिजरा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जियाउर्रहमान, मुख्तार हुसैन, फरहा खान, नेहा एडवोकेट, शारिक उस्मानी, अहसान अब्बासी, रोहित कुमार मौजूद रहे।



विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोग।

## शिविर में लोगों ने कराई सेहत की जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल महानगर की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर बंगला गांव जेसीएम पब्लिक स्कूल के निकट मंदिर में लगाया गया। जिसमें नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया।

शिविर में नेत्र रोग एवं जनरल फिजिशियन ने मधुमेह, रक्तचाप आदि की जांच कर दवा दी। जनरल फिजिशियन डॉ. सईदुल, डॉ. तैयब, प्रेमपाल सिंह, आशीष आदि ने शिविर में जांच में सहयोग किया। शिविर के दौरान महानगर मंत्री अविनाश गुप्ता, घनश्याम, योगेश त्यागी, अभिनव भटनागर, सुनील सैनी, मोहित सक्सेना, अनिल कठेरिया, जयदेव यादव, नीता सैनी, सोनू मौजूद रहे।

# भारत में अविस्मरणीय काला अध्याय है आपातकाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



भाजपा कार्यालय पर आपातकाल पर आयोजित गोष्ठी में सम्मानित लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी महानगर व जिला इकाई की ओर से मंगलवार को आपातकाल की वर्षगांठ पर बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में संगोष्ठी व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के पूर्व सभापति सूर्य प्रकाश पाल रहे।

लोकतंत्र रक्षक सेनानी कमलकांत राय, नीरज गुप्ता, शिवचरण लाल ने आपातकाल के समय की त्रासदी को बताया। कहा कि लोकतंत्र के लिए आपातकाल कलंक था। सरकार के खिलाफ बोलने वालों को जबरन जेल भेजा जा रहा था। इसके बाद भी हम लोकतंत्र सेनानियों का हौसला डिगा नहीं। बुजुर्ग, युवा, महिला, छात्र सभी को जेल के अंदर डाल दिया गया था, इसके बाद भी किसी ने उफ तक नहीं किया। जुल्मों का बहादुरी से डटकर मुकाबला किया था।

मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि आपातकाल भारत के मजबूत लोकतंत्र में एक अविस्मरणीय काला अध्याय है। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया, जो लोकतांत्रिक स्वतंत्रता पर गंभीर अंकुश था। उन्होंने बताया कि 25 जून 1975 के बाद अगले 21 महीनों में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश के लोकतंत्र और संविधान को बंदी बनाकर रखा। मीडिया और विपक्षी नेताओं पर अनगिनत अत्याचार किए।

बताया कि 25 जून 1975 को देर रात इंदिरा गांधी ने ऑल इंडिया रेडियो पर एक प्रसारण में आपातकाल लागू करने की घोषणा की, इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर सशर्त रोक लगा दी थी जिसमें लोकसभा के लिए उनके चुनाव को अमान्य घोषित किया गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल और महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

इस दौरान परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व विधायक राजेश चुन्नू, भाजपा महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, नत्थूराम कश्यप, दिनेश शीर्षवाल, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, कमल प्रजापति, हरज्ञान सिंह, चंद्रपाल सैनी, सुरेंद्र विश्नोई, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, निमित जायसवाल, संतोष गुप्ता, राजीव गुप्ता, विशाल त्यागी, दीक्षांत चौधरी, हरिओम सैनी, चकित चौधरी, भूदेव आदि उपस्थित रहे।

### यह हुए सम्मानित

सम्मानित होने वाले लोकतंत्र सेनानियों व उनके परिजनों में कमलकांत राय, नीरज गुप्ता, मयंक शर्मा, संजय संख्यधार, शिवचरण लाल, भूकन शरण, शिवेंद्र पाठक, विमला यादव, नीरज गुप्ता कविता आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मंगलवार को राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर देश में हो रही मॉब लिंचिंग की घटनाओं को रोकने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि पिछले एक दशक से भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार में लगातार देशभर में मुसलमानों पर अन्याय-अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। जिसमें मुख्य रूप से कभी मॉब लिंचिंग, फर्जी गोकशी के नाम पर, लव जिहाद के नाम पर और यहां तक कि पुलिस कस्टडी और चलती ट्रेनों में भी हत्याएं हो रही है। ज्ञापन देने वालों में हसीब कुरैशी, मिर्जा अरशद बेग, साहिल शमसी, सचिन कुमार, ज़ाहिद परवेज, फिरोज खां, नितिन धीरज, ओमप्रकाश सागर व तनवीर अली शामिल रहे।

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ बालाजी सुन्दर कांड, माता का जागरण, रामायण पाठ, संध्या कीर्तन, श्रीमदभागवत कथा एवं श्रीराम कथा संगीतमय विधिपूर्वक कराने हेतु सम्पर्क करें।
भागवत आचार्यः- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001



नलकूप कालोनी प्रथम खंड में जर्जर हालत में कर्मियों के आवास।

## नलकूप कॉलोनी के जर्जर भवनों में रहने को मजबूर कर्मियों के परिवार

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** महानगर के सिविल लाइंस स्थित नलकूप कालोनी प्रथम खंड में रहने वाले तीन दर्जन से अधिक परिवार विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से परेशान हैं। कालोनी में रहने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कई वर्षों से जर्जर भवनों में रहने को मजबूर हैं। यहां बरसात के मौसम में छतों से पानी टपकता है जबकि दीवारें भी खस्ताहाल हो चुकी हैं। गंदगी का भी अंबार लगा हुआ है। भवन के गेट पर लगे दरवाजे भी अधिकतर जंग लगने से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कर्मचारियों का कहना है की पिछले कई सालों से स्थिति जस की तस बनी हुई है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करने पर भी कोई समाधान नहीं हो रहा। एक ही बरसात में छतों से पानी टपकना शुरू हो गया है।

**महंगाई** | महंगाई से बिगड़ा किचन का बजट, लोगों ने कम की खरीदारी

# सब्जियों के भाव बढ़े, आलू-टमाटर के दाम में तेजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



हरथला सब्जी मंडी में बिक रहीं सब्जियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गर्मी में सब्जियों के दाम बढ़ने से लोगों को अपनी जेब अधिक ढीली करनी पड़ रही है। बरसात में सब्जियों के दाम और बढ़ने का अनुमान जताया जा रहा है। हरी सब्जियों की बात तो दूर आलू और प्याज के साथ टमाटर भी अपना तेवर दिखाने लगा है। इससे किचन का बजट गड़बड़ हो रहा है।


सब्जियों के दाम में थोक और फुटकर में भी काफी अंतर है। फुटकर बाजार में कुछ दिन पहले तक 15-20 रुपये प्रति किलो बिकने वाला आलू इस समय 35 रुपये किलो बिक रहा है। इसका असर मध्यम और गरीब परिवारों पर अधिक पड़ रहा है। गृहणियों की मुश्किल इससे बढ़ गई है। सोमवार को हरथला सब्जी मंडी में आलू 35 रुपये प्रति किलो, टमाटर 40 रुपये प्रति किलो, अरबी 40- 50 रुपये किलो, तुरई 30 रुपये प्रति किलो, अदरक 250-300 रुपये किलो के भाव से बिका। वहीं नींबू के दाम भी चढ़कर 120-150 रुपये तक पहुंच गया। दस दिन के अंदर सभी सब्जियों की कीमत 10- 20 रुपये तक बढ़ गई है। फुटकर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि भीषण गर्मी बाजार में सब्जियों की आवक कम होने से दाम बढ़े हैं। हरथला सब्जी मंडी के सब्जी विक्रेता आसिफ ने बताया कि मौसम की मार सब्जियों पर भारी पड़ रही है। हमें भी थोक मंडी से सब्जियां महंगी मिल रही हैं।



❛ बाजार में सभी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। जो अरबी पहले 30 रुपये किलो तक मिलती थी अब 40- 50 रुपये में मिल रही है। टमाटर, तुरई, आलू के दाम भी बढ़े हैं। ऐसे ही दाम बढ़ते रहे तो लोगों की जेब पर असर पड़ेगा। इससे घर का बजट बिगड़ना तय है।

–मो. याकूब, हरथला

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली




## आज का मौसम

छिटपुट बारिश का अनुमान है।

| 32.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:18 | सूर्यास्त 07:17 |

### एक नजर

## पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के उत्थान पर जोर

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद ग्रेट की ओर से मंगलवार को आभार अभिव्यक्ति सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर सभा का आरंभ किया। क्लब अध्यक्ष इला सिंह ने संस्था की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी। आगामी अध्यक्ष रामचन्द्र सोती ने वर्ष 2024-25 को महिला सशक्तिकरण वर्ष मनाने की घोषणा की। मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी। पर्यावरण सुरक्षा और शिक्षा के उत्थान पर चर्चा की गई। मैत्रेयी राठौर ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने सभी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान सुरभि रस्तोगी, नीलम नौन्याल, भावना रस्तोगी, पूर्णिमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग से छह घायल

## अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः कटघर थाना क्षेत्र में खाना बनाते गैस सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। घटना में तीन बच्चे समेत छह लोग घायल हो गए। जबकि स्थानीय लोगों के अनुसार तीन अन्य लोग भी आग से झुलसे हैं। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के इंद्रा कालोनी स्थित डीएम पब्लिक स्कूल के निकट निवासी राजू बंसल डबल फाटक के नीचे खाने का ठेला लगाता है। इसके लिए घर पर ही खाने की तैयारी होती है। सोमवार देर रात रोजाना की तरह राजू की पत्नी खाना बना रही थी। उसी समय गैस लीकेज होने से सिलेंडर में आग लग गई। जिससे तीन बच्चे समेत छह लोग घायल हो गए। वहीं रसोई में रखा सामान भी जलकर राख हो गया है। घटना के वक्त घर में मौजूद लोगों ने चीखना शुरू कर दिया। तेज आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक, रसोई में जलकर राख हुए सामान का ब्योरा लिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।


घटना के बाद मौजूद स्थानीय लोग। • अमृत विचार

### आग लगने के समय इन बातों का रखें ध्यान

- अगर सिलेंडर लीक हो रहा है तो उसे तुरंत बंद कर दें और बाहर ले जाकर बदल दें।
- गैस के चूल्हे या पाइप में आग लगी है तो गैस का नॉब बंद कर दें। इससे आग एकदम से बुझ जाएगी।
- पाइप में आग लगी है और आगे बढ़ती जा रही है तो गैस के नॉब या सिलेंडर के रेगुलेटर को बंद करें।
- गैस लीक होने से सिलेंडर में आग लगने पर सूती चादर, कंबल या फिर किसी भी कपड़े को पानी में भिगोकर तुरंत सिलेंडर पर लपेट दें।
- सिलेंडर पर चादर लपेटने के दौरान रेगुलेटर को तुरंत बंद करें। इससे आग बुझ जाएगी।
- आग लगने पर संयम से काम लें।

## जीएसटी में आने वाली समस्याओं पर की चर्चा

मुरादाबाद, अमृत विचारः महानगर के रामगंगा विहार स्थित जीएसटी कार्यालय पर द टैक्स फेडरेशन के बैनर तले बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जीएसटी की धारा 73 पर चर्चा हुई साथ ही समस्याओं व समाधान पर विचार किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सीए अनंत अग्रवाल ने की जबकि संचालन हिमांशु मेहरा ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद प्रसाद ने जीएसटी की धारा 61 व धारा 73 के बारे जानकारी दी। वरिष्ठ अधिवक्ता शिशिर गुप्ता ने कहा कि धारा 36(4) के मध्यम से व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है। अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंघल ने कहा कि जीएसटी विभाग की तरफ से धारा 62 और धारा 73 के नोटिस उन बिंदुओं पर जारी किए गए हैं जो उन धाराओं में शामिल ही नही हैं। बैठक में दिनेश चंद्र, उपदेश चंद्र अग्रवाल, राजकमल रस्तोगी, सीएम अग्रवाल, सुरेश चंद्र गुप्ता, राजीव रस्तोगी, पवन प्रकाश, सुनील कुमार वर्मा, राजीव जौहरी, अनुराग सिंह, अजीत अग्रवाल, मनमोहन कत्याल, रमेश सक्सेना, शैलेश कौशिक, अमर शर्मा, नसीम नवाब, अतुल सक्सेना आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# एक साल से कम रहा डीएम मानवेंद्र सिंह का कार्यकाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः शासन ने मंगलवार को कई आईएएस व आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसमें मुरादाबाद के जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना भी शामिल हैं। मुरादाबाद में डीएम मानवेंद्र सिंह का कार्यकाल एक साल से भी कम रहा।


अनुज कुमार सिंह।

पिछले साल यहां जिलाधिकारी बने मानवेंद्र सिंह की छवि तेज तर्रार व काम पसंद अधिकारी के रूप में रही। उन्होंने जनता की समस्याओं के लिए लगातार बैठक और निरीक्षण कर अपने अधीनस्थों को शासकीय कार्यों में कतई लापरवाही न बरतने का संदेश अपने कार्य से दिया। उन्हें शासन ने विशेष सचिव आयुष बनाया है। वहीं उनकी जगह सीतापुर के जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह को मुरादाबाद का जिलाधिकारी बनाया है।

### जिले के नए एसएसपी होंगे प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल अंतिल

मुरादाबाद, अमृत विचार : सतपाल अंतिल को अब जिले के नए पुलिस कप्तान के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक वह प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) थे। बता दें, इनके कार्यकाल में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई है। हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले सतपाल अंतिल मुजफ्फरनगर और मेरठ के कुख्यात अपराधी हसीन मोटा से लेकर लोरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों का भी एनकाउंटर कर चुके हैं। 2015 बैच के सतपाल को अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है। उन्हें राष्ट्रपति द्वारा वीरता का पुलिस पदक से भी नवाजा गया है। मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीना को अब आजमगढ़ के पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है। हेमराज जिले के लगभग डेढ़ साल तक एसएसपी रहे हैं।


सतपाल अंतिल।

## नशे में धुत पड़ोसी ने महिला को दबोचा

मुरादाबाद, अमृत विचारः मझोला थाना क्षेत्र में नशे में धुत पड़ोसी ने महिला को दबोच लिया। फिर वह अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर महिला के पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने तहरीर में बताया है कि पड़ोस का रहने वाला राजकुमार आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करता है। 18 जून को वह अपने बच्चों के साथ सो रही थी। उसके पति छत पर सो रहा था। आरोप है कि इसी दौरान राजकुमार ने घर में घुसकर उसे दबोच लिया। फिर अश्लील हरकतें करना लगा। विरोध करने मौके से भाग गया।

कुछ देर राजकुमार साथ विशाल, धर्मपाल, जितेंद्र और शंकर को लेकर पहुंच गया। पीड़िता के पति के साथ मारपीट करने लगा। आसपास के लोगों को आते देख पांचों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, मामले में जांच की जा रही है। जल्द से जल्द फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# आठ हजार से अधिक वाहनों पर 22 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

### लापरवाही

- कागजी कार्रवाई कर पल्ला झाड़ रहे परिवहन विभाग के अधिकारी
- निजी वाहन स्वामी समय से जमा नहीं कर रहे टैक्स

अमृत विचार : संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से विभाग के 22 करोड़ रुपये का बकाया धनराशि पिछले वर्ष से अब तक जमा नहीं हो सकी। हालांकि वाहनों पर टैक्स की बकाया राशि होने के बाद भी हजारों वाहन धड़ल्ले कारोबार कर रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर कागजी कार्रवाई कर खानापूर्ति की जा रही है। जबकि इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड रोडवेज के नियमित वाहन भी शामिल हैं। वहीं यात्री वाहन व मालवाहक निजी वाहनों के स्वामियों से विभाग के अधिकारी टैक्स की धनराशि जमा नहीं करा पा रहे हैं और न ही को कोई दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। जनवरी में 5 करोड़ 31 लाख रुपये टैक्स बकाया वाले वाहनों की विभाग ने आरसी भी जारी की है।

संभागीय परिवहन विभाग का 4247 यात्री व माल वाहक छोटे बड़े निजी वाहनों पर एक वर्ष से 8 करोड़ के टैक्स की धनराशि जमा करने में विभाग के अधिकारी विफल साबित हो रहे हैं। वहीं उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के रोडवेज निगम में संचालित नियमित 4297 वाहनों पर भी करोड़ों का टैक्स बकाया चल रहा है।

जिसमें 9 करोड़ के टैक्स की धनराशि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम व 5 करोड़ का टैक्स उत्तराखंड रोडवेज निगम को पिछले वर्ष जमा करना था। जो कि विभागीय अधिकारी के लापरवाही से अब तक जमा नहीं हो सका। वहीं निजी वाहन स्वामी भी बिना टैक्स जमा कराए ही वाहनों से कारोबार कर रहे हैं।

> टैक्स की बकाया धनराशि करोड़ों में है। ऐसे में मांग पत्र व वसूली पत्र भी जारी किए गए हैं। कुछ वाहन जिनका लंबे समय से टैक्स जमा नहीं हो रहा है उन्हें सीज करने की कार्रवाई भी की जा रही है।
>
> -आन्जनेय कुमार, आरटीओ प्रशासन

अधिकारियों के अनुसार वसूली व मांग पत्र भी टैक्स वाले वाहनों को दिए जा चुके हैं। लेकिन, विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ऐसे वाहनों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न कर कागजी कार्रवाई से अपनी जिम्मेदारी छुड़ाने में लगे हैं। विभाग का लंबे समय से टैक्स जमा न करने वाले 2138 वाहनों पर 5 करोड़ 31 लाख की धनराशि वसूलने के लिए पिछले वर्ष जिलाधिकारी को सूची दी गई। जिसके बाद वहां से तहसील से सभी वाहनों की आरसी जारी की गई। लेकिन, एक वर्ष के बाद अब तक कोई वसूली नहीं हो पाई।

## खेत पर काम करने गईं दो बहनें प्रेमियों संग फरार

मुरादाबाद, अमृत विचारः मझोला थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते दो सगी बहनें अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक अज्ञात समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र में निवासी पिता ने तहरीर में बताया है कि, उसकी तीन बेटियां हैं। जिनमें से दो किशोरियों का प्रेम प्रसंग रामपुर निवासी आकाश व पीलीभीत निवासी आरिफ से चल रहा था। शनिवार को तीनों किशोरियां खेत पर काम करने के लिए गई थीं। जहां पर उन्होंने अपने प्रेमियों को बुला लिया। आरोप है कि दोनों बहनें प्रेमियों के साथ कार में बैठकर फरार हो गईं। सबसे छोटी बहन ने दोनों को जाने से रोका तो धक्का देकर उसे मौके से भगा दिया। एक दिन तक घर वाले इधर-उधर खोजबीन करते रहे, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार को पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ट्रेनों में जनरल कोच कम होने से बढ़ीं दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ट्रेनों में लटक कर सफर कर रहे यात्री, एसी और स्लीपर कोच में चढ़ने पर देना पड़ रहा भारी जुर्माना

अमृत विचारः ट्रेनों में जनरल कोच कम होने के कारण यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों में जनरल और स्लीपर कोचों की कमी ने यात्रियों की समस्याएं बढ़ा दी हैं। जबकि ट्रेनों में पहले जनरल कोच अधिक थे, लेकिन अब कम कर दिए गए हैं।

रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए ट्रेनों मे एसी कोच बड़ी संख्या बढ़ाए हैं। लेकिन, इससे ट्रेन में जनरल व स्लीपर कोचों की संख्या साठ से 80 फीसदी तक कम हो गई है। पहले जहां जनरल- स्लीपर सर्वाधिक थे उनकी जगह एसी कोचों ने ले ली है। शहीद, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस समेत कई गाड़ियों में कोच कंपोजिशन ही बदल गया। इससे यात्रियों में रेलवे में सस्ता व सुलभ सवारी की धारणा बदल गई है। मुरादाबाद मंडल में बरेली-भुज आला हजरत में स्लीपर कोच 10 हैं। लेकिन, जनरल के मात्र दो कोच आगे व सबसे पीछे है। यह ट्रेन मुरादाबाद से सुबह चलती है। दैनिक यात्री व अन्य कामकाजी लोगों को मजबूरी में जनरल व स्लीपर कोच में लटककर जाना पड़ता है। हापुड़, गाजियाबाद तक स्लीपर कोच का टॉयलेट भी पैक रहता है। इसके अलावा देहरादून से चलने वाली राप्ती गंगा एक्सप्रेस में पहले छह स्लीपर थे, अब तीन है। जबकि एसी पांच की जगह 10 हो गए। योगनगरी से चलने वाली लिंक एक्सप्रेस में केवल दो ही जनरल कोच हैं। पांच स्लीपर व छह एसी कोच हैं। जबकि मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली शहीद एक्सप्रेस (14649- 50) में पहले स्लीपर व जनरल के 10-10 कोच व दो एसी कोच थे। अब इसमें 15 एसी व दो-दो स्लीपर व जनरल कोच हैं। वहीं अवध असम एक्सप्रेस (15909-10) में कभी तीन जनरल, दस स्लीपर व चार एसी कोच होते थे। इसमें अब एसी के 13, चार स्लीपर व दो जनरल कोच हैं। लखनऊ-चंडीगढ़-इंटरसिटी (15011-12) ट्रेन की कोच रचना भी बदल गई है। इसमें सात जनरल थे। जिससे यात्री आसानी से सफर कर लेते थे। यात्री अब दो जनरल कोचों के सहारे सफर करने को मजबूर है।


ट्रेन के पायदान पर बैठकर यात्रा करते लोग। • अमृत विचार

### जल्द बढ़ेंगे ट्रेनों में जनरल कोच

मुरादाबाद, अमृत विचार : ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने को लेकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से डीआरएम व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें यात्रियों की भीड़ को देखते हुए जनरल कोच बढ़ाने पर सहमति दी है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में डीआरएम व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शिकायतों की समीक्षा की। ट्रेनों में खचाखच भीड़ की समस्या लगातार रहने के कारण जनरल कोच बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाए जाने का प्रस्ताव पास हो गया है। जल्द ही तमाम ट्रेनों में यात्रियों को अधिक संख्या में जनरल कोच मिलेंगे।

> ट्रेन में जनरल कोच बढ़ाए जाने का प्रस्ताव रेल मुख्यालय को भेजा जाएगा। हालकिं समर वैकेशन में भीड़ का दबाव कम करने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। जिसमें कई अनारक्षित ट्रेनों को चलाया गया है।
>
> – आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम

### सांस्कृतिक प्रदर्शनी

## जिगर मंच पर पंजाबी नाइट में बेकाबू हुई भीड़ को नियंत्रित करने को पुलिस ने भांजी लाठियां, कई घायल

# मिलिंद गाबा के गानों का महानगर के युवाओं पर चढ़ा जादू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः जिगर मंच पर मंगलवार को पंजाबी नाइट का आयोजन किया गया। जिसमें मशहूर सिंगर मिलिंद गाबा ने अपने गानों से महानगर के युवाओं को दिवाना बना दिया। जिगर मंच पर पंजाबी नाइट का आरंभ चड्ढा ग्रुप के निदेशक हरवीर सिंह चड्ढा, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, प्रदर्शनी सचिव ऋतुषा तिवारी व प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई। जिस पर पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। जिसमें कई लोग चोटिल हो गए। जिन्हे अस्पताल में ले जाया गया।


जिगर मंच पर प्रस्तुति देते मिलिंद गाबा।


पंजाबी नाइट में मौजूद दर्शक। • अमृत विचार

मंगलवार को जिला कृषि,विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में पंजाबी नाइट में मिलिंद गाबा ने अपने गानों से जिगर मंच पर युवाओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। गानों की शुरुआत करते हुए करेंगे दारू पार्टी करेंगे गाने पर मिलिंद गाबा मंच पर खूब नाचे। साथ ही उन्होंने तेरी यारी ...तेरी यारी मेरी जान से भी ज्यादा मुझे प्यारी, पेरिस की ट्रिप... सोने की दो बाली ..क्या लेगी बोल दे, रोज रात नू चलती है यार दी शराब जी ..टेंशन वेंशन न लेंदे, आदि गाने गाए। वहीं प्रदर्शनी में मौजूद लोगों ने गाबा के गानों का देर रात तक आनंद लिया।

# बिना टिकट यात्रा करते 270 पकड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे की टीम ने मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में ट्रेनों में चलाया चेकिंग अभियान

अमृत विचारः रेलवे की टीम ने मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में कई ट्रेनों में यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे डेढ़ लाख रुपये से ज्यादा का रेल राजस्व वसूला गया। इस दौरान ट्रेन की पेंट्रीकार में खाने की शुद्धता भी देखी गई।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक सिद्धार्थ वर्मा के नेतृत्व में चले चेकिंग अभियान में टीम ने ट्रेन संख्या-19270 गुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या-14321 बरेली-भुज एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या-12558 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस व ट्रेन संख्या-15279 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल पुरबिया एक्सप्रेस में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान 270 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। टीम ने बिना टिकट पकड़े गए यात्रियों से 83010 का किराया और 67500 का जुर्माना लगाया गया। जिसके तहत कुल 150510 रुपये का रेल राजस्व वसूला गया। इस दौरान मंडल वाणिज्य प्रबंधक सिद्धार्थ वर्मा ने ट्रेन संख्या- 12558 आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर सप्तक्रांति एक्सप्रेस में पेंट्रीकार का भी गहनता से निरीक्षण किया और खाने की शुद्धता को देखा। उन्होंने पेंट्रीकार में तैनात स्टाफ को निर्देश दिया कि यात्रियों को स्वच्छ खानपान निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए और रेलवे के नियम अनुसार ही खान-पान सामग्री बिक्री की जाए।


पेंट्रीकार में जांच करते अधिकारी।

अभियान में वाणिज्य निरीक्षक द्वितीय जितेंद्र कुमार, सीआईटी विजयंत शर्मा, सीआईटी गोविंद राम, जितेंद्र पाल सिंह, राजेश कुमार, अंकुरमणि, अतुल व संजीव कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### फावड़े से हमला कर महिला को किया घायल

**अगवानपुर, अमृत विचार :** पड़ोसी से फावड़ा वापस मांगना महिला को भारी पड़ गया। आरोपी ने महिला पर फावड़े से हमला कर उसे जख्मी कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत के मोहल्ला ढाप निवासी चंद्रवती पत्नी लेखराम का कहना है कि उसके घर से मोहल्ले का ही कौसर पुत्र महबूब एक महीने पहले फावड़ा लेकर गया था। मंगलवार को जब महिला का बेटा फावड़ा लेने गया तो कौसर ने अपने बेटों के साथ मिलकर महिला और उसके बेटे दिनेश पर हमला कर दिया। हमले में महिला जख्मी हो गई।

### युवक पर जानलेवा हमला

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडिया निवासी दानिश पुत्र फकीरा के अनुसार वह मंगलवार की दोपहर को समय घर से कुंदरकी जा रहा था। तभी एचएम स्कूल के पास उसी के गांव के एक व्यक्ति और एक अज्ञात ने उसकी बाइक को रोक लिया। साथ गाली गलौज करने के साथ चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



नगर संसाधन केंद्र पर प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करते नगर शिक्षा अधिकारी मनोज बोस।

## ग्रीष्मावकाश के बाद खुले परिषदीय स्कूल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों का ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने पर मंगलवार को सभी स्कूल पुनः निर्धारित समय पर खुले।

पहले दिन नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने नगर संसाधन केंद्र पर प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि 28 जून से स्कूलों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। दिसंबर तक प्रत्येक दशा में नगर क्षेत्र को निपुण ब्लाक बनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। स्कूल चलो अभियान को सफल बनाकर नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में टैबलेट के माध्यम से पंजिकाओं के डिजिटल उपयोग, स्कूल चलो व नामांकन अभियान में कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई करना, नव भारत साक्षरता अभियान में निरक्षर व्यक्तियों का चिह्नीकरण कर पोर्टल पर दर्ज करना, नवीन प्रवेश के लिए डोर टू डोर सर्वे करने की जानकारी दी गई। बैठक में रत्नेश बाला, उषा देवी, राहुल शर्मा, सुगंध गुप्ता, सीमा सिंह, प्रशांत कुमारी, कुमकुम चौधरी, अर्चना रानी, आयशा नूर, सुचित्रा भारती, मनीला शर्मा, गीता केडा सहित नगर क्षेत्र के सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

### नगर निगम की ओर से स्वच्छता सम्मान समारोह दिवस पर महानगर में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# लोहिया पार्क में 201 पौधे रोप कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से स्वच्छता सम्मान समारोह दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित लोहिया पार्क (वेस्ट टू वंडर पार्क) में पौधरोपण किया गया। इसमें अनुपयोगी वस्तुओं को पार्क के लिए उपयोगी बनाकर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान वाहनों के निष्प्रयोज्य टायरों, बोतलों, गमलों की क्यारी बनाकर पौधे रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। लोगों से पार्क को सुंदर व सुरक्षित रखने में सहयोग की सभी ने अपील की। इस दौरान नगर निगम के कर्मचारियों के अलावा ब्रांड एम्बेसडर गुरविन्दर सिंह, प्रदीप कुमार सक्सेना एडवोकेट, रमेश आर्य, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति व ट्यूलिप इंटर्नशिप की टीम के सदस्य आदि उपस्थित रहे।



सिविल लाइंस स्थित लोहिया पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते नगर निगम के कर्मचारी व संगठनों के पदाधिकारी।

वहीं नगर निगम कार्यालय में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे की अध्यक्षता में पीलीकोठी स्थित डेडीकेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान चलाने की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सुपरवाइजरों को बताया कि संचारी रोग व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व त्वरित व सही उपचार दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 1-31 जुलाई तक चलने वाले अभियान में सभी अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाएं। इस दौरान सफाई व खाद्य निरीक्षक, यूनिसेफ की टीम के सदस्य आदि मौजूद रहे।

- संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के लिए यूनीसेफ के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

### पाइप लाइन की लीकेज ठीक कराई

निगम के जलकल अनुभाग में मिली जन शिकायतों के आधार पर टीम ने वार्ड 1, 2, 4, 7, 8, 13, 16, 27, 62 और 67 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराकर पेयल आपूर्ति सुचारु कराई। वहीं वार्ड 32, 39, 55 में सीवर की सफाई कराई।

### नई लाइटें लगाकर पथ प्रकाश व्यवस्था की दुरुस्त

निगम के पथ प्रकाश अनुभाग में आई शिकायतों के आधार पर टीम ने वार्ड 13, 18, 19, 28, 34, 54, 55 और 58 में खाली खंभों पर नई एलईडी लाइटें लगाई गईं। जबकि 67 खराब लाइटों को ठीक कराया गया।

### बकाया भुगतान न करने वाली मिलों को चेतावनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अपर गन्ना आयुक्त लखनऊ डॉ. वी बी.सिंह ने गन्ना भवन में विभागीय अधिकारियों एवं चीनी मिल प्रतिनिधियों के साथ गन्ने की फसल में फैल रहे लाल सड़न रोग पर चर्चा की। उन्होंने चीनी मिलों के पदाधिकारियों को गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग से बचाव के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा। चीनी मिलों को भी किसान गन्ने की बकाया रकम का जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को चीनी मिलों के अधिकारियों व गन्ना विभाग के अधिकारियों के साथ अपर गन्ना आयुक्त डॉ. वी बी.सिंह ने गांवों में जाकर किसानों के गन्ने के खेतों का निरीक्षण किया। साथ ही गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा करते हुए उन्होंने चीनी मिल बेलवाडा, बिलारी करीमगंज एवं मंझावली पर किसानों के बकाया एक माह के भीतर गन्ना मूल्य भुगतान कराने के निर्देश दिए। बैठक में उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन, दीपक भारद्वाज, शीराज मलिक, हशमुल हसन, संजीव कुमार, मुकेश सक्सेना, राघवेंद्र पाठक, टी. एस यादव, एस.के बालियान, राजपाल सिंह व अन्य चीनी मिलों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ऋण आवेदनों का तत्काल करें निस्तारण

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2023-24 के अन्तर्गत 263 कृषकों को 22.46 लाख की क्षतिपूर्ति धनराशि वितरण की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी व बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह किसानों के ऋण संबंधी फाइलों का त्वरित निस्तारण कराएं।

बैठक में लीड बैंक प्रबंधक पंकज शरण ने बताया कि 31 मार्च तक जिले में सभी बैंकों की कुल जमाराशि 28167.03 करोड़ व ऋण राशि 18746.04 करोड़ रही। ऋण जमा अनुपात 66.55 प्रतिशत रहा। जिस पर जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को सीडी रेसियो सही करने के निर्देश दिए। बैंकों के कुल ऋण 18746.04 करोड़ में से रुपये 11141.06 करोड़ प्राथमिकता क्षेत्र को उपलब्ध कराया गया, जो कुल ऋण का 59.43 प्रतिशत है। जिले में बैंकों द्वारा 76.14 करोड़ का शिक्षा ऋण व 671.61 करोड़ के गृह ऋण देने की जानकारी दी गई। किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में 2023-24 में 31 मार्च तक कृषि क्षेत्र में 3654.63 करोड़ की धनराशि वितरित करने की जानकारी दी गई। जिसमें 1848.90 करोड़ फसली ऋण के अन्तर्गत दिया गया। जिलाधिकारी ने एलडीएम व जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि ऋण संबंधी जो भी औपचारिकता होनी है उसका व्यापक प्रचार कर ऋण आवेदनों को निपटाएं।



कलेक्ट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। • अमृत विचार

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना, पशुपालन व मत्स्य पालन योजना आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। एलडीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2023-24 के अन्तर्गत 8311 ऋणी कृषकों को योजना का लाभ दिलाया गया है। 263 किसानों को 22.46 लाख की क्षतिपूर्ति धनराशि दी गई है। अटल पेंशन योजना में 169785 लाभार्थियों का पंजीकरण हो चुका है। बैठक में बताया गया कि जिले में 345 बैंक शाखाएं, 269 एटीएम तथा 1395 बैंक मित्र कार्यरत हैं। जिसमें सबसे अधिक 138 शाखाएं प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की है। जिसमें 103 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। बैंक अधिकारियों को केसीसी पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, नाबार्ड के प्रतिनिधि व बैंकों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

> बरसात के बाद अचानक बढ़ी गर्मी के साथ मंगलवार को सुबह से बिजली खपत भी बढ़ गई। जिससे एक साथ उपकरणों पर लोड पड़ने से कुछ स्थानों पर फाल्ट हो गए। देर रात हुए फाल्ट को सुबह सही करा दिया गया। जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है।
> –मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता (नगरीय)

### संस्था की लापरवाही उपभोक्ताओं पर भारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी के कार्य कर रही बिजली विभाग की कार्यदायी संस्था के सामने विभाग के अधिकारियों के आदेश बेमानी हैं। अपनी मनमर्जी से कार्य कर रही कार्यदायी संस्था विभाग के आलाधिकारियों के शटडाउन प्लान को झूठा साबित कर चुकी है। लेकिन विभाग के अधिकारी संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने बच रहे हैं।

सोमवार को एसडीओ वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र कुमार ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी के चौड़ीकरण को लेकर हरथला मार्ग की 33 केवी की लाइन पर कार्य करने का शटडाउन प्लान जारी किया था। जिसमें कुछ मोहल्लों में छह तो कुछ मोहल्लों में तीन घंटे बिजली कटौती की घोषणा की थी। लेकिन कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों ने कार्य नहीं किया। जिससे जनता में भ्रामक सूचना का गलत संदेश गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी कई बार संस्था के मैनेजर सत्येंद्र ने मौके पर लेबर न होने की बात कह कर हाथ खड़े कर दिए हैं। जिससे स्मार्ट सिटी का कार्य एक साल पिछड़ गया है। इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।



रेलवे, आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों के साथ जीएसटी विभाग के अधिकारी।

# राज्य कर विभाग ने कर चोरों को पकड़ने की योजना बनाई

- रेलवे, जीआरपी और आरपीएफ अधिकारी भी बैठक में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कर चोरी रोकने के लिए जीएसटी विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। अब अन्य स्थानों से रेलवे के माध्यम से बिन जीएसटी के लाए जा रहे समान को लाना आसान नहीं होगा। क्योंकि कर चोरी करने वालों पर शिकंजा कसने को राज्य कर विभाग ने बड़ा कदम उठाया है।

कर चोरों की घेराबंदी के लिए राज्य कर विशेष अनुसंधान शाखा के संयुक्त आयुक्त मोहित गुप्ता ने डिविजन रेलवे मैनेजर, मुरादाबाद सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर समेत आरपीएफ के सीनियर सुरक्षा कमिश्नर के साथ बैठक की। संयुक्त रूप से सभी एजेंसियों ने कर चोरी की रोकथाम व उन तक पहुंचने के लिए रणनीति तैयार की है। अब रेलवे से 50 हजार से अधिक कीमत के समान लाने व ले जाने वालों की आधार व अन्य अभिलेखों की बारीकी से जांच की जाएगी। इतना ही नहीं अवमूल्यन कर माल का परिवहन करने वालों की रेंडम चेकिंग करने के साथ ही संबंधित विभाग को सूचना दिए जाने के साथ ही जल्द ही स्कैनर के माध्यम से सामान की जांच किए जाने की योजना बनाई जा रही है। इस दौरान सहायक आयुक्त सौरभ प्रकाश उमराव, भूमिका शर्मा उपस्थित रहीं।

# जलभराव से खुली नाला सफाई की पोल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मानसून के सक्रिय होने से पहले नालों की तलीझाड़ सफाई की नगर निगम प्रशासन की पोल प्री मानसून की छिटपुट बारिश में ही खुल रही है। सोमवार को हुई थोड़े देर की बारिश में टॉउनहाल के पास की दुकानों के अंदर और बाहर पानी भरने से दुकानदारों और ग्राहकों को असुविधा हुई। सफाई व्यवस्था की पोल बरसात से पहले की खुल गई।

मंगलवार को भी हल्की बारिश हुई। जिसमें महानगर के भोलानाथ कॉलोनी सहित अन्य जगहों पर पहले से नाली सफाई न होने से सड़क पर बह रहा पानी और बढ़ गया। कॉलोनी की गलियों के अलावा मुख्य सड़क पर नाली के गंदे पानी के बीच लोग आवाजाही करते दिखे। लोगों ने व्यवस्था को कोसा। कहा कि अभी बरसात से पहले छिटपुट बारिश में यह हाल है तो मानूसन की सक्रियता के बाद मूसलाधार बारिश में यह क्षेत्र तो तालाब बन जाएगा। इसमें गिरकर वाहन चालकों के चोटिल होने का खतरा भी है। वहीं रामगंगा विहार कॉलोनी में सीवरेज पाइप लाइन डालने के कार्य में चलते खोदाई कर छोड़े गए गड्ढे बरसात में मुसीबत बनेंगे। गड्ढों में पानी भरने से सड़क धंस जाएगी। ऐसे में पिछले साल की तरह वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होगी। नगर निगम की ओर से नाला सफाई में सुस्ती नागरिकों के लिए बरसात में जलभराव के रूप में मुसीबत बनेगी।



भोलनाथ कॉलोनी के पास गंदे पानी से गुजरते लोग। • अमृत विचार

### चेन्नई को हराकर मुंबई इंडियन बना चैंपियन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंगलवार को रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी और स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित जूनियर समर लीग का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें फाइनल मैच चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स 50 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने आठ विकेट खोकर जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच रेयान व गेम चेंजर ऑफ द मैच शब्बू पाशा को चुना गया। अंपायर की भूमिका में सतेंद्र कुमार और मोहम्मद सायम रहे। इस मौके पर सिद्धार्थ मलिक, टूर्नामेंट आयोजक बदरूदद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद हसीन, जमाल अहमद, मोहम्मद हसीब, ओमदत्त शर्मा, शिवकुमार रावत, तरुण चिमा, कमल सिंह मौजूद रहे।


# रात भर होते रहे फाल्ट, नहीं उठे कर्मचारियों के फोन

- बुध बाजार, कोठीवाल नगर, मालवीय नगर व भूड़े का चौराहा के उपभोक्ता रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एक दिन की बरसात के बाद बढ़ी गर्मी से मंगलवार को सुबह से ही उपकरणों में फाल्ट होने लगे। हालांकि सोमवार की रात एक बजे से ही बुध बाजार, कोठीवाल नगर, मालवीय नगर, भूड़े का चौराहा मोहल्ले के हजारों उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुबह आठ बजे तक गुल रही। मोहल्ला प्रिंस रोड के ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ फाल्ट हो गया। जिससे वहां रहने वाले 450 उपभोक्ताओं को सुबह दस बजे तक बिजली कटौती के संकट से जूझना पड़ा।

मंगलवार की सुबह से गर्मी अचानक बढ़ने के साथ फाल्ट होने शुरू हो गए। 10 बजे दीवान के बाजार विद्युत केंद्र से जुड़े मोहल्ले नवाबपुरा के ट्रांसफार्मर की लीड फुंकने से विद्युत आपूर्ति गुल हो गई। मोहल्ले के पूर्व पार्षद प्रेम प्रजापति ने बताया कि कई बार लाइनमैन को फोन किया तब जाकर एक बजे बिजली कर्मचारी पहुंचे। जिससे तीन घंटे के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सकी। वहीं 12 बजे लाल बाग और कानूनगोयान मोहल्ले के ज्वाइंट पोल पर लगे इंसुलेटर फुंक गए। भीषण गर्मी में चार बजे लाल बाग और कानूनगोयान मोहल्ले के 700 उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा। वहीं सोमवार की विद्युत केंद्र टाउन हॉल से जुड़े दो ट्रांसफार्मर में रात एक बजे धमाके के साथ फाल्ट होने के बाद बुध बाजार, कोठीवाल नगर, मालवीय नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह चार बजे से दस बजे तक स्थानीय लोगों का टाउन हॉल विद्युत केंद्र पर तैनात विद्युत कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया। बिजली कर्मचारियों ने दस बजे इंसुलेटर बदले तब जाकर बिजली सप्लाई चालू हो सकी।



अटल पथ पर विद्युत पोल पर तार को ठीक करते कर्मचारी। • अमृत विचार

> बरसात के बाद अचानक बढ़ी गर्मी के साथ मंगलवार को सुबह से बिजली खपत भी बढ़ गई। जिससे एक साथ उपकरणों पर लोड पड़ने से कुछ स्थानों पर फाल्ट हो गए। देर रात हुए फाल्ट को सुबह सही करा दिया गया। जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है।
> –मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता नगरीय

**सख्ती** ऑटो चालकों को मनमाने ढंग से सवारियां बैठाने पर यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

# छह माह में ई-रिक्शा, ऑटो के 13 लाख के चालान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शहर में बिना रजिस्ट्रेशन के मनमाने ढंग से दौड़ रहे ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ यातायात पुलिस नकेल कसने की तैयारी में है। बेतरतीब ढंग से इधर-उधर से सवारियां बैठने को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने छह माह में 13 लाख रुपये से अधिक के चालान किए हैं। वहीं ई-रिक्शा के संचालन को लेकर यातायात पुलिस ने आठ जोन बनाए हैं। जिसको जल्द ही लागू किया जाएगा।

चालकों को यातायात नियमों की जानकारी न होने के कारण ई-रिक्शा व ऑटो से स्मार्ट सिटी में ट्रैफिक की समस्या बनी हुई है, वहीं कई बार हादसों का भी कारण बन जाते हैं। अधिकतर ई-रिक्शा व ऑटो बिना रजिस्ट्रेशन के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिनमें से कुछ तो नाबालिग हैं, जो ई-रिक्शा व ऑटो पर सवार होकर अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए निकल जाते हैं। जो कि यातायात नियमों के बारे में अनभिज्ञ है। पुलिस के बनाए गए ट्रैफिक प्लान का पालन होता नजर नहीं आ रहा। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया है कि जनवरी से अब तक लगभग 13 लाख रुपये से अधिक के चालान काटे हैं। जिसमें 2780 ऑटो और 7 हजार से अधिक ई-रिक्शा शामिल हैं।



ई-रिक्शा को सीज कर ले जाती यातायात पुलिस। • अमृत विचार

### ई-रिक्शा व ऑटो बेतरतीब ढंग से खड़ा करके सवारियां भरते हैं चालक

ई-रिक्शा व ऑटो को चालक सड़क पर कहीं भी खड़ा करके सवारियां भरने लगते हैं। जिससे भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। कई ई-रिक्शा व ऑटो के पंजीकरण नहीं हैं लेकिन, धड़ल्ले से महानगर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। यातायात नियमों का पालन न करने से आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। शहर में ई-रिक्शा व ऑटो की संख्या में बढ़ोतरी होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। रोजाना बाजार में जाम लगना आम बात हो गई है।

> ई-रिक्शा व ऑटो की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने और बेहतर संचालन के लिए तैयारी की जा रही है। वहीं जनवरी से अब तक 13 लाख रुपये से अधिक के चालान काटे गए हैं। महानगर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को पहले से ही निर्देश जारी हैं।
> –सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी यातायात

### बीफ बर्गर बेचने पर कैफे का मालिक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुगलपुरा थाना क्षेत्र स्थित अफगान कैफे में बीफ बर्गर बेचे जाने को लेकर पुलिस ने उसके मालिक को गिरफ्तार किया है। फिलहाल कैफे को बंद कर दिया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने मंगलवार को कैफे संचालक को कोर्ट में पेश किया।

थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद-प्रिंस रोड पर कुछ दिन पहले अफगान कैफे खुला था। संचालक ने मेन्यू कार्ड में बीफ बर्गर का भी जिक्र किया है, जिसकी कीमत 110 रुपये है। इस बीच बजरंग दल के महानगर संयोजक अभिनव भटनागर को भनक लग गई। उन्होंने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अफगान कैफे संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच पड़ताल कर कैफे को बंद कराकर आरोपी मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

# भक्तों की रक्षा को अवतार लेते हैं प्रभु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कंजरी सराय के श्री विहारों का मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा और उनके उद्धार के लिए विभिन्न रूपों में अवतार लेते हैं। जब जीव में भोग तथा संग्रह की प्रधानता हो जाती है, तब कोई भी अनर्थ बाकी नहीं रहता।

कथा व्यास ने कहा कि जो व्यक्ति मन में घर बनाकर रहने वाले काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार तथा ईर्ष्या नामक छह शत्रुओं को जीत लेता है। वह जितेंद्रिय हो जाता है। ऐसा व्यक्ति दोषपूर्ण कार्यों, पाप-कर्मों में लिप्त नहीं होता। वह अनर्थों से बचा रहता है।

उन्होंने कहा कि पुरुष उन्हीं नेत्रों से माता को देखता है और उन्हीं से अपनी स्त्री को देखता है। उसी हाथ से माता का अंग स्पर्श करता है और उसी से स्त्री का अंग स्पर्श करता है, परन्तु पहले में कोई शरीर-विकार नहीं होता और दूसरे में कामवासना जाग्रत होती है। इसका कारण यह है कि माता के दर्शन या स्पर्श के समय मन में काम नहीं रहता और स्त्री के दर्शन-स्पर्श में रहता है। जो मन में है वही बाहर आता है, क्रिया वही होती है जिसका संकल्प मन में होता है। परमात्मा की प्राप्ति त्याग करने से होती है, अपने समाप्त करने से नहीं होती।

कथा में राजीव पाल, राकेश रानी अग्रवाल, मोहित वर्मा, शोभा बंसल, प्रीति बंसल, रानी वर्मा, कुमकुम वर्मा, सोनाली वर्मा, सुनीता गुप्ता, मनी ठाकुर, लता यादव, आशा अग्रवाल, लाखन सिंह, विपिन अग्रवाल, राजकुमार, टेकचंद सहगल, राम किशन, सौरभ अग्रवाल, निखिल प्रभु, देवांश अग्रवाल आदि ने सहयोग किया।



श्रीमद्भागवत कथा में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। • अमृत विचार

एक नजर

### चामुंडा मन्दिर का 5वां स्थापना दिवस मनाया

**डिडौली, अमृत विचार :** जोया के मोहल्ला प्रेमनगर स्थित चामुंडा मन्दिर के 5वें स्थापना दिवस पर हवन कर हलुवा का प्रसाद वितरित किया गया। उसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन कर माता रानी की भेंट गाईं। इस मौके पर राधेश्याम शर्मा, ललित चौधरी, वीरेंद्र सिंह, आशाराम शर्मा, पंचम सिंह, अमरजीत सिंह आदि रहे।

### वांछित झोलाछाप गिरफ्तार, जेल भेजा

**सैदनगली,अमृत विचार :** थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित झोलाछाप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया। मंगलवार को सैदनगली थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित अभियुक्त झोलाछाप इमरान पुत्र नसीम निवासी गांव दमगड़ी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

### मुरादाबाद पुलिस ने गजरौला में दी दबिश

**गजरौला, अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के मामले में मुरादाबाद पुलिस ने गजरौला में कई स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में भी लिया है। बता दें कि बीते दिनों मुरादाबाद में गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपियों की तलाश में मुरादाबाद पुलिस मंगलवार को शहर पहुंची। शहर में मंडी धनौरा मार्ग के अलावा आरोपी की तलाश में बस्ती मार्ग पर भी दबिश दी। लेकिन आरोपी घर पर नहीं मिला। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी के भाई को हिरासत में ले लिया है। वहीं, उत्तराखंड की पुलिस ने भी सोने की चेन के लूट के मामले में गजरौला के कई स्थानों पर दबिश दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मुरादाबाद की पुलिस व उत्तराखंड की पुलिस ने शहर में कई स्थानों पर दबिश दी है।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी पढ़ें

# टॉप 10 अपराधियों पर हो कार्रवाई : डीआईजी

## महिला संबंधी मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई के दिए निर्देश, लावारिस वाहनों के निस्तारण को कहा

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डीआइजी मुनिराज जी ने थाना नौगांवा सादात का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय के अभिलेखों, मैस, बैरिक, हवालात, शस्त्रागार, महिला/ साइबर हेल्प डेस्क, बीट बुक आदि की जानकारी की। साथ ही अभिलेखों के रखरखाव को लेकर निर्देश दिए।

वर्षिक निरीक्षण के दौरान डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी थाना नौगांवा सादात पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के साथ थाना कार्यालय, हवालात, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाने की राजकीय सम्पत्ति व अभिलेख आदि को चेक किया। अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए दस्तावेजों के रख-रखाव को दुरस्त रखने के निर्देश दिए तथा मालखाने में रखे शस्त्रों, दंगा नियंत्रण उपकरणों की साफ सफाई व रख रखाव का जायजा लिया व थाना परिसर में माल मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि वांछित व इनामी अपराधियों एवं गैर जमानती वारण्टियों को गिरफ्तार कार्रवाई की जाए। डीआईजी ने कहा कि महिला सम्बन्धित शिकायतों/ अपराधों को प्राथमिकता पर लेते हुये निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। इस दौरान एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ नौगांवा व थाना प्रभारी रहे।



नौगांवा थाने का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

### पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के साथ पुलिस लाइन अमरोहा का वार्षिक निरीक्षण किया तथा पुलिसकर्मियों की समस्याओं व शिकायतों को सुना। इस दौरान डीआईजी ने शिकायतों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण पर अमरोहा पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी ने मंगलवार को पुलिस लाइन अमरोहा का वार्षिक निरीक्षण किया। डीआईजी ने परेड सलामी के बाद परेड में शामिल अधिकारी व कर्मचारियों का टर्न आउट चेककर पुलिसकर्मियों का फिटनेस परीक्षण पुलिस लाइन्स ग्राउन्ड में किया। क्वार्टर गार्द में सलामी लेने के बाद डीआईजी ने शस्त्रागार का निरीक्षण किया। जिसमें शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया तथा शस्त्रागार में रखे राजकीय शस्त्रों के रखरखाव के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। राजकीय सम्पत्ति स्टोर रूम का निरीक्षण कर राजकीय सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा स्टोर में रखे सामान के रखरखाव के सम्बन्ध में स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिए। इसके बाद भोजनालय का निरीक्षण किया गया। डीआईजी ने क्वार्टर गार्द, गार्द रूम, कैण्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिए। उन्होंने शौचालयों, आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई व रखरखाव की व्यवस्था देखी। इसके बाद डीआईजी ने पुलिस लाइन अमरोहा परिसर में पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी राजीव कुमार सिंह, सभी सीओ, निरीक्षक आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शराब का ठेका हटाने को धरना जारी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मोहल्ले में स्थित देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग करते हुए मोहल्ले की महिलाएं दूसरे दिन मंगलवार को भी दुकान के बाहर धरने पर बैठी रहीं। धरने पर दो महिलाओं की हालत गर्मी के चलते खराब हो गई। जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। वहीं मोहल्ले वासियों का कहना है जब तक यह दुकान नहीं हटेगी जब तक धरना जारी रहेगा।

नगर के मोहल्ला काला शहीद पर स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान के बाहर सोमवार को महिलाएं धरने पर बैठी, जो मंगलवार को भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने आबकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर वादा खिलाफी का भी आरोप लगाया। महिलाओं द्वारा शराब की दुकान के बाहर धरना देने की सूचना पर तहसीलदार सुदीप कुमार मौके पर पहुंचे और धरना दे रही महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने दुकान दूसरे स्थान पर शिफ्ट होने तक इसी तरह धरना प्रदर्शन करने की जिद पकड़ ली। धरने में बैठी कृष्णा पत्नी लाल सिंह एवं संतोष पत्नी रामपाल की गर्मी के चलते धरने स्थल पर हालत बिगड़ गई, जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। मोहल्ले वासियों का कहना है कि प्रशासन कई बार झूठ बोल चुका है,धरना जब समाप्त होगा जब दुकान हटेगी। धरना देने वालों में गीता देवी, कोमल, राजकली, प्रकृति, सविता देवी, जगवती, अनीता देवी, फरजाना, बबीता, शीतल, कल्लो, संगीता, सोनम, सीमा, हरप्यारी, तीरथ प्रकाश, डॉ. दीपक कुमार, नरेश, राजू, लाल सिंह,रामपाल रहीं।



हसनपुर में देसी शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे लोग।

- **दो महिलाओं की भीषण गर्मी के चलते बिगड़ी हालत**

# सिपाही के गंगा में आत्महत्या की बात का वीडियो वायरल

संवाददाता, गजरौला

- **परिजन कर रहे तलाश, मुरादाबाद में पीएसी तैनात है सिपाही**

**अमृत विचार :** सिपाही को युवती दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसा रही है। जिसके तनाव में सिपाही बृजघाट पहुंचकर वीडियो में गंगा में कूदकर आत्महत्या की बात कह रहा है। जिसकी वीडियो मंगलवार को वायरल हुई तो दो थानों की पुलिस सिपाही के परिवार वालों के साथ बृजघाट पहुंची और उसकी तलाश की।

सिपाही ने बृजघाट पहुंचकर अपनी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की है। आरोप है कि एक युवती सिपाही पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज करा रही है। इसी बात को लेकर सिपाही तनाव में है। सिपाही ब्रजघाट पहुंचा तथा वहां बैठकर अपने बयानों का वीडियो बनाया। वीडियो में सिपाही रो रहा है और एक युवती पर दुष्कर्म के मुकदमे में झूठा फंसाने की बात भी कह रहा है। इतना ही नहीं वह इसमें कुछ युवकों का नाम लेते और उन पर भी झूठा फंसाने का आरोप लगा रहा है। पूरे वीडियो में वह अपने को बेकसूर भी बता रहा है। यह वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो सिपाही के परिवार तक पहुंचा तो परिजन उसकी तलाश में जुटे। वहीं, परिजन गढ़मुक्तेश्वर थाने में पहुंचे तो उन्होंने कहा कि गजरौला थाने में जाकर मामले की जानकारी दो। वहीं गजरौला पुलिस कह रही है कि गढ़मुक्तेश्वर थाने में जाकर मामले की जानकारी दो। जिसको लेकर सिपाही के परिजन दोनों थानों के चक्कर लगा रहे हैं। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि सिपाही की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि सिपाही मुरादाबद में पीएसी में तैनात है।

सार संक्षेप

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**डिडौली, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जोया मंडल अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को जोया नगर पंचायत पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को कस्बे में पतखोई रोड के पास तालाब में हो रही गंदगी के कारण राहगीरों को हो रही परेशानी को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मोहल्ला जामा मस्जिद में तालाब में गंदगी और दुर्गन्ध से राहगीरों और वहां के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सेंगर को ज्ञापन देकर कहा कि तालाब की सफाई कराई जाए, जोया में साप्ताहिक बाजार में रोड पर लगने वाली फड़ों से जाम की समस्या को निस्तारण करने के लिए हल निकाला जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जोया मंडल अध्यक्ष अरशद अली, राशिद अली, सैफ अली खान, शाहबाज, मोहम्मद अजीम रहे।

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि कस्बा चौकी प्रभारी सुभाष चौहान को सूचना मिली थी कि एक युवक शहबाजपुर गांव तिराहे के समीप मौजूद है। जो संदिग्ध लग रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान युवक को पुलिस ने दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान हरपाल पुत्र हरि सिंह मोहल्ला हीरानगर मंडी धनौर जनपद अमरोहा के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।



मंडी धनौरा में प्रदर्शन करतीं समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

### एडीओ का स्थानांतरण रोकने को महिलाओं का प्रदर्शन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** समूह की महिलाओं ने मंगलवार को बीडीओ कार्यालय पर एडीओ आईएसबी गौरव गंधर्व का स्थानांतरण रोकने को लेकर प्रदर्शन किया और बीडीओ विजय सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन देकर अवगत कराया कि धनौरा विकास खण्ड में कार्यरत एडीओ आईएसबी गौरव गन्धर्व का जनपद के विकास खण्ड अमरोहा में स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि समूह की दीदीयां चाहती कि एडीओ आईएसबी गौरव गंधर्व एवं किसी एनआरएलएम के स्टाफ का स्थानांतरण नहीं किया जाए। चेतावनी भी दी कि अगर स्थानांतरण नहीं रोका गया तो समूह दीदीयों द्वारा समूह बन्द कर दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रीति, बबीता, पिंकी, कल्पना, अनीता, निशा, गजेंद्र, मुन्नी, नीतू, मीना ,रीना, राजेंद्र आदि मौजूद रहीं।

### बिजली के टूटे खंभों से हादसे की आशंका

**रहरा, अमृत विचार :** रहरा बिजली घर क्षेत्र के गांव रहरा से रहरई के बीच स्टेट हाईवे पर सड़क किनारे विद्युत विभाग का खंभा खस्ताहाल है। खंभे को लकड़ी के सहारे रोक रखा है। स्टेट हाईवे पर रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। यहां हर पल हादसे की आशंका रहता है लेकिन जिम्मेदारों को अभी हादसों का इंतजार है। ग्रामीणों ने खंभे को बदलवाने के लिए कई बार अधिकारियों से कोशिश की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते रहे।



नौगांवा सादात में जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार

### नौगांवा सादात में मनाया जशन ईद ए गदीर

**नौगावां सादात, अमृत विचार :** कस्बा नौगांवा सादात में जशन ए ईद गदीर मनाया गया। मौला अली सोसायटी के तत्वावधान में जुलूस ईद ए गदीर इमाम बाड़ा हाजी बाकर से दो बजे बरामद किया गया। जुलूस का आयोजन तारिक रजा ने किया। जुलुस मेन बाजार, गुला तालाब बंगला, कर्बला रोड, बड़ी इमली, खेड़ी का मोड़, पीडब्लू रोड, फखरपुरा, कट्कुई, शाह फरीद पापड़ी, अली नगर, अली चोक से अबू तालिब चोक, एसएएम इन्टर कॉलेज, बुध बाजार मेन बाजार, इमाम बाड़े मोहम्मद बाकर में आकार संपन्न हुआ। इस अवसर पर मौलाना हसन अख्तर, नदीम अब्बास जैदी, मौलाना रजा अब्बास, मौलाना काजीम अस्करी, वकार हैदर, अली मंजर,वजीर अस्करी,अथर अब्बास सभासद इमरान हैदर, रिजवान हैदर, शिवाल हैदर आदि लोग मौजूद रहे।

### बौंगे में आग से हजारों का नुकसान

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में भूसे के बौंगे में अचानक आग लगने से हजारों का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर पानी डालकर काबू पाया। मंगलवार दोपहर हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव ढकिया खादर में गांव निवासी मंगल सैन पुत्र ज्वाला सिंह के बौंगे में आग लग गई। लपटें देख पड़ोसियों ने पीड़ित को सूचना दी। पीड़ित ने फोन कर फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बौंगे में लगी आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि बौंगे में आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।




अमरोहा नगर पालिका में बैठक में निर्देश देते ईओ व अन्य। ● अमृत विचार

# संचारी रोगों की रोकथाम को एक जुलाई से चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पालिका के सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक हुई। जिसमें संचारी रोग और दिमागी बुखार की रोकथाम को अभियान का निर्णय लिया गया है।

पालिका के ईओ डॉ. बृजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, सभासद एवं यूनिसेफ के पदाधिकारी, सफाई निरीक्षक व स्टाफ मौजूद रहा। नगर पालिका के ईओ ने अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि 1 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी सौंप गई है। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सभी को अभियान में सहयोग करना होगा और लोगों को जागरूक करना होगा। नाले नालियों की और कचरे की सफाई रहनी चाहिए। नगर क्षेत्र में कहीं भी जलभराव न होने दें।

# बगद नदी की धीमी खोदाई पर सीडीओ नाराज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र ने विकास खंड गजरौला के ग्राम फरीदपुर गढ़ी से आरम्भ बगद नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने नदी की जल्द खोदाई के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए।

मंगलावर को सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र गांव फरीदपुर गढ़ी पहुंचे। वहां उन्होंने बगद नदी की खोदाई के बारे में जानकारी हासिल की। बातया कि गांव फरीदपुर गढी में बगद नदी की कुल लम्बाई 2200 मीटर है, जिसमें 1000 मीटर की पांच विभागों द्वारा खुदाई की जा चुकी है। शेष 1200 मीटर लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, पूर्ति विभाग, माध्यमिक शिक्षा, जिला अभिहीत अधिकारी एवं खनन विभाग द्वारा कार्य आरम्भ नहीं कराया गया है। सभी को दो दिनों में कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान मौजूद किसान चन्द्रपाल सिंह ने नदी की सही पैमाइश न होने की शिकायत की। सीडीओ ने एसडीएम धनौरा से बात कर समाधान कराने हेतु निर्देशित किया। गांव शकूराबाद में खोदाई को देखा। यहां मनरेगा महिलाओं द्वारा मनरेगा में कार्य न मिलने की शिकायत की। कुछ महिलाओं द्वारा नये जॉब कार्ड की भी मांग की गई। जिसके सम्बन्ध में भी ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर नये जॉब कार्डों को बनाने के लिए निर्देशित किया। मशीनों द्वारा कार्य पूर्ण होते ही मनरेगा मजदूरों से नदी को पालटों को सही करवाएं एवं पौधरोपण के लिए गड्ढे खुदवाएं। इस दौरान पुलिया के पास नदी पर कार्य न होने, नदी के किनारों पर गन्दगी एकत्र होने एवं पुलिया बन्द होने पर ग्राम सचिव एवं ग्राम प्रधान पति पर नाराजगी व्यक्त की और दो दिनों के भीतर सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ गजरौला अरुण कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अमरजीत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अर्चना सैनी आदि सम्बन्धित आदि उपस्थित रहे।



बगद नदी खोदाई का निरीक्षण करते सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र। ● अमृत विचार

### मनरेगा की महिला मेटों की समस्याएं सुनीं

**अमरोहा, अमृत विचार :** मंगलवार को विकास भवन में बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने मनरेगा मेटों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित रोजगार सेवक, सचिवों व मनरेगा एपीओ को निस्तारण के निर्देश दिए। सोमवार को महिला मेटों ने समस्याओं के समाधान को लेकर अमरोहा-जोया रोड पर प्रदर्शन किया था। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पतेई खादर में पहले से तैनात मनरेगा मेट के चयन के बाद भी दूसरी महिला मेट का चयन कर लिया गया। जिसको लेकर विवाद बढ़ गया। सीडीओ ने बताया कि मनरेगा महिला मेट के चयन को लेकर विवाद है। विवाद के चलते महिला मेटों में नाराजगी है। इसलिए दोनों महिला मेट के चयन को निरस्त कर दिया है। कहा कि मनरेगा महिला मेटों को समय से मनरेगा में काम दिलाया जाएगा। रोजगार सेवक की जिम्मेदारी तय की गई है।

प्रशिक्षण | सरस्वती शिशु मंदिर में स्मार्ट बोर्ड के प्रयोग की दी जानकारी

# स्मार्ट बोर्ड से शिक्षण के तरीके सीखे

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय प्रारंभ होने पर सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्मार्ट बोर्ड तथा पावर पाइंट प्रेजेंटशन (पीपीटी) द्वारा शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के प्रथम दिवस प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय के निर्देशन में विद्यालय के अध्यापकों ने पीपीटी के माध्यम से विषय का प्रस्तुतीकरण करने की कार्यशाला की। पीपीटी द्वारा शिक्षण कार्यशाला के दौरान स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पीपीटी द्वारा शिक्षण कैसे करें और स्मार्ट बोर्ड का उपयोग किस प्रकार किया जाए। तकनीकी पक्ष के बारे में संजीव प्रवक्ता भौतिक विज्ञान तथा रंजीत ने अध्यापकों को बताया। इस कार्यशाला में स्मार्ट बोर्ड पर पीपीटी द्वारा विषय शिक्षण में रेखा गुप्ता (विज्ञान) रेखा पटेल (सामाजिक विषय), राखी (नैतिक शिक्षा), स्वाति गोला (विज्ञान ), रंजीत (प्रवक्ता अंग्रेजी), राजवीर सिंह प्रवक्ता गणित, सत्यवीर प्रवक्ता हिंदी, काजल (कला), राजपाल कंप्यूटर) द्वारा अपने-अपने विषय शिक्षण से संबंधित पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया।

प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने विद्यालय प्रांगण में पांच प्रोजेक्टर तथा स्मार्ट बोर्ड के स्थापन कार्य को पूर्ण कराते हुए सप्ताह में एक बार अपने विषय का शिक्षण पीपीटी के माध्यम से करने का आग्रह किया।



सैदनगली में सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यशाला में मौजूद अध्यापक।

## डिपो में 20 चालकों का चयन, टेस्ट के लिए गए कानपुर

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा डिपो में बस चालकों की भर्ती निकाली गई थी। जिसमें कई युवाओं ने आवेदन किया था। जिसमें 20 चालकों का चयन किया गया है।

डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि प्रदेश में सभी डिपो पर बस चालकों की नियुक्ति की जा रही है। चालकों की नियुक्ति के लिए शासन द्वारा आदेश जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि अमरोहा डिपो में 20 चालकों की भर्ती की गई है।

इन सभी चालकों को अब टेस्ट के लिए कानपुर भेज दिया गया है। इससे पहले उनका टेस्ट अमरोहा डिपो में ही लिया गया था। यहां पर वह सफल हो गए, शासन के निर्देश पर अब उनका टेस्ट कानपुर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी और भी चालकों की नियुक्ति होनी है।

# तटबंध पूरा कराने को भाकियू भानु ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन भानु के कार्यकर्ताओं ने खादर क्षेत्र में अधूरे पड़े तटबंध को पूरा कराने के लिए उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि खादर क्षेत्र में गंगा किनारे शेरपुर से ठेठ तक तटबंध है। जो कि लगभग 10-12 वर्षों से निर्माणधीन है। जिसके कारण हर वर्ष आने वाली बाढ़ से क्षेत्र वासियों का हजारों रुपये का नुकसान होता है। सीपिया फार्म के पास लगभग 300 मीटर तक तटबंध बना नहीं था।

जिसको क्षेत्र वासियों ने श्रमदान कर बना दिया था। तटबंध की ऊंचाई कम होने के कारण इसके टूटने का खतरा बना रहता है। ऊंचाई कम होने के कारण पिछले वर्ष भी इसका टूटने का खतरा बना रहा था। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि निर्माणधीन तटबंध पूरा कराया जाए और 300 मीटर तटबंध की ऊंचाई को बढ़ाने की मांग की है।

इस अवसर पर भाकियू भानु के राष्ट्रीय महासचिव सरदार शर्म सिंह, जयपाल सिंह, छोटन सिंह, सर्वजीत सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते भाकियू भानु के पदाधिकारी।

मांग
- **संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि 300 मीटर अधूरा है तटबंध**
- **तटबंध की ऊंचाई न बढ़ाने से किसान का होगा नुकसान**

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

# शराब कारोबारी का मुनीम बरामद ,बदमाश दबोचा

## कार सवार बदमाशों ने हथियारों के बल पर कैश लेकर लौट रहे व्यक्ति का कर लिया था अपहरण

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** जनपद संभल के गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम शराब की दुकानों से कैश इकट्ठा कर लौट रहे शराब कारोबारी के मुनीम की बाइक रोककर कार सवारों ने हथियारों के बल पर उसका अपहरण कर लिया। मुनीम का साथी अपहरणकर्ताओं को चकमा देकर कोल्ड स्टोर में जा कर छिप गया। पुलिस ने अपहृत मुनीम को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



प्रदीप।

मुरादाबाद जनपद के मूढापांडे थाना क्षेत्र अंतर्गत मिलक मंथा गांव निवासी प्रदीप गुन्नौर में शराब कारोबारी के यहां मुनीम के रूप में शराब की दुकानों से कैश कलेक्शन का काम करता है।





पुलिस की गिरफ्त में अपहरण का आरोपी व अपहरण में इस्तेमाल कार।

- मुनीम का साथी चकमा देकर कोल्ड स्टोर में जा छिपा था

सोमवार को वह जुनावई व गुन्नौर क्षेत्र की शराब दुकानों से कैश इकट्ठा कर अपने साथी मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी नितिन के साथ बाइक से बबराला लौट रहा था।

शाम करीब सात बजे मेरठ बदायूं मार्ग पर सैंजना मुस्लिम और जगन्नाथपुर के बीच स्थित दूध प्लांट के पास पीछे से आ रही ईको गाड़ी सवार लोगों ने हथियारों के बल पर बाइक रुकवा ली।

उसी वक्त वहां एक बाइक और आकर रुकी। ईको सवार गाड़ी से उतर आए और सब मिलकर प्रदीप और नितिन से गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। मौका देख कैश लेकर नितिन वहां से भाग निकला और पास ही कोल्ड स्टोर में जा कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ईको कार सवार लोग मुनीम प्रदीप का अपहरण कर उसे कार में डालकर जुनावई की ओर भाग गए।

### अपहृत की बरामदगी के लिए रात भर दौड़ी पुलिस

**संभल, अमृत विचार :** शराब कारोबारी के मुनीम का अपहरण कर लिये जाने की घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने कई पुलिस टीमें गठित कर मुनीम की बरामदगी के लिए रणनीति बनाकर चेकिंग अभियान शुरु कराया। पुलिस मुनीम प्रदीप को बरामद करने के लिए यहां वहां दौड़ती रही। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस ने अपहृत मुनीम प्रदीप को बरामद कर लिया। इसके साथ ही अपहरण में शामिल एक आरोपी कृष्णपाल उर्फ विनोद को भी गिरफ्तार कर लिया। अपहरण में इस्तेमाल ईको कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में नितिन की तहरीर पर राजकुमार, कृष्णपाल उर्फ विनोद, चंद्रहास उर्फ काला,गम्भीर, व राधाकिशन निवासी जहानपुर की मढैयां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### मारपीट का बदला लेने को किया अपहरण

**बबराला, अमृत विचार :** शराब कारोबारी के कर्मचारी के अपहरण के आरोपियों और शराब कारोबारी के लोगों में एक पखवाड़ा पहले मारपीट हुई थी। इस घटना में शराब कारोबारी के लोग भारी पड़े थे। मारपीट का बदला लेने के लिए आरोपी मौके की तलाश में थे। सोमवार को प्रदीप का अपहरण कर लिया गया। कोतवाली इंचार्ज विनीत कुमार ने बताया कि अपहरण की घटना की जानकारी मिलने पर टीमें बना कर दबिश दी गई। इसी दौरान रजपुरा थाना क्षेत्र में अनूपशहर- गवां मार्ग पर ईको दिखाई दी। पुलिस ने तलाशी ली तो ईको में अपहृत प्रदीप मिल गया। एक आरोपी कृष्णपाल उर्फ विनोद को गिरफ्तार किया गया है।

# कमालपुर और बहापुर में जल्द होगा विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण

संवाददाता,बहजोई

- बहजोई विद्युत वितरण खंड से ओवरलोड की समस्या होगी दूर
- देहात व शहर के फीडर को विद्युत के लिए किया जाएगा अलग

**अमृत विचार:** बहजोई के लोगों को बिजली के ओवरलोड से बहजोई बिजली घर को निजात मिल जाएगी। अब बहजोई के गांव कमालपुर व बहापुर में नए दो बिजली घर बनेंगे उनकी क्षमता 55-55 एमवीए की होगी। निर्माण के लिए टेंडर जारी हो गया। जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

बहजोई विद्युत वितरण खंड से बहजोई नगर व देहात को विद्युत आपूर्ति दी जाती है। जिसके कारण ओवरलोड बना रहता है। कभी देहात तो कभी शहर की विद्युत कटौती की जाती है।

ओवरलोड होने के कारण विद्युत आपूर्ति ठीक से नहीं मिल पाती है। इससे निजात दिलाने के लिए विद्युत विभाग ने बहजोई के गांव कमालपुर व बहापुर में नए विद्युत घर बनाए जाने का निर्णय लिया था। जिसको लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है, धनराशि भी मिल गई है। अब विद्युत विभाग जल्द ही वर्क आर्डर मिलने का इंतजार कर रहा है। जैसे ही ठेकेदार को इसके निर्माण का वर्क आर्डर मिलेगा वैसे ही यहां का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह बिजली घर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दोनों बिजली घर पर 55 -55 एमवीए की क्षमता होगी विद्युत विभाग दावा कर रहा है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए इन बिजली घर का निर्माण होना बहुत ही अच्छा रहेगा।

अवर अभियंता, बहजोई रोहित कुमार वरुण ने बताया कि बहजोई के गांव कमालपुर व बहापुर में विद्युत उप केंद्र निर्माण को हरी झंडी मिल गई है। इसके लिए धनराशि भी स्वीकृत हो गई है। वर्क आर्डर मिलने के बाद निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

## एक नजर

### महिला ने लगाया भाइयों पर मारपीट का आरोप

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी बालू शंकर निवासी सूबेदार की पत्नी शीला ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सोमवार की शाम साढ़े छह बजे घर में खाना बना रही थी। आरोप है कि पड़ोस के ही सगे भाई गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो सगे भाइयों ने मिलकर शीला को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और लात घूसे से मारपीट करने लगे। महिला ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### महिला ने जेठ पर लगाया मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लाडम सराय निवासी कौसर की पत्नी हिना ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सुबह घरेलू काम कर रही थी। आरोप है कि तभी हिना के जेठ आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो हिना के साथ मारपीट की।

### बिजली ट्रिपिंग की समस्या से जूझे लोग

**संभल, अमृत विचार :** सोमवार को हुई बारिश के बाद से बिजली लाइनों में नमी हो गई तो मंगलवार को दोपहर भी तेज आंधी आई। जिस कारण बिजली ट्रिपिंग की समस्या खड़ी हो गई। संभल शहर के अधिकांश फीडर बार-बार ट्रिपिंग करने लगे तो बिजली भी आंख मिचौनी का खेल खेलती रही। वहीं भीषण गर्मी में बिजली ट्रिपिंग की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि आंधी बारिश से बिजली लाइनों में नमी हो गई। जिस कारण फीडरों में ट्रिपिंग की समस्या हो रही है।

### बड़े भाई को मारपीट कर किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मूसापुर निवासी असकार के मंदबुद्धि होने की वजह से उसका 8 वर्षीय बेटा अब्दुल रहमान मंगलवार को परिवार के ही चचेरे दादा के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसके बाद बुजुर्ग ने अब्दुल रहमान की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर उसका बड़ा भाई पोशान आ गया और मारपीट का विरोध किया। इसी बात को लेकर बुजुर्ग ने अन्य परिजनों को बुलाकर लात घूसों से मारपीट कर पोशान को घायल कर दिया।

# मरीज की जेब से नकदी निकाल जेबकतरा फरार

संवाददाता, संभल

- जिला अस्पताल में दवा वितरण कक्ष के आगे लाइन में लगकर दवा ले रहा था
- पेंट में पीछे लगी जेब में रखे 1500 रुपये उड़ाए

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में दवा ले रहे मरीज की पेंट की जेब से नकदी निकालकर जेबकतरा ओपीडी गेट से निकलकर भाग गया। ग्रामीण व अन्य लोग उसे पकड़ने दौड़े, लेकिन वह हाथ नहीं आ सका।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा बेगमपुर निवासी टिंकू मंगलवार को जिला अस्पताल में दवा लेने आया था। दिखाने के बाद डॉक्टर की लिखी दवाई लेने टिंकू दवा वितरण कक्ष के आगे लाइन में लगकर दवा ले रहा था।

पीछे खड़े व्यक्ति ने टिंकू की पेंट के पीछे लगी जेब में रखी 1500 रुपये की नकदी निकाल ली और जेबकतरा जिला अस्पताल के ओपीडी गेट से निकलकर यशोदा चौराहे की ओर भागने लगा। टिंकू भी शोर मचाते हुए उसे पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ने लगा। शोर सुनकर टिंकू के साथ जिला अस्पताल से अन्य लोग भी जेबकतरे को पकड़ने के लिए दौड़े, लेकिन सभी लोगों को चकमा देकर वह यशोदा चौराहे की ओर भाग गया।





मरीज जिसकी जेब से नकदी निकाली गई।

# व्यापारियों ने अतिक्रमण का मुद्दा उठाया

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय व्यापार एवं उद्योग बंधु की मासिक बैठक में व्यापारियों ने डीएम के सामने बहजोई में अतिक्रमण की समस्याओं को उठाया । वहीं चंदौसी में अमृत योजना के तहत सड़क के गड्ढो व पानी लीकेज की समस्या का मुद्दा उठाया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने व्यापार बंधुओ से सीधा संवाद किया तो बहजोई के व्यापारी सतीश वार्ष्णेय ने बहजोई के 46 सी रेलवे फाटक के पास अधिकरण का मुद्दा उठाया। व्यापारी विनोद वार्ष्णेय ने हाइवे किनारे होर्डिंग लगाए जाने का मुद्दा उठाया।

चंदौसी के व्यापारी प्रेम ग्रोवर ने चंदौसी में अमृत योजना के तहत सड़कों में गड्ढे एवं पानी लीकेज की समस्या उठाई। संगीता भार्गव ने रेलवे स्टेशन रोड चंदौसी न्यायालय रोड के फुटपाथ पर वेंडर द्वारा अधिग्रहण व खुले नालों का मुद्दा उठाया। वहीं आवारा पशुओं को लेकर भी चर्चा की। डीएम ने एसडीएम चंदौसी से कहा कि अभियान चलाते हुए आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, संयुक्त आयुक्त उद्योग मुरादाबाद योगेश कुमार, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, संभल विनय कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया व डीआईओ बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



व्यापारियों के साथ बैठक करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने व्यापार बंधुओ से किया सीधा संवाद

## सार-संक्षेप

### कोमा व आराध्या का स्टेट चैंपियनशिप के लिए चयन

**संभल, अमृत विचार :** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली में आयोजित 23 वीं प्री स्टेट यूपी स्टेट चैंपियनशिप में संभल तहसील क्षेत्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दो खिलाड़ियों ने दिल्ली में होने वाली स्टेट चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई। चैंपियनशिप में संभल तहसील क्षेत्र के गांव भटपुरा में स्थित एकलव्य शूटिंग रेंज के खिलाडियों ने भी भाग लिया था। कोच व संचालक नरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव भटपुरा निवासी कोमा ने चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर व गांव पाली निवासी मोहित सिंह की 13 वर्षीय पुत्री आराध्या सिंह ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर आठ जुलाई को दिल्ली में होने वाली 47 वीं स्टेट चैंपियनशिप में जगह पक्की की है। जिसमें कोमा पैरा में इंटरनेशनल खेल चुकी हैं। स्टेट चैंपियनशिप के लिए चयन होने पर परिवार व अन्य खिलाड़ियों ने स्टेट कोमा व आराध्या सिंह को बधाई देकर खुशी जताई।



कोमा



आराध्या



धान की रोपाई के लिए पौध उखाड़ता किसान परिवार। ● अमृत विचार

### बारिश के बाद किसानों ने शुरू की धान की रोपाई

**संभल, अमृत विचार :** कई दिनों से आसमान की तरफ टकटकी लगाकर देख रहे किसानों की बारिश की उम्मीद सोमवार को पूरी हुई तो जिलेभर में धान की रोपाई शुरू कर दी गई। मंगलवार को कई क्षेत्रों में किसान और मजदूर धान की पौध उखाकर रोपाई करने में जुटे नजर आए।धान की पैदावार के लिए पानी की बेहद जरूरत होती है लेकिन संभल जिले में बारिश नहीं होने की वजह से तमाम किसान मायूस रहे। सोमवार को कई क्षेत्रों में कुछ ही देर के लिए सही लेकिन झमाझम बरसात हुई। खेतों में पानी भर गया तो किसानों के चेहरे भी खिल उठे। मंगलवार को असमोली क्षेत्र के गांव मनोटा, चंदवार की मढ़ैया, मतावली, हसनपुर मार्ग से सटे गांव रिठाली, कुरकावली, चंदावली, शरीफपुर, देहपा, सिंहपुरसानी, भदरौला, लखौरी में धान की रोपाई शुरू कर दी गई। कई खेतों में मजदूरों के साथ ही किसान भी धान की रोपाई करने में जुटे नजर आए। वहीं सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी धान की रोपाई के काम ने तेजी पकड़ ली।





संभल ब्लाक में गोष्ठी को संबोधित करते कपिल सिंघल। ● अमृत विचार

### किसानों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

**संभल, अमृत विचार :** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए संभल ब्लॉक में किसान जागरूकता गोष्ठी हुई। जिसमें कृषि विभाग, उद्यान विभाग समेत कई महकमों के अधिकारियों कर्मचारियों ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी। किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।गोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा नेता कपिल सिंघल ने भी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो योजनाएं चला रखी हैं उनका लाभ लेकर किसान आगे बढ़ने का काम करें। किसान विभागों के अधिकारियों से योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ले सकते हैं। ब्लॉक परिसर में योजनाओं की जानकारी देने के लिए कई स्टॉल भी लगाए गए। इस दौरान नोडल अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह, बीडीओ प्रेमपाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक एडीओ कृषि कौशल सिंह आदि रहे।

### एमएसपी गारंटी कानून बनाकर राहत दे सरकार

**संभल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि किसानों की फसलों के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए ताकि किसानों को फसलों का अच्छा दाम मिल सके। विलंब से गन्ना भुगतान ब्याज समेत कराने की व्यवस्था होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह ने कहा कि किसानों के निजी नलकूप के बिजली बिल माफ करने की घोषणा के बाद भी किसानों को बिजली बिल जमा करने के लिए मैसेज भेजे जा रहे हैं, जो किसानों के साथ धोखा है और सरकार की घोषणा छलावा प्रतीत होती है। सरकार गन्ना समितियों का नाम बदलकर उपभोक्ता सहकारी समिति करने जा रही है, जिससे गन्ना किसानों के अधिकारों का हनन होगा। समितियों का नाम नहीं बदला जाए। चौधरी करतार सिंह ने कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान कुलदीप चौधरी, वीरेंद्र सिंह आदि रहे।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ग्रामीण झुलसा

**संभल, अमृत विचार :** जमीन पर झूल रहे हाईटेंशन बिजली के तारों को उठाकर नीचे से निकलने की कोशिश करने में ग्रामीण को करंट लग गया। जिससे ग्रामीण गंभीर रुप से झुलस गया। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव धनीपुर निवासी सोमवीर मंगलवार को अपनी पत्नी सदेई देवी के साथ खेत में खड़ी अरबी फसल की निराई-गुड़ाई करने जा रहा था। जंगल से होकर जुनावई में स्थित बिजलीघर जा रही 33 केवी के तार जमीन पर झूल रहे थे। सोमपाल ने नीचे से होकर निकलने के लिए जैसे ही खुरपे से हाईटेंशन लाइन के तारों को उठाया। सोमपाल हाईटेंशन करंट की चपेट में आ गया।

### सभासदों ने उठाई गरीबों के राशन कार्ड बनवाने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद संभल के कई सभासदों ने गरीब पात्रों के राशन कार्ड नहीं बनने का मुद्दा उठाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा। सभासदों ने एसडीएम से पात्रों के राशन कार्ड बनवाने की मांग उठाई।

सभासद राजेंद्र कुमार, कुसुम सैनी, वेदप्रकाश, महावीर सिंह की ओर से एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा गया कि गरीब पात्र लोगों के राशन कार्ड नहीं बन रहे हैं। करीब तीन साल से आपूर्ति कार्यालय के चक्कर लगाए जा रहे हैं। प्राइवेट कर्मचारी अपात्रों से मोटी रकम लेकर राशन कार्ड बना रहे हैं। जनप्रतिनिधि जाते हैं तो कहा जाता है कि साइट बंद है। आपूर्ति निरीक्षक का व्यवहार भी ठीक नहीं है। सभासदों ने कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पात्रों के राशन कार्ड बनवाने की मांग उठाई। कहा कि अन्यथा की स्थिति में धरना दिया जाएगा।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विकास के मुद्दे उठाए

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली विकास खंड क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र में विकास कार्य कराने के मुद्दे उठाए। सदस्यों ने सदन के समक्ष प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किए। वहीं अधिकारियों ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग का आह्वान किया।

मनोटा स्थित ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी की अध्यक्षता में बीडीसी की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने भी हिस्सा लिया।

बैठक में पिछली कार्रवाई को पढ़कर सुनाया गया। आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना तैयार की गई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में कार्य कराने लिए प्रार्थना पत्र दिए। बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचम आयोग योजना, खाद्य सुरक्षा मिशन, पशु चिकित्सा, बिजली विभाग, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पशुपालन विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग की योजनाओं पर चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य कर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में योगदान करने की अपील की। इस दौरान बीडीओ अजीत सिंह, एडीओ सुनील कुमार, तौसीफ अहमद, नकुल औलख, योगेन्द्र त्यागी, सचिव सतपाल सिंह, महेन्द्र सिंह, रंजीत सिंह, विमल, रोहिताश सिंह, शैलेन्द्र चौहान, पुष्पेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- अपने क्षेत्र में कार्य कराने लिए दिए प्रार्थना पत्र

# कुत्तों को पीट कर मार डालने का आरोप, पीएफए कार्यकर्ता पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बेगम सराय में कुत्तों ने एक बच्चे पर हमला किया तो परिवार के लोगों ने कुत्तों को घर में बंद कर बुरी तरह पीटा। पड़ोस की महिला का आराप है कि सरियों से पीटकर कई कुत्तों की हत्या कर शव नाले में फेंक दिये। इस मामले की जानकारी मिलने पर मुरादाबाद से पीएफए (पीपुल फार एनिमल्स) कार्यकर्ता भी पहुंचे।

मोहल्ला बेगम सराय निवासी अरमाना बी का कहना है कि रविवार को कुत्ते ने मुहल्ला के ही बच्चे पर हमला कर दिया था। शाम को एक व्यक्ति ने कुत्तों को घर मे बंदकर लाठी डंडे व लोहे के सरिये से उन्हें पीटना शुरु कर दिया। अरमाना बी ने कहा कि रविवार की रात से सोमवार की दोपहर तक मारपीट करते हुए व्यक्ति व अन्य लोगों ने कई कुत्तों को मौत के घाट उतार दिया और बोरी में बंद कर शव नाले में फेंक दिये। अरमाना बी की सूचना पर मुरादाबाद से पीपुल फार एनिमल्स की कार्यकर्ता रिचा भाटिया संभल पहुंचीं। रिचा भाटिया ने कहा कि नाले में दो कुत्तों के शव पड़े दिखाई दिए। इस मामले को लेकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि कुत्ते द्वारा बच्चे को काटने की बात सामने आई थी। कुत्तों को मारा गया है इस बात की जानकारी नहीं है।



अरमाना बी के साथ पुलिस चौकी पहुंचीं रिचा भाटिया।



बैठक में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री। ● अमृत विचार

# बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को करें जागरूक

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में बीमारियों ने दस्तक दे दी है। बीमारियों की रोकथाम को ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अहम बातें बताई गईं।

जुनावई ब्लॉक मुख्यालय पर हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग के बीएमसी मुनेश बाबू ने कहा कि ग्रामीणों को आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने स्तर से सुझाव दें कि कोई भी घरों में वर्षा का पानी व किसी बर्तन में पानी एकत्रित न होने दे। ऐसा करने पर बदलते मौसम में डेंगू या गंभीर बुखार जैसी बीमारी से बच सकेंगे। सक्रिय रहकर साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि हमारे जीवन में स्वच्छता बहुत ही अनिवार्य है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तो निश्चित निरोगी रहेंगे। मुख्य सेविका अनीता कश्यप ने कहा कि केंद्र संचालन के दौरान ग्रामीणों को बचाव के लिए जागरूक किया जाए।

### चकबंदी में वर्षों से डटे अधिकारी,कर रहे शोषण

**संभल, अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन संभल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता और सचिव डॉ.अमित कुमार उठवाल ने चकबंदी आयुक्त को शिकायती पत्र भेजकर कहा है कि जनपद संभल में तमाम सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदीकर्ता और लेखपाल 10 वर्ष से अधिक समय से तैनात हैं। यह वादकारियों का खुला आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहे हैं।

कहा कि उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और चकबंदी अधिकारी नियुक्ति के स्थान संभल में निवास नहीं करते। अधिकारी कई कई दिन तक कार्यालय में नहीं दिखते। जिससे वादकारियों और किसानों को समस्या होती है। चकबंदी न्यायालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। पीठासीन अधिकारी पत्रावलियों में बहस के बाद कई-कई महीने तक आदेश पारित नहीं करते। चकबंदी आयुक्त से समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई है।

# पर्यावरण सुरक्षा की मुहिम से जुड़े अधिकारियों ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** ग्रीन संभल कॉरिडोर की पर्यावरण सुरक्षा की मुहिम रंग लाती दिखाई दे रही है। मंगलवार को क्षेमनाथ तीर्थ पर अधिकारियों और आमजन ने पौधे लगाकर समाज के लोगों को भी इस मुहिम से जुड़ने का संदेश दिया।

ग्रीन संभल कॉरिडोर ने मुरादाबाद मार्ग पर वाजिदपुरम से थाना हयातनगर, चंदौसी मार्ग, चौधरी सराय से हसनपुर मार्ग पर पौधरोपण के लिए नक्शा तैयार किया है। जिसके अनुसार ही पौधरोपण किया जाना है। चिन्हित स्थानों पर गड्ढे तैयार कराने की तैयारी है। इस बीच मंगलवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने पौधरोपण के लिए क्षेमनाथ तीर्थ मंदिर को चुना। परिवार के साथ पहुंचे एसडीएम ने तीर्थ परिसर सुन्दर बनाने और छाया के लिए 10 पौधे लगाए। सीओ अनुज कुमार चौधरी ने भी पौधरोपण किया। उन्होंने मुहिम को अच्छी शुरूआत बताया। कहा कि सभी वर्गों के लोगों को इस मुहिम से जुड़ना चाहिए। तीर्थ परिसर में अमलतास, जामुन, आम के पौधे लगाए गए। मुहिम की शुरूआत करने वाले राजकुमार शर्मा और धर्मेंद्र सिंह के प्रयासों की सरहाना की गई।

इस दौरान अवधेश वार्ष्णेय, हरिओम गंभीर, महंत दीनानाथ बालयोगी, मुकेश शर्मा, कमल वार्ष्णेय, रामकिशन ठकराल, जसपाल सिंह, तरुण मिश्रा, वैभव शर्मा, रवि ठाकुर, लेखपाल राहुल धारीवाल, संभल यूथ फाउंडेशन डायरेक्टर आमिर सुहेल, वन विभाग की रेंजर अंकिता किशोर, यादव चंद्र बेलवाल मौजूद रहे।



पौधारोपण करते एसडीएम, सीओ व मौजूद संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- क्षेमनाथ तीर्थ परिसर में लगाए गए छाया देने वाले पौधे

## एक नजर

### दूध ले जा रहे व्यक्ति से मारपीट, घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** दूध ले जा रहे व्यक्ति को खुर्जा गेट पुल पर चार युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की ओर से आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। मोहल्ला लोधियान निवासी संजीव कुमार पुत्र बाबूराम मंगलवार की सुबह नौ बजे घर से बाल्टी लेकर दूध लेने निकले। जब वह खुर्जा गेट स्थित पुल पर पहुंचे तो वहां पहले खड़े चार युवक बेवजह उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। संजीव ने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पहुंच उन्हें बचाया। घटना के बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा और चार आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी।

### 29 जून को महाविद्यालय में होगा टैबलेट वितरण

**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्टफोन व टैबलेट योजना के तहत बहजोई महाविद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण 29 जून को महाविद्यालय में किया जाएगा। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने देते हुए बताया कि चयनित छात्र छात्राएं महाविद्यालय पहुंचकर अपने प्रपत्रों का सत्यापन करा लें। टैबलेट प्राप्ति के लिए टेबलेट प्राप्त का आवेदन पत्र आधार कार्ड मूल रूप से व छाया प्रति भारत सरकार द्वारा निर्धारित फोटो युक्त पहचान पत्र शैक्षिक सत्र की अंतिम अंक तालिका की मूल प्रति एक रंगीन पासपोर्ट साइज लाना अनिवार्य होगा।

### शिविर में सीखी योग की विभिन्न मुद्राएं

**अमृत विचार, चन्दौसी :** जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति के योग शिविर में प्रशिक्षिकाओं ने विभिन्न मुद्राओं में योग करना सिखाया। 10 दिवसीय शिविर के आठवें दिन घंटाघर लाठी बाजार स्थित श्री राज योग पीठ पर प्रशिक्षिका अनीता राज व ऐश्वर्या राय ने विभिन्न मुद्राओं के बारे में जानकारी दी। जिसमें हकनी मुद्रा, अपान वायु मुद्रा, प्राण मुद्रा आदि रही। इसके अलावा प्राणायाम और योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, सचिव अनुराधा, कोषाध्यक्ष मृदुल अग्रवाल, यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, नीलिमा आदि मौजूद रही।

संभल की खबरें पेज 12 पर भी

# साले की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की बाइक ट्राली में घुसी, मौत

## साथी युवक घायल, ट्रैक्टर-ट्राली के चालक के अचानक ब्रेक लगा देने से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



**अमृत विचार:** जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव बरौली रुस्तमपुर में ट्रैक्टर-ट्राली के अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे आ रही बाइक ट्राली में जा घुसी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक घायल हो गया। बताया गया कि अशोक नगर निवासी युवक अपने साले की शादी के कार्ड बांटकर वापस लौट रहा था।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी मिंटू 26 वर्ष पुत्र हुकुम सिंह के साले सुमित की एक जुलाई की शादी है। इसलिए मिंटू साले की शादी की तैयारी में जुटा था। मंगलवार की सुबह मिंटू अपने मोहल्ले के ही दोस्त सुमित के साथ साले की शादी के कार्ड बांटने बिलारी थाना क्षेत्र के गांव जरगांव व सुजानपुर रिश्तेदारी में गया था। दोपहर डेढ़ बजे दोनों कार्ड बांटकर बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जब बाइक सवार बिलारी थाना क्षेत्र के गांव बरौली रुस्तमपुर के पास पहुंचे। तो आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे आ रही बाइक ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। हादसे में बाइक चला रहा मिंटू गंभीर रूप से हो गया। जबकि पीछे सुमित चुटैल हो गया।



सीएचसी में बिलखती मिंटू की पत्नी रेनू व परिजन। ● अमृत विचार

घटना की सूचना पर 108 एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने मिंटू को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गया। मृतक युवक की शादी दो वर्ष पहले हुई थी। जैसे ही घटना की सूचना पत्नी रेनू को मिली, तो वह बेहोश हो गई। परिजनों ने जैसे-तैसे उसे संभाला।

## कुछ तीर्थ यात्रियों ने बस में सवार रसोइये के साथ की मारपीट

**चन्दौसी, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन से बाहर मुखर्जी चौक के पास सोमवार की रात तीर्थ स्थल से आकर एक बस रुकी। बस में एक पक्ष ने रसोइयों के साथ मारपीट की और यात्रा के दौरान भोजन ठीक नहीं बनाने का आरोप लगाया। करीब 20 मिनट तक मुखर्जी चौक पर कहासुनी होती रही।

शहर से 20 दिन पहले एक बस गंगा सागर सहित अन्य तीर्थ स्थल के लिए गई थी। जिसमें काफी संख्या में तीर्थ यात्रा करने लोग परिवार के साथ गए थे। सोमवार की रात 11 बजे बस तीर्थ यात्रा से लौटी। तो एक पक्ष के लोगों को रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक पर उतरने के लिए बस रुकवा ली। बस में से कुछ लोग उतरे और यात्रा के दौरान भोजन ठीक नहीं देने का आरोप लगाते हुए रसोइया के साथ मारपीट की। मामले बढ़ता देख कुछ लोगों ने पहुंचा मामला रफा-दफा कर दिया। इसके बाद आगे के लिए रवाना हो गई।

## अजमेर से आकर युवक ने पीड़ित महिला को दिया रक्त

- बदायूं दबतरा की महिला को बी निगेटिव रक्त की थी जरुरत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गंभीर रोग से पीड़ित महिला को रक्त की आवश्यकता होने पर अजमेर से आए युवक ने रक्त देकर जान बचायी। महिला काफी समय से गंभीर रोग से पीड़ित थी। उसके शरीर में रक्त की मात्रा काफी कम हो गई थी।

जनपद बदायूं के ग्राम दबतरा निवासी मधु काफी समय से गंभीर रोग से जूझ रही है। उसके शरीर में हीमोग्लोबिन 5.2 रह गया था। साथ ही प्लेटलेट्स भी कम हो गई थी। जिस पर उसको तुरंत रक्त की जरुरत थी। मधु के परिजन भी काफी परेशान थे। क्योंकि उसको बी निगेटिव रक्त चाहिए था। जो दुर्लभ बताया जाता है। इसकी सूचना जब सोशल मीडिया के माध्यम से जीवन रक्तदाता संस्था के अनुज वार्ष्णेय अन्नू को पता चली। तो वह महिला की मदद के लिए आगे आए। उसके बाद उन्होंने संपर्क करना शुरु कर दिया। उनका संपर्क अजमेर में पवन गुप्ता से हुआ। उन्होंने उनसे महिला को रक्त देने को कहा तो पवन गुप्ता तुरंत अजमेर से चन्दौसी आए और अपना रक्तदान कर महिला की जान बचायी।



रक्तदान करते पवन गुप्ता के साथ अनुज वार्ष्णेय अन्नू। ● अमृत विचार

## एसडीएम ने ग्राम समाज की भूमि से अतिक्रमण कराया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** ब्लाक बनियाखेड़ा क्षेत्र के गांव पतरौआ में ग्राम समाज की भूमि से राजस्व विभाग की टीम ने एसडीएम के सामने अतिक्रमण ध्वस्त कराया गया है। इसके बाद भूमि को ग्राम प्रधान के संरक्षण में दे दिया गया है।

गांव पतरौआ की कुछ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण कर चारदीवारी खड़ी कर ली थी। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान रेनू कुमारी की ओर से एसडीएम नीतू रानी से की गई थी।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंगलवार की दोपहर एसडीएम राजस्व विभाग की टीम के साथ गांव पतरौआ पहुंच गई। जहां ग्राम प्रधान की मौजूदगी में ग्राम समाज की राजस्व टीम ने नाप तौल की। जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद ग्राम प्रधान की भूमि पर की गई अवैध चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया गया और भूमि को ग्राम प्रधान के संरक्षण में दे दिया। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर किसी को भी कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।



अतिक्रमण की शिकायत पर ग्रामीणों ने वार्ता करतीं एसडीएम नीतू रानी।

- भूमि को ग्राम प्रधान के संरक्षण में दे दिया गया है

## बारिश के बाद बढ़ी उमस, घर से निकलते ही बहा पसीना

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** सोमवार को हुई हल्की बरसात के बाद मंगलवार को गर्मी ने अपना प्रचंड रुप दिखा दिया। सुबह से ही तेज धूप व उमस के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दो दिन हल्की बूंदा-बांदी से मौसम में कुछ राहत मिली। लेकिन मंगलवार की सुबह से ही तेज व धूप उमस ने लोगों को पसीने-पसीने कर दिया। उमस का आलम यह था कि लोगों को घर के अंदर भी दिक्कत हो रही थी। गर्मी को देखते हुए कुछ स्थानों पर लोगों ने शर्बत बांटा। जिससे राहगीरों को कुछ राहत मिली। दोपहर 3 बजे करीहब मौसम में कुछ बदलाव हुआ। थोड़ी देर के लिए हल्की बरसात व हवा चलने से राहत मिल सकी।

### बारिश से मिली थी राहत लेकिन बूंदाबांदी ने बढ़ाई उमस

**संभल, अमृत विचार :** सोमवार को बारिश होने से लोगों ने बड़ी राहत महसूस की लेकिन मंगलवार को फिर तापमान बढ़ा तो दिक्कतें भी बढ़ गईं। दिनभर प्रचंड गर्मी में लोग परेशान रहे। दोपहर में बूंदाबांदी होने से उमस बढ़ी तो लोग ज्यादा परेशान दिखाई दिए। गर्मी से जूझ रहे लोगों को सोमवार को बारिश से राहत मिली थी। सोचा था कि अब राहत भरा मौसम रहेगा लेकिन यह उम्मीद अगले दिन यानी मंगलवार को ही टूट गई। सुबह से ही तेज धूप निकली तो लोग पसीना हो गए। दोपहर में करीब साढ़े तीन बजे मौसम का मिजाज बदला। बूंदाबांदी हुई लेकिन फिर उमस भी बढ़ गई।

## ईओ ने नगर पालिका के कर्मचारी को निलंबित कर 14 के पटल बदले तो पालिकाध्यक्ष ने निरस्त किए

- जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद एक कर्मचारी को लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया था
- ईओ व पालिकाध्यक्ष के बीच छिड़ी वर्चस्व की जंग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद उनके आदेश पर एक कर्मचारी को कार्य में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया था, जबकि 14 अन्य नगर पालिका के कर्मचारियों के पटल में फेरबदल कर दिया गया। मगर 14 कर्मचारियों के विभागों में हुए फेरबदल को पालिकाध्यक्ष ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए तत्काल निरस्त कर दिया। नगर पालिका के ईओ का पद एसडीएम संभल रही हैं।

आदेश को निरस्त करने से लगता है कि ईओ (एसडीएम) व पालिकाध्यक्ष के बीच अब जंग शुरू हो गई है।

सोमवार को जिलाधिकारी ने नगर पालिका का निरीक्षण कर कुछ कर्मचारियों से जवाब तलब किया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य निरीक्षक प्रियंका सिंह व स्वास्थ्य लिपिक नरेश कुमार थे। जबकि स्वास्थ्य विभाग कार्य देख रहे मोहर्रिर राजकुमार बिना किसी सूचना के अवकाश पर थे। साथ ही नगर पालिका की ईओ (एसडीएम) नीतू रानी को उनके विरुद्ध शिकायतें मिली थी। जिसमें मोहर्रिर द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर उनके आदेशों का पालन न करना, आए दिन बिना अवकाश स्वीकृत कराए कार्यालय से गायब रहना, बिना साहूकारा लाइसेंस के पालिका सफाई कर्मचारियों को ब्याज पर पैसा बांटना और कर्मचारी नियमावली 1999 का खुला उल्लंघन करना है। जिसके दृष्टिगत ईओ/एसडीएम नीतू रानी ने मोहर्रिर राजकुमार को निलंबित कर दिया।

इसके अलावा उनकी ओर से पालिका के कर्मचारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, नरेश कुमार, प्रभाकर गुप्ता, अक्षिता रानी, हिना गोयल, संजय कुमार, आशीष कुमार, प्यारे लाल, अप्रित श्रीवास्तव, अवनेश कुमार, रविंद्र शर्मा, चन्द्रमोहन का पटल परिवर्तन का आदेश दिया है।

मंगलवार को ईओ का आदेश मिलने के बाद पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने नगर पालिका परिषद अधिनियम की धारा 50 (ख) का इस्तेमाल करते पालिका के कर्मचारियों के पटल परिवर्तन को निरस्त कर दिया।

> पालिका के विभिन्न कर्मचारियों का ईओ/एसडीएम ने सोमवार को पलट परितर्वन कर दिया। जबकि नगर पालिका परिषद अधिनियम की धारा 50(ख) के तहत पालिका के सेवक व सेविकाओं के स्थानांतरण व अवकाश का अधिकार उन्हें है। इसलिए उक्त आदेश को निरस्त कर दिया गया है।
>
> -लता वार्ष्णेय, पालिकाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, चन्दौसी

> मेरे द्वारा किए गए पटल परिवर्तन की कार्रवाई पर पालिकाध्यक्ष ने अपने अधिकार प्रयोग करते हुए उसे निरस्त कर दिया है। फिलहाल मुझे इस विषय पर कुछ नहीं कहना है।
>
> -नीतू रानी, एसडीएम/ईओ नगर पालिका

**अनदेखी** — नालों की सफाई न होने से भूखंडों में भर गया गंदा पानी, संक्रामक रोगों के फैलने का अंदेशा

## गांव मौलागढ़ में जलभराव बन सकता है बड़ी समस्या

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत मौलागढ़ के शिव मंदिर पर नालों की सफाई नहीं होने से खाली भूखंडों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। इस समस्या को चार वर्ष से अधिक का समय बीत गया है। इसके बाद नाले की सफाई नहीं कराई जा सकी। जिससे जलभराव से संक्रामक रोग उत्पन्न होने का अंदेशा है। बरसात में जलभराव और बड़ी समस्या बन सकता है।

बहजोई रोड स्थित मौलागढ़ की पुलिया से सीधे रास्ता गांव मौलागढ़ के शिव मंदिर पर जाता है।

इस मार्ग पर दोनों ओर नाला बना है। मगर नाले की सफाई नहीं होने से नाला जगह-जगह चोक हो गया। जिससे घरों से निकलना वाला गंदा पानी अब खाली भूखंडों व सड़क पर भरना शुरू हो गया। आलम यह है कि खाली भूखंडों में भरे पानी में दुर्गंध उठने से आसपास के लोगों का घर में रहना दूभर हो गया है। साथ ही भूखंडों के बराबर में बने मकानों की नींव में पानी घुस रहा है।

कई बार शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। भूखंडों में जलभराव व दुर्गंध से संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना है। बरसात का मौसम आ गया। ऐसे में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या विकरांल रूप धारण कर सकती है। जिससे लोगों को ज्यादा ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

मौलागढ़ की जलनिकासी की समस्या कई वर्ष पुरानी है। हाल फिलहाल में एक नाले का निर्माण भी कराया गया। लेकिन उसके बाद भी समस्या में कोई सुधार नहीं हुआ।



शिव मंदिर मार्ग पर सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार



ग्राम मौलागढ़ में भूखंड में भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

> गांव में जहां-जहां भूखंडों में पानी का जमा हो गया है। उसका जल्द समाधान कराया जायेगा। सफाई कार्य चल रहा है। नवनिर्मित नाले को सड़क की दूसरी ओर से जोड़ा जा रहा है। इसके बाद काफी हद तक पानी की निकासी हो जायेगी।
>
> – विजय सिंह, प्रधान, मौलागढ़



पालिका कार्यालय में लिपिक को ज्ञापन सौंपते लोग।

### जलभराव की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** हनुमानगढ़ी नई बस्ती के लोगों ने नगर पालिकी की ईओ को संबोधित ज्ञापन लिपिक को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि हनुमानगढ़ी नई बस्ती नगर पालिका क्षेत्र में है। बस्ती के लोग नगर पालिका को गृह व जलकर देते आ रहे हैं। बस्ती में 20 मकान शहरी आवासीय योजना के अंतर्गत नगर पालिका से प्राप्त धनराशि से बने हैं। इसके बाद भी नगर पालिका के जेई हनुमानगढ़ी नई बस्ती को नगर पालिका का हिस्सा नहीं मानते। जबकि पालिका के चुनाव में बस्ती को लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। नई बस्ती में जलभराव की समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। बस्ती के लोगों ने पूर्व जिलाधिकारी से भी शिकायत की थी। तत्कालीन जिलाधिकारी ने नगर पालिका के जेई को समस्या के समाधान के निर्देश दिए थे। बस्ती के लोगों का कहना है कि उस समय जेई ने धनाभाव की बात कहकर मामला टाल दिया गया। लोगों ने जलभराव पर मिट्टी डलवाकर मार्ग सुचारू कराने की मांग की है।

## सार-संक्षेप



आचार्य नंद नंदन ठाकुर स्वागत करते यजमान। ● अमृत विचार

### कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्रीमद् भागवत कथा तृतीय दिवस पर कथा वाचक ने भगवान श्री कृष्ण के धरती पर अवतरित होने उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया। जिसे सुन श्रद्धालु भाव विभोर होकर जयकारे लगाने लगे। कैथल गेट स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन में आयोजित कथा में मंगलवार को सरस्वती पीठ वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य नंद नंदन ठाकुर ने सर्वप्रथम भगवान विष्णु के बामन अवतार को विस्तार से समझाया। साथ ही प्रभु राम के जन्म से उनके जल समाधि तक की लीला का भजनों के माध्मय से वर्णन किया। उसके बाद श्री कृष्ण के जन्म की पृष्ठभूमि और उनके जन्म की कथा का रसमय वर्णन किया गया। सभागार में उपस्थित श्रद्धालु ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म पर जयघोष के साथ आनंदित होकर नृत्य किया। कथा में यशोदानन्दन कृष्ण द्वारा पूतना, बकासुर उद्धार व कंस वध का विस्तार से वर्णन किया गया। मुख्य यजमान महेन्द्रपाल वार्ष्णेय 'शक्ति भोग', ऊषा रानी के अलावा अशोक वार्ष्णेश, सुशील वार्ष्णेय स्टेट बैंक वालों ने सपत्नीक श्री राधा कृष्ण और भागवत जी का विधि विधान से पूजन किया। कथा के प्रारम्भ में रवेन्द्र कुमार रवि पत्थर वालों ने आचार्य नंद नंदन ठाकुर का माल्यार्पण और शाल पहनाकर स्वागत किया। कथा उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बकुल गुप्ता, मोहित वार्ष्णेय, राजन वार्ष्णेय, राजकुमार राजू, रतन कुमार वार्ष्णेय, प्रमोद कुमार गुरू आदि का विशेष सहयोग रहा।



सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### हे दुख भंजन मारुति नंदन...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से गांव मौलागढ़ में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित दीन दयाल शर्मा ने सभी देवी-देवताओं का विधि विधान से पूजन कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अजय सक्सेना, राजू शर्मा, चंद्रसैन सैनी, जेएन मिश्रा, वाईके शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, सुधा शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयां का वाचन किया गया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन, आलोक दुबे ने कई जन्मों से बुला रहे हो, कोई तो रिश्ता जरुर होगा आदि भजनों पर श्रद्धालु झूमने लगे। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार सक्सेना, संजीव शर्मा, पीएन शर्मा, कपिल शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी, सूरज पाराशरी, गुलशन अरोरा, राकेश चौबे, टीसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### लोक अदालत में हो ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनपद न्यायालय में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें ज्यादा से ज्यादा वादों की निस्तारण करने के उद्देश्य से अर्चना सिंह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जनपद की तीनों तहसीलों के तहसीलदारों के साथ बैठक की। जिसमें कहा गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें। ताकि वादकारी लोक अदालत का लाभ उठा सके और ज्यादा से वादों का निस्तारण हो सके। कहा कि लोक अदालत में वादों का निस्तारण सुलह व समझौते के आधार पर कराया जाएगा। बैठक में चन्दौसी, गुन्नौर व श्रमायुक्त चन्दौसी ने भाग लिया।

### आवाजाही बंद होने से दुकानों पर नहीं पहुंच रहे ग्राहक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य आरंभ हो चुका है। जिससे यातायात पुलिस की ओर से निर्माण के चलते आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया। आवागमन बाधित होने से ग्राहक दुकानों पर खरीदारी करने नहीं पहुंच रहे हैं। मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण शुरू हो चुका है। निर्माण कार्य को देखते ही रेलवे फाटक से गुमथल चौराहा तक यातायात बड़े वाहनों के लिए बंद कर दिया। अब केवल बाइक सवार व पैदल जाने वाले लोगों के लिए रास्ता दिया जा रहा है। चार पहिया वाहन व भारी वाहनों को बदायूं चुंगी व वाईपास से नगर में प्रवेश करना पड़ा। मंडी समिति के आसपास दुकान हैं व फलों के ठेले खड़े होते हैं। मगर निर्माण के चलते कोई भी ग्राहक खरीदारी करने नहीं पहुंच रहा है।

### एडीओ पंचायत ने संचारी रोग अभियान को लेकर ली बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्लाक बनियाखेड़ा में एक से 15 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर ब्लाक सभागार में एडीओ पंचायत नीरज कुमार सिंह ने सुबह 11 बजे ब्लाक के समस्त ग्राम प्रधानों व दोपहर डेढ़ बजे समस्त पंचायत सहायक व अपराह्न तीन बजे सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें संचारी रोग अभियान को लेकर बताया गया। उन्होंने कहा कि अभियान को लेकर समस्त गांव में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई का कार्य करा दिया जाए। संचारी रोग अभियान में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा पंचायत सहायकों से रेट्रो फिटिंग की समीक्षा की। कहा कि रेट्रोफिटिंग सर्वे का कार्य तीन दिन में पूरा करा दिया जाए। इस दौरान कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसपी रेलवे ने किया स्टेशन का निरीक्षण

**अमृत विचार, चन्दौसी :** मंगलवार की शाम पुलिस अधीक्षक रेलवे ने जंक्शन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उनके द्वारा जवानों से संवाद किया गया। साथ ही ड्यूटी में सतर्कता के संबंध में निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला ने चन्दौसी पहुंच रेलवे स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफार्म के साथ सूबेदार गंज लिंक एक्सप्रेस में बोगियां में पहुंच सुरक्षा व्यवस्था परखी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है,
लेकिन कटु वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।


## संपादकीय

# पर्यावरणीय जोखिम

जल की कमी एक गंभीर वैश्विक चिंता है। परंतु भारत में पानी की बढ़ती कमी कृषि तथा उद्योग क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है जो देश की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और लोगों की आय में गिरावट होगी। परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। कहा जा सकता है कि जल संकट के देश में दूरगामी परिणाम होंगे। भारत जैसे देश में जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उपलब्ध जल संसाधन आबादी की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन में तेजी के कारण पानी का तनाव बिगड़ रहा है, जिससे सूखा, गर्मी की लहर और बाढ़ जैसी तीव्र और लगातार चरम जलवायु घटनाएं हो रही हैं। तेजी से आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार प्राकृतिक आपदाओं के बीच पानी की खपत बढ़ने से भारत पानी की कमी का सामना कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में बढ़ते जल संकट के कारण विरोध प्रदर्शन हो रहे और राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कम वर्षा और शुष्क परिस्थितियों के कारण राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जल की कमी विशेष रूप से गंभीर है। निश्चित रूप से पानी की कमी का देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि पर असर पड़ता है। कृषि पर अत्यधिक निर्भर क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना गंभीर रूप से तनावपूर्ण होता है।

पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे कुछ राज्यों ने जल प्रबंधन में निवेश के लिए धन जुटाने के लिए स्थायी वित्त बाजार का उपयोग किया है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति की अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया की हर एजेंसी भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही है। जल संकट भारत के विकास में अस्थिरता को बढ़ा सकता है और अर्थव्यवस्था की झेलने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। भारत के समक्ष पर्यावरणीय जोखिम से संबद्ध चेतावनी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। जल संकट को कम करने के लिए, टिकाऊ दीर्घकालिक समाधानों के लिए स्थायी जल आवंटन और प्रबंधन को बढ़ावा देने वाली नीतियां आवश्यक हैं। जल उपचार और बुनियादी ढांचे में निवेश करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और समान जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। जनता के बीच जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदारी से पानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

# जब संविधान की प्रति मांगने पर कहा जाता कि छपना बंद है


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने पर संविधान को बदले जाने के खतरे के सवाल को विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया। इसकी गरमाहट अभी भी बनी हुई है। 18 वीं लोकसभा के शुरुआती दिन अनेक विपक्षी सांसद संविधान की रक्षा के संकल्प के तौर पर उसकी प्रति साथ लिए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार दोहराते रहे कि संविधान को कोई बदल नहीं सकता। एनडीए के नेता पद के चुनाव की बैठक में प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भारत के संविधान के सम्मुख मस्तक नवाया। उधर राहुल गांधी इस सवाल पर मोदी और भाजपा पर लगातार हमलावर है।

फिलहाल तो संविधान में "बदलाव की आशंका में" आस्तीनें चढ़ी हुई हैं,लेकिन आजाद भारत में 21 महीने का ऐसा भी दौर आया था,जब देश का संविधान बेमानी हो गया था। उसमें मनमाने फेर बदल किए गए। मूल ढांचे पर आघात किया गया। अदालतें पंगु हो गईं थीं। तब संविधान की प्रति मांगने पर बुक सेंटर्स पर कहा जाता था कि "वो छपना बंद हो गया।" क्यों और क्या हुआ था तब?

12 जून 1975 को इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था। गुजरात, बिहार के छात्र युवा इस फैसले के पहले से ही सड़कों पर थे। सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण उनकी अगुवाई संभाल चुके थे। इसी के साथ उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी भ्रष्टाचार विरोधी "संपूर्ण क्रांति आंदोलन" का विस्तार हो चुका था। अनेक विपक्षी दल इस आंदोलन के साथ थे। अदालती फैसले ने इंदिरा गांधी पर इस्तीफे का दबाव और बढ़ा दिया। जवाब में इंदिरा जी ने विपक्ष को कुचलने का रास्ता अपनाया। आंतरिक इमरजेंसी लगाई। असहमति के हर स्वर का मुंह बंद किया। प्रेस पर सेंसरशिप थोपी। 25 जून की रात जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर, राजनारायण सहित तमाम विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। गिरफ्तारियों का सिलसिला देशव्यापी था जिसमें विपक्ष के बड़े नेताओं से लेकर सरकार विरोधी लाखों लोग शामिल थे। विपक्षियों को जेल में डालने के बाद अदालतों को हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38 वां संशोधन लाया गया। उसके जरिए इमरजेंसी की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए,उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नहीं किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39 वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया।

> दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिरा गांधी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था।

28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42 वें संशोधन का दायरा व्यापक था। संविधान की प्रस्तावना में "समाजवादी", "धर्मनिरपेक्ष", "एकता" ,"अखंडता" शब्द जोड़े गए। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। 10 मौलिक कर्तव्यों को अनुच्छेद 51(क)(भाग-iv क) में जोड़ा गया। इसके द्वारा संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नहीं बना पाईं थीं। 42 वें संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छह वर्ष कर दिया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को मखौल में बदल दिया। किसी बुक सेंटर पर भारतीय संविधान की प्रति मांगने पर अजूबे के तौर पर देखा जाता था। एक आहत दुकानदार का जवाब था," अब यह छपना बंद हो चुका है।" विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था।

इमरजेंसी की वैधता का सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने उठा। चीफ जस्टिस एएन रे की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की। अन्य जज थे-एच.आर.खन्ना, एमएच बेग, वाईवी. चंद्रचूड़ और पीएन.भगवती। इस सवाल से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार का तर्क था कि राष्ट्रपति ने आपातकाल लागू करके अनुच्छेद 21 स्थगित कर दिया है। अतः उससे जुड़ा कोई मामला अदालत के सामने नहीं लाया जा सकता। सी.के.दफ्तरी का प्रतिवाद था,"कानून का शासन न तो स्थगित किया जाता है और न किया जा सकता है। अनुच्छेद 21 जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और किसी अदालत में मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है। अगर उसे स्थगित कर दिया जाए तो कैदियों के बचाव का कोई उपाय ही नहीं बचता।" नानी पालकीवाला ने कहा कि अगर कार्यपालिका संविधान प्रदत्त मौलिक संस्थाओं को ही कुचलने पर तुली हुई है तो भारत को प्रजातंत्र को अलविदा कह देना चाहिए। मूलभूत अधिकार सरकार की देन नहीं हैं,अपितु आजादी की लड़ाई में जनता के संघर्ष के परिणाम हैं।

बहुमत से भिन्न निर्णय करने वाले इकलौते जस्टिस खन्ना थे। उनके अनुसार इमरजेंसी की हालत में भी किसी व्यक्ति को जीवन या उसके वैयक्तिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा कि प्रश्न यह नहीं है कि क्या वैयक्तिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जा सकता है,बल्कि यह कि क्या इस तरह के सार्वजनिक खतरे को देखते हुए कानून को पूरी तौर पर खामोश किया जा सकता है। गिरफ्तारी आदेश के विरुद्ध किसी याचिका को कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं जिसके तहत उसे पारित किया गया,के प्रतिकूल होने के आधार पर अथवा दुर्भावना के आधार पर स्वीकार न करना अनुच्छेद 359 की सीमा के बाहर है। उन्होंने निर्णय दिया कि राष्ट्रपति को भी कानून के शासन को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। भय और आतंक के उस माहौल में जस्टिस खन्ना के साहस की हर ओर सराहना हुई। न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा कि न्यायिक इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। पालकीवाला ने अपने एक लेख में लिखा कि जस्टिस खन्ना की प्रतिमाएं जगह-जगह लगाई जानी चाहिए। उम्मीद के मुताबिक जस्टिस खन्ना को इस फैसले की कीमत चुकानी पड़ी। उनकी सीनियारिटी को दर किनार कर जूनियर जस्टिस बेग को चीफ जस्टिस बनाया गया।

खन्ना ने इस्तीफे की जगह अपना शेष कार्यकाल भी निर्भीक और निष्पक्ष जज के रूप में पूरा किया,लेकिन जोर-जबरदस्ती की भी एक सीमा थी। दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गई।

18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीखें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा,लेकिन इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी और उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम चुना। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदखल नहीं ही किया, बल्कि रायबरेली जहां से पिछली बार 1974 में इंदिराजी जीतकर 1975 में अदालत से हारी थीं,को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं।


## प्रसंगवश

# भ्रामक है स्थायित्व की गणित

अठारहवीं लोकसभा का सत्र पहला दिन खूब गहमागहमी युक्त और हलचल भरा रहा। दोनों तरफ से आस्तीनें समेटी गईं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं है,अतः अस्थिरता की आशंकाओं के निवारणार्थ उन्होंने धर्म ग्रंथों का सहारा लेकर अपनी सरकार को स्थिर साबित करने की गणित पेश की। चूंकि यह लोकसभा अठारहवीं है और आठ व एक का योग नौ होता है,अतः इन दो अंकों का सहारा लेकर उन्होंने अपने विषय को प्रतिपादित करने की कोशिश की। नौ इसलिए संदर्भित किया, क्योंकि इसके पहाड़े के सभी अंकों का योग नौ ही रहता है। अठारह के अंक के लिए उन्होंने गीता को अठारह अध्यायों वाली बताया और पुराणों तथा उप-पुराणों की संख्या अठारह बताकर अपनी सरकार स्थिर बताई। इस संबंध में मुझे यह कहना है कि यह गणित भ्रामक और विश्लेषण औचित्यपूर्ण नहीं है। पहले तो यह कि लोकसभा अठारहवीं है, सरकार नहीं। लोकसभा कार्यकाल पूरा कर ले,किंतु सरकार न कर पाए। साथ ही अठारह से जो निष्कर्ष निकाला गया,वह खींचातानी भरा और तर्क संगत नहीं है। गीता के अध्याय अठारह हैं तो गीता संदेश क्या देती है? सत्ता के विरुद्ध लड़ने के लिए अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेरित किया। युद्ध हुआ और सत्ता पराजित होकर विनष्ट हुई। नई सत्ता आ गई। मालूम हो कि दोनों तरफ की सेना भी आठारह अक्षौहिणी थी,जो नष्ट हो गई। युद्ध भी अठारह दिन ही चला। तत्समय भी बहुमत सत्ताधारी पक्ष यानी कौरव दल का ही था जिनके पास ग्यारह अक्षौहिणी सेना थी। पांडवों के पास कम,यानी केवल सात अक्षौहिणी,लेकिन बहुमत हारा। अतः गीता वाले अठारह का उदाहरण तो उल्टा बैठ रहा है। पुराण अठारह जरूर हैं,किंतु उप पुराण 55 हैं। मुख्य उप-पुराण 18 हैं तो 18+18 का योग तो 36 होता है,जो निरंतर विरोध का ही प्रतीक है। एक बात और। यदि अठारह और नौ के आधार पर यह कार्यकाल पूरा करेंगे तो मोदी का पिछला कार्यकाल कैसे पूरा हुआ? तब तो ये अंक क्रमशः 17 और 8 थे। एक अन्य सोच के अनुसार अब तक हुए हिंदुओं के नौ अवतारों में नवें गौतम बुद्ध थे,जो राजपाट छोड़कर चले गए थे।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# इसरो की अंतरिक्ष यान तकनीक


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है।

भारत तीसरा मुल्क है जिसने स्पेस शटल बनाने का उपक्रम किया है। अमेरिका ने कई साल तक स्पेस शटल चलाई, रूस ने अपनी स्पेस शटल 'बुरान' का सफलतापूर्वक टेस्ट किया,लेकिन सन 1988 में इस प्रोग्राम को बंद कर दिया। और जब 1991 में सोवियत संघ टूट गया तो अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए धन भी कम हो गया। रूस ने 1993 में निर्माण के विभिन्न चरणों में चार अन्य अंतरिक्ष शटल वाहनों के साथ बुरान कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर रद कर दिया।

अमेरिका की दो स्पेस शटल दुर्घटनाग्रस्त हुईं और यह यान जिसका काम अंतरिक्ष में सामान पहुंचाना,अंतरिक्ष में 'नियर अर्थ ऑर्बिट में चक्कर लगाने वाले सैटेलाइट्स और शक्तिशाली दूरबीनों की मरम्मत करना और स्पेस स्टेशन से मलबे और कूड़े को वापिस लाना था। अंततः अनेक समस्याओं के कारण बंद करना पड़ा। पूरा प्रोग्राम यादों का अब एक म्यूजियम मात्र है। स्पेस शटल कार्यक्रम अमेरिकी नासा द्वारा चलाया गया चौथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम था जिसने 1981 से 2011 तक पृथ्वी से कक्षा में चालक दल और कार्गो के लिए नियमित परिवहन पूरा किया। इसका आधिकारिक नाम,स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (एसटीएस), पुनः प्रयोज्य अंतरिक्ष यान की एक प्रणाली के लिए 1969 की योजना से लिया गया था जिसमें से यह विकास के लिए वित्त पोषित एकमात्र वस्तु थी। इसने 135 मिशनों में उड़ान भरी और 16 देशों के 355 अंतरिक्ष यात्रियों को ले गया जिनमें से कई-कई यात्राओं पर थे। दो पुनः प्रयोज्य ठोस रॉकेट बूस्टर और एक डिस्पोजेबल बाहरी ईंधन टैंक के साथ लांच किए गए। ऑर्बिटर से बना स्पेस शटल, आठ अंतरिक्ष यात्रियों और 50000 पाउंड (23,000 किलोग्राम) तक के पेलोड को कम पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले गया। जब इसका मिशन पूरा हो जाता था तो ऑर्बिटर पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करता और कैनेडी स्पेस सेंटर या एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर ग्लाइडर की तरह उतर जाता था। यह बहुत खर्चीले और जोखिमपूर्ण अभियान थे। इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका ने स्पेस शटल प्रोग्राम की घोषणा जनवरी 1972 में की थी। तब यूएस कांग्रेशनल कमेटी ने इसकी कास्ट तो बेनिफिट स्टडी की थी । मालूम हुआ की सन् 1984 तक नासा इस प्रोग्राम पर 43 बिलियन यूएस डॉलर (सन् 1971 की डॉलर मूल्य के अनुसार) खर्च करेगा,लेकिन हुआ चार-पांच गुणा। शटल कक्षा में उतरने और उतरने वाला एकमात्र पंखों वाला चालक दल वाला अंतरिक्ष यान है और पहला पुनः प्रयोज्य चालक दल अंतरिक्ष यान है जिसने कक्षा में कई उड़ानें भरीं। इसके मिशनों में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) सहित विभिन्न कक्षाओं में बड़े पेलोड ले जाना शामिल था। अंतरिक्ष स्टेशन के लिए क्रू रोटेशन प्रदान करना और हबल स्पेस टेलीस्कोप पर सेवा मिशन निष्पादित करना। ऑर्बिटर ने उपग्रहों और अन्य पेलोड (जैसे आईएसएस से) को भी कक्षा से बरामद किया और उन्हें पृथ्वी पर लौटा दिया, हालांकि इस क्षमता में इसका उपयोग दुर्लभ था। कार्यक्रम के चरम पर 'प्रति माह लांच' की उम्मीद थी,लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के विकास में व्यापक देरी होने की वजह से ऐसा कभी हो नहीं पाया। स्पेस शटल प्रोग्राम के सक्रिय होने से पहले नासा ने 'एक्सप्लोरिंग द अननॉन' में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के इरादों के बारे में जानकारी दी थी। हरेक अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट पर, प्रोटोकॉल विकसित करने पर और प्रोग्राम के सक्रिय हो जाने के बाद वास्तविक ऑपरेशनल डेटा के बारे में कितना डॉक्यूमेंटेशन करना होता यह आम आदमी को अंदाजा नहीं होता।

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है। इसे एक ऐसी टेक्नोलॉजीज विकसित करने के इरादे से डिजाइन किया गया है और जिसमें उत्तरोत्तर सुधार किया जाएगा और जिसे एक पुनर्प्रयुक्त किए जाने वाले लांचर के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। अर्थात इसे निकट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और यह अपना काम करके वापिस एक यान की भांति धरती पर उतरेगा। इसे बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा और जरूरत होगी तो रिपेयर किया जाएगा ताकि हरेक बार एक नए लांचर के निर्माण पर पैसा न खर्च करना पड़े।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार में शीर्ष पर कौन

बत्तीस साल पहले की बात है,तब बागेश्वर जिले का जन्म नहीं हुआ था। ग्राम विकास सचिव झा साहब ने भ्रमण के लिए दूरस्थ विकास खंड का चयन किया और मैं उनके साथ बतौर एडीएम हो लिया। सज्जन व्यक्ति थे। दिन भर के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम कौसानी में रखा गया।

कौसानी अल्मोड़ा जिले में एक रमणीक स्थल है और यहां से हिमालय पर्वत की छटा सुंदर दिखती है। शाम को राज्य अतिथि गृह के बाहर लान में हिमालय दर्शन के दौरान झा साहब ने कहा,"पाठक जी हम लोगों ने पढ़-लिखकर गांव छोड़ दिया है और गांवों में गुंडा राज हो गया है।" उस समय उनकी यह बात मुझे एक कैजुअल टिप्पणी लगी और सोचा कि वे अपने राज्य बिहार के बारे में कह रहे हैं। उस दौरान बिहार भ्रष्टाचार के मानकों में सबसे शीर्ष पर हुआ करता था। उनकी यह बात मुझे बार-बार याद आ जाती थी। पिछले दो-तीन साल से पांच-छः महीने पैतृक गांव में रहता हूं। दो महीने से गांव में हूं और झा साहब की बात याद आ गई। गांव में पानी के श्रोतों की भरमार के बाद भी वर्षा जल संचयन से टायलेट में काम चलाया जा रहा है। पीने का पानी धारे से ला रहा हूं या मंगवा रहा हूं।

पेयजल आपूर्ति के लिए पुरानी योजना बनी हुई है,लेकिन स्थानीय असामाजिक तत्वों ने कुछ ऐसे उपाय कर रखे हैं कि पीने का पानी ही सुलभ नहीं हो रहा है। मेरे इस गांव में धान की रोपाई होती है, गेहूं भी सिंचाई कर बोया जाता है, लेकिन बाहरी ठेकेदारों ने स्थानीय गुंडों की मदद से जलस्त्रोतों का ऐसा विखंडन कर दिया है कि तल्ला डौणूं में तो नर्सरी के लिए ही पानी नहीं है और मल्ला डौणू में पेयजल आपूर्ति ही घरों में नहीं हो रही है। यह सब सरकारी योजनाओं के नाम पर हो रहा है। मुझे तो रिटायर हुए ग्यारह वर्ष हो गए हैं और एक प्रकार का संन्यासी जीवन है,लेकिन क्या कोई बता सकता है कि भ्रष्टाचार के मानकों के आधार पर इस समय शीर्ष पर कौन है?



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

-फेसबुक वॉल से

# जिंदगी जिंदगी से बड़ी है

> विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है।

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकृति प्रदत्त क्षमता होती है। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य शर्त है। उसकी सीमा भी। दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है,किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो,शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं है। संभवतः इसी रिक्तता को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति,परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्तता से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही जिंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने,किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही जिंदगी है। इसी में पूरी जिंदगी निकल जानी है। जिंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना,उनके लिए नई-नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, जिंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते,बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। जिंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं अंतिम सांस तक बनी रहेंगी।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

# आरक्षण के जनक छत्रपति साहूजी महाराज



छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर के राजा थे। फिर भी रूढ़िवादी लोग उनको शूद्र कहते थे। राजा के संस्कार उनके पुरोहित वैदिक पद्धति से न कराकर पौराणिक पद्धति से कराते थे। समाज में जातिवाद का जबरदस्त प्रभाव था,जबकि साहूजी समानता का व्यवहार चाहते थे। साहूजी राजा ने अपने राज्य में जनसाधारण के लिए जो कार्य किए वे आजाद भारत मे संविधान के अंग बने। छत्रपति साहूजी महाराज जब 2 जून 1902 को इंग्लैंड की यात्रा गए थे। तब वे राज्य की जिम्मेदारी भास्कर राव जाधव को दे गए थे।

लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनका स्वागत समारोह हुआ जिसकी उनके गुरु भाई सर अल्फ्रेड वीज ने व्यवस्था की और उनको एलएलडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। उनके राज्य में कर्मचारी जिनकी संख्या सत्तर से नब्बे तक विभिन्न पदों पर थी। भास्कर राव जाधव को राज चलाने नहीं दे रहे थे जिसकी सूचना उनको इंग्लैंड प्रवास के दौरान दी गई। उन्होंने वहीं से 26 जुलाई 1902 को एक गजट जारी किया जिसमें घोषणा की कि शासन-प्रशासन की सेवाओं में पचास प्रतिशत आरक्षण पिछड़े वर्गों के लिए घोषित किया जाता है। उस घोषणा में दलित वर्ग भी सम्मिलित था। यह भारत के इतिहास में पहली और अनोखी कार्यवाही थी। बहुजनों को बड़ा तोहफा था। हालांकि कुछ लोगों ने योग्यता की दुहाई देकर विरोध भी किया।

26 जुलाई 1919 को इसकी सीमा बढ़ाकर नब्बे प्रतिशत तक कर दी गई। इस व्यवस्था को अन्य राज्यों ने भी अपनाया और संविधान में भी व्यवस्था की गई। अभी संपन्न हुए चुनाव में भी आरक्षण और संविधान का मुद्दा छाया रहा। साहूजी ने छात्रावासों की भी स्थापना की जिसमें अछूतों के लिए भी छात्रावास बनाया जिसका नाम मुंबई के राज्यपाल की दिवंगत बेटी जो कि अछूतों से हमदर्दी रखती थी,वहायलेट क्लार्क के नाम पर रखा गया। मुस्लिमों की शिक्षा उन्नति के लिए 'मुस्लिम शिक्षा समिति' की स्थापना की। उनके लिए अलग छात्रावास का निर्माण कराया। यूसुफ अब्दुल्ला को अपने यहां नौकरी इसलिए दी कि ईमानदारी से छात्रवास और शिक्षा की व्यवस्था देखें।

पिछड़े वर्गों के सरकारी सेवाओं को मंडल कमीशन के एक भाग को वीपी सिंह के प्रधामंत्रित्व काल में आरक्षण को सत्ताईस प्रतिशत की व्यवस्था हुई। साहूजी पिछड़े वर्गों के हितों के लिए अपने जीवनकाल में संघर्ष करते रहे। महापुरुषों को अब भी इतना सम्मान नहीं मिला,बल्कि उनको याद करने वाले भी कम ही लोग हैं।


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

# रोग निवारक एवं परमौषधि योग

योग अमृतयुत परम स्वास्थ्य औषधि है,सकल शरीर विज्ञान है,चरम विज्ञान के साथ ही एकाग्रभाव का मुख्य स्त्रोत है,मन-आत्मा-शरीर का संयोजक है, आत्मशक्ति का परिचायक है, चेतनता, समरसता, ज्ञान और कर्म का शिक्षक है।

सर्वविदित है कि भारतीय वैदिक/ पौराणिक युग से ही योग की जड़ें जुड़ी हुई हैं, शास्त्रों में उपलब्ध है कि आदि योगी के नाम से भगवान शिव थे, जिन्होंने इस कला को जन्म दिया। 200 ईसा पूर्व महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में 195 योगसूत्रों का प्रणयन करके योग की परंपरा को विधिवत आगे बढ़ाया। दुनिया के सभी योग गुरुओं के लिए योगसूत्र प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते आए हैं। प्राचीन भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित योग एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि ने "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" अर्थात् चित्त की वृत्तियों में निरोध/ नियंत्रण करना ही योग बताया है। वहीं भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में 'योगः कर्मसु कौशलम् ' और "समत्वं योग उच्यते" दो मुख्य परिभाषाओं से योग का महत्व प्रतिपादित किया है। योग व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित करने का एक परम साधन है। योग अनुशासित-पवित्र जीवन के साथ असाधारण कार्य करने की क्षमता रखता है। निद्रा-तन्द्रा-आलस्य से मुक्त होकर वर्ण,लिंग,जाति,धर्म, अस्पृश्यता के भेद से मुक्त हो जाता है।

बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, स्वस्थ्ता की इच्छा के साथ ही दुर्गुणों की निवृत्ति के साथ सद्गुणों की प्रवृत्ति के लिए तथा विभिन्न रोग, संदेह, भ्रम, व्यसन, मिथ्याडंबर, भूत-प्रेत बाधादि के निवारण के साथ आदि दैविक, भौतिक, आध्यात्मिक दुःखों की निवृत्ति के लिए योग मार्ग मंगल पथ है तथा परमौषधि है। सभी जाति-धर्मों के युवा,प्रौढ़,पुरुष और महिलाओं को इस मार्ग का आचरण-अनुसरण करना चाहिए। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य भी है।


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति पर महिला ने उसकी नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि रात को उसकी पुत्री छत पर सो रही थी। उसी दौरान पड़ोसी उसकी छत पर आ गया और उसकी पुत्री को जबरन अपनी छत पर ले गया और दुष्कर्म किया। पुत्री द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी उसकी पुत्री को महीनों से भी ब्लैकमेल कर रहा था। कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सांड़ के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव समसपुर हुसैनपुर निवासी शीशराम सिंह की 70 वर्षीय पत्नी विमला देवी पर सांड़ ने हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि जंगलों में घूम रहे सांड़ नगर व ग्रामीण बस्ती की ओर रूख कर रहे हैं। उन्हें भगाने पर वह हमलावर हो रहे हैं। जंगल में खेतों से भगाने के दौरान पहले भी सांड़ किसानों पर हमला कर चुके हैं। परिजन घायल महिला विमला देवी को सीएचसी नहटौर लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में कराई जांच

**नगीना, अमृत विचार :** बिस्मिल्लाह हेल्थ केयर सेंटर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का उद्घाटन आरके सिंह ने किया। कांग्रेस नेता पूर्व प्रमुख सचिव आर के सिंह ने कहा कि बिस्मिल्लाह हेल्थ केयर सेंटर के नि:शुल्क जांच शिविर से लोगों को सुविधा मिल रही है। शिविर में 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार त्यागी, थाना प्रभारी नगीना प्रवेश पाठक, सीओ राकेश वशिष्ट, शेख मोहम्मद अंजार, पूर्व सांसद ओमवती, इश्तियाक अहमद, राकेश मिश्रा, बिस्मिल्लाह हेल्थ केयर सेंटर के संस्थापक अब्दुल वाहिद अंसारी थे। संचालक डॉ. मदीहा वाहिद अंसारी ने बताया कि महीने की प्रत्येक 25 तारीख को निशुल्क कैंप लगता है।

# तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा कर बना लिए मकान

## शिकायत करने पर भी अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट आदेश हैं कि सार्वजनिक स्थानों तथा तालाबों की जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाए। लेकिन इसके विपरीत स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर स्थित तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर कई मकान बना दिए गए हैं।


तालाब की जमीन पर बने मकान। ● अमृत विचार

तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त करने के उद्देश्य से गांव के हरि सिंह ने मुख्यमंत्री से लेकर संबंधित तमाम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि ग्राम हमीरपुर में तालाब की जमीन पर रोहित, बलजीत, प्रमोद, सुरेश , इरशाद ने मकान बना लिए हैं और तालाब की जमीन को बेचा जा रहा है। इसकी शिकायत हरि सिंह ने की तो अवैध कब्जाधारी उसे परेशान कर रहे हैं। हरि सिंह का कहना है कि इस सबके बावजूद अधिकारियों द्वारा उक्त तालाब की जमीन से अवैध कब्जों को नहीं हटवाया गया है। इस पर हरि सिंह ने फिर से एसडीएम धामपुर को पत्र भेजकर तालाब की जमीन को को खाली करवाने की मांग की है। उक्त मामले में जानकारी करने पर हल्का लेखपाल इरशाद ने बताया कि मामला संज्ञान में है। उक्त अवैध मकानों को चिह्नित कराया गया था, अधिकारियों का आदेश मिलने पर जल्द ही शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। ग्राम प्रधान का कहना है कि उस पर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। सभी मकान उसके कार्यकाल से पहले के बने हुए हैं। मामले में सचिव का कहना है कि तालाब से जुड़ा मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।


एसडीएम के विरोध में धरना देते भाकियू अराजनैतिक के सदस्य। ● अमृत विचार

# भाकियू अराजनैतिक का धरना दूसरे दिन भी जारी

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं से अभद्र व्यवहार के विरोध में एसडीएम पर कार्रवाई व तबादले को लेकर कार्यकर्ताओं का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। लेकिन कोई भी अधिकारी किसानों से वार्ता करने नहीं पहुंचा।

भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी रावेन्द्र सिंह राठी, तहसील अध्यक्ष नमेंद्र सिंह व नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह ने आरोप लगाया था कि यूनियन के कार्यकर्ता एसडीएम अवनीश त्यागी के पास जाते हैं तो वह अभद्र व्यवहार कर धमकी देते हैं। अभद्र व्यवहार के विरोध व एसडीएम के तबादले लेकर मांग को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार से तहसील परिसर में चल रहा धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। एसडीएम का कहना है कि उन्होंने अभद्र व्यवहार नहीं किया। मंगलवार को धरने पर समर पाल सिंह, अनुज तोमर, तेजपाल, हितेश, समीर, फहीम, डॉ. योगेंद्र सिंह रहे।

# टैक्सी में मानक से अधिक यात्री बैठाने पर रोक लगाने की मांग

संवाददाता, नजीबाबाद

- भारतीय किसान यूनियन खालसा ने सीओ को दिया ज्ञापन, यात्रियों से अभद्र व्यवहार की शिकायत

**अमृत विचार :** नजीबाबाद से कोटद्वार टैक्सी यूनियन द्वारा संचालित टैक्सी के चालकों के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन खालसा के जिला अध्यक्ष सोनू आदित्य के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद देश दीपक को सौंपा गया। ज्ञापन में जानकारी दी गई कि नजीबाबाद से कोटद्वार टैक्सी यूनियन के तहत संचालित हो रही हैं, उन टैक्सी चालकों द्वारा यात्रियों से अभद्र व्यवहार किया जाता है।

ज्ञापन में कहा गया है कि 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टिकट भी लिया जाता है, अगर कोई मना करता है तो टैक्सी चालक अभद्र व्यवहार करते हैं। चालकों द्वारा टैक्सी में सब्जी मण्डी से कोटद्वार के लिए सब्जी व अन्य सामान भरा जाता है, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है, टैक्सी में क्षमता से अधिक सवारियां भरी जाती हैं। सभी चालक तेज गति से टैक्सी को चलाते हैं। चालकों द्वारा कुछ यात्रियों को बाहर खड़ा किया जाता ही है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। ज्ञापन में उपरोक्त मामले में उचित कार्रवाई की मांग किसान यूनियन खालसा के द्वारा की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन खालसा सोनू आदित्य, जिला सलाहकार मदन गोपाल टोक, नजीबाबाद तहसील महामंत्री पंकज अग्रवाल, नजीबाबाद तहसील उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार रावत, संजय कुमार, विशाल कुमार रहे।

# पंचायत समिति का गठन न होने पर नारेबाजी

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** दो माह पहले ग्राम पंचायत मुस्सेपुर पाली के ग्राम प्रधान की मौत के मामले में ग्राम पंचायत में दो माह का समय बीतने के बाद भी समिति न बनने व एजेंडे पर पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर न कराने के विरोध में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक परिसर में धरना देते हुए नारेबाजी की ओर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रधान। ● अमृत विचार

दो माह पहले ग्राम पंचायत मुस्सेपुर पाली के ग्राम प्रधान मुमताज अहमद का निधन हो गया था। जिससे ग्राम पंचायत के विकास कार्य ठप हो गए। दो माह का समय बीतने के बाद भी पंचायत में समिति का गठन न होने पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ग्राम प्रधान ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और धरना देते हुए नारेबाजी की। संगठन के प्रधानों का आरोप था कि उक्त ग्राम पंचायत के सचिव ने जारी एजेंडे पर पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं कराए, जिसके कारण पंचायत सदस्य मीटिंग में नहीं पहुंचे और मीटिंग निरस्त कर दी गई। उन्होंने कहा कि दूसरे एजेंडे में 28 जून को समिति के गठन के लिए मीटिंग होनी है, सचिव 28 जून को कोरम पूरा होने पर मीटिंग निरस्त करती है और समिति का गठन नहीं किया जाता है तो ब्लॉक परिसर में अखिल भारतीय प्रधान संगठन धरना-प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी करेगा। इस मामले में खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह, शकील अहमद, प्रशांत कुमार, अतीक अहमद, फरमान अंसारी, फारुक, अशोक कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, उदित चौधरी, निसार अहमद, खलील अहमद, मुकेश कुमार, सतेंद्र कुमार, नरेश कुमार, जाने आलम, मौहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पीआरडी के जवान व उसके भाई की मौत

**नहटौर, अमृत विचार :** हृदय गति रुकने से पीआरडी के जवान व उसके भाई की मौत हो गई। दो भाइयों की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के गांव जरीफपुर चतर निवासी करण सिंह उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र बलदेव सिंह की मंगलवार सुबह तबियत खराब हो गई थी। परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई की मौत की खबर जैसे ही धन सिंह उम्र लगभग 58 वर्ष को लगी तो सदमे से उसकी भी मौत हो गई। दोनों भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। करण सिंह नहटौर थाने में पीआरडी जवान के पद पर तैनात था। वहीं, पुलिस व पीआरडी के जवानों में भी शोक की लहर दौड़ गई। पीआरडी जवानों ने घर पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन दिए तथा शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

### प्रवेश राजपूत बने जिला प्रमुख



**किरतपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग 21 से 24 जून तक खुर्जा में आयोजित किया गया था। जिसमें प्रवेश राजपूत को जिला बिजनौर का जिला प्रमुख बनाया गया। प्रवेश राजपूत किरतपुर नगर इकाई के नगर अध्यक्ष तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भी रहे हैं। प्रवेश राजपूत ने बताया कि जिले में किसी प्रकार का छात्रों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्यार्थी परिषद छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा तथा किसी भी कॉलेज प्रशासन को मनमानी नहीं करने दी जाएगी, साथ ही अवैध कोचिंग पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वह उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया।

### आग से जला ट्रांसफॉर्मर और खोखा, नुकसान

**किरतपुर, अमृत विचार :** मंडावर रोड स्थित सर सय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी ने पास ही रखे गुलजार निवासी अहमद खेल के लकड़ी के खोखे को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें गुलजार गन्ने का रस बेचकर परिवार का पालन करता है। कुछ ही समय में आग से खोखा राख हो गया। पास के दुकानदारों ने मिलकर आग पर पानी डाला और आग पर काबू पाया।

### डींगरपुर से पैजनिया तक जर्जर तार बदलवाने की मांग

**हल्दौर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तत्वावधान में मांगपत्र जिलाधिकारी के नाम विद्युत उप खंड अधिकारी को सौंपा गया। मांगपत्र में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याएं बताकर उनके समाधान की मांग की। मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी के नाम मांग पत्र एसडीओ अभय कुमार को सौंपा गया। जिसमें डींगरपुर से पैजनिया बिजली घर तक 33 केवीए की जर्जर लाइन को शीघ्र बदलवाने एवं पैजनिया बिजली घर क्षेत्र के जर्जर हो चुके तारों को शीघ्र बदलवाने की मांग की है। इसके अलावा किसानों को गुलदार के आंतक से मुक्ति दिलाने तथा छुट्टा गोवंशों से निजात दिलाने तथा गांव में बिलाई शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्र बिना किसानों की मर्जी के नहीं लगवाने की मांग की गई है। इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला सचिव सुरेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह गोविंद उर्फ बिट्टू, भीम सिंह, विकास कुमार, राकेश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, विषेश चौधरी, कमल सिंह, ध्यान सिंह, सुजान चौधरी, मनीष चौहान आदि किसान शामिल रहे।

### तालाब में करंट से नहीं मरी थीं भैंसें

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुराना बस अड्डे के पास तालाब में भैंसों के मरने के मामले में विद्युत विभाग ने करंट से मौत न होने की बात कही है। विद्युत वितरण खंड तृतीय के एसडीओ बताया कि 24 जून को बरसात के दौरान पुराने बस अड्डे के पास स्थित तालाब में 9 भैंसों की बिजली गिरने से मौत हो गई थी। इस घटना को लोगों ने विद्युत विभाग से जोड़ दिया था। आंधी और तूफान आने पर सभी फीडर को बंद कर दिया गया था। 11 केवी में कोई फॉल्ट भी नहीं हुआ था। इसके अलावा न तो कोई बिजली का तार टूट कर तालाब में नहीं गिरा था। बिजली करंट से भैंसों की मौत नहीं हुई।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए चेयरमैन एवं डिप्टी कलेक्टर एवं ईओ ने सभासदों की बैठक में निर्देश दिए। मंगलवार को नगर पालिका सभागार में सभासदों एवं पालिका स्टाफ की बैठक में सर्वप्रथम पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने डिप्टी कलेक्टर एवं ईओ विभा श्रीवास्तव को बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान को हम सफल बनाएं। बैठक में डॉ. अक्षय नागर, प्रियंका, इशांत सैनी सहित सभासद एवं पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

### मुठभेड़ में किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी और सिविल लाइंस थाने की पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल में उससे पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, रामपुर सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले बरेली निवासी व्यक्ति ने 16 वर्षीय किशोरी से छेड़खानी की थी। आरोपी ने किशोरी को फैक्ट्री में नौकरी दिलवाने का लालच दिया था। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार रात पुलिस भमरौआ रोड पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। आरोपी सुमित उपाध्याय निवासी दुनका थाना शाही जनपद बरेली का मूल निवासी है। पुलिस को उसके पास से तमंचा, दो कारतूस और एक बाइक मिली है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने अस्पताल में उससे पूछताछ की। उधर, सिविल लाइंस इंस्पेक्टर अजय मिश्र ने बताया कि विवेचना के दौरान पता चला कि आरोपी सुमित उपाध्याय गरीब लोगों को चिह्नित कर सरकारी आवास दिलाने के नाम पर बहला फुसला लेता था। आरोपी के खिलाफ बरेली के शाही थाने में पांच मुकदमे दर्ज हैं।

## अमरोहा-रामपुर

# जावेद गनी ने आगरा के पहलवान को हराया

संवाददाता, सैदनगली/ उझारी

**अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स के अवसर पर दाऊदिया दंगल में पहलवानों ने दांव दिखाए और दर्शकों का मनोरंजन किया।

कस्बा उझारी में दाऊदिया दंगल का उदघाटन चौकी इंचार्ज चांद वीर सिंह एवं पूर्व चेयरमैन चौधरी बुद्धन ने किया।


उझारी में हाथ मिलाते पहलवान। ● अमृत विचार

दंगल में हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, दिल्ली, बागपत, उत्तराखंड, नेपाल से पहलवानों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रमुख रूप से आलम पहलवान रतनपुर ने राजू पहलवान गोरखपुर को, उपेंद्र थापा पहलवान नेपाल ने सूरज पहलवान बक्सर को, सुल्तान पहलवान देवा शरीफ ने मस्ताना पहलवान उत्तराखंड को, फहीम पहलवान कलियर ने शाने आलम पहलवान संभल को, जावेद गनी पहलवान जम्मू ने मेंटल पहलवान आगरा को, लकी थापा पहलवान नेपाल ने गोल्टा पहलवान राजस्थान को, ताबिश पहलवान अमरोहा ने रोहित पहलवान दिल्ली को, अजीत दास पहलवान अयोध्या ने एप्पल पहलवान आगरा को पटकनी देकर विजय पताका लहराई।

दर्शकों ने भी विजेता पहलवानों को पुरस्कार प्रदान कर उनका हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, डॉ. शहरोज मुख्तार, अदनान महल, फय्याज अहमद उर्फ कलवा, शादाब मंसूर, हाजी बब्बन, मोहम्मद कासिम, मोबीन अहमद, फहीम महल, अलाउद्दीन सैफी, वहाब अहमद हाजी कल्लन, भूरे मिस्त्री आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### अकीदतमन्दों ने चादर पेश कर मांगी मन्नत

**सैदनगली, अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में सोमवार रात कुल शरीफ संपन्न हुआ। कस्बा उझारी स्थित दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी का उर्स चल रहा है। सोमवार रात कुल शरीफ में अकीदतमन्दों ने चादर पेश करके मन्नत मांगी। कारी महताब आलम सकलैनी ने वली अल्लाह की फजीलत बयान की। महफिल ए कव्वाली में गुलाम वारिस, आफताब वारसी और सलमान-शाहरुख ने कलाम पेश किया। उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर उर्फ हकीम चमन, फहीम महल, इफ्तिखारुल हसन, अदनान महल, हाजी बब्बन, हाजी कल्लन, अलाउद्दीन सैफी, डॉ. शहरोज मुख्तार, मोहम्मद आदिल, तबरेज आलम, मोहम्मद आमिर, कारी मुरसलीन, फहीम रजा रहे।

# 25 साल से फरार हिस्ट्रीशीटर को उत्तराखंड से किया गिरफ्तार

संवादाता,सैदनगर

**अमृत विचार:** 25 साल से गायब हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर पर पुलिस ने अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।


पुलिस की गिरफ्त में हिस्ट्रीशीटर।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के चांदपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद अली उर्फ नन्हें करीब 25 वर्ष से लापता था। पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार जानकारी जुटा रही थी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग रहा था। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने मुरसैना चौकी इंचार्ज विपिन कुमार और हेड कांस्टेबल राहुल कुमार को हिस्ट्रीशीटर की जानकारी लेकर अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए। आरोपी की पूछताछ करते-करते पुलिस बाजपुर उत्तराखंड के महेशपुरा गांव पहुंच गई। जानकारी जुटाना के बाद पुलिस आरोपी के घर पहुंच गई। आरोपी में पहले तो पुलिस को गलत जानकारी देकर गुमराह करना चाहा। पुलिस में सख्ती से बात की तो आरोपी ने सब कुछ सही बता दिया। पुलिस आरोपी हिस्ट्रीशीटर को लेकर अजीमनगर थाने पहुंच गई। पुलिस के सराहनीय कार्य के चलते 25 साल से लापता चल रहे हिस्ट्रीशीटर का सुराग मिल गया। आरोपी हिस्ट्रीशीटर पर पुलिस में अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### श्री साईं पालकी की शोभायात्रा निकली

**हसनपुर, अमृत विचार:** श्री साईं मंदिर के 20वें स्थापना दिवस पर श्री साईं सेवा समिति के तत्वावधान में मुख्य मार्गों पर श्री साईं पालकी शोभायात्रा निकली गई। शोभायात्रा का भक्तों द्वारा स्वागत किया गया।

मंगलवार को नगर के प्राचीन मां चामुंडा मंदिर स्थित साईं बाबा के मंदिर के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर समिति द्वारा शोभायात्रा निकली गई। शोभायात्रा नगर के चामुंडा मंदिर से प्रारंभ होकर मोहल्ला कायस्थान, होली चौक, वंश प्लाजा, पुराना डाकघर, जामा मस्जिद, दरबार, जनकपुरी, पंसारा बाजार, मोहल्ला महल, मोहल्ला कायस्थान होती हुई चामुंडा मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में एक ठेला, एक पालकी एवं एक बाबा की झांकी शामिल थी। शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर स्वागत हुआ। शोभायात्रा में संदीप अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, महेंद्र चावला, विकास अग्रवाल, अनिल राजपूत, तरुण अग्रवाल, राहुल गुप्ता, यश गुप्ता, पारुल अग्रवाल, उर्मिला चौधरी, पूजा आदि रहे।

# मदरसे में मौलवी ने छात्र से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

**शर्मनाक**

- जानकारी पर पीड़ित छात्र के परिजनों ने किया हंगामा
- गांव छोड़कर जा रहे मौलवी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में मदरसे में मौलवी ने नाबालिग छात्र के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पड़ोसी गांव निवासी एक किशोर मदरसे में रहकर पढ़ाई करता है। छात्र अन्य छात्रों के साथ मदरसे के हॉस्टल में रहता था।

आरोप है कि मदरसे का मौलवी छात्र को बहला फुसलाकर दूसरे कमरे में ले गया। इस दौरान आरोपी ने छात्र के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान मौलवी ने छात्र को किसी को न बताने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी मदरसे से फरार हो गया। छात्र ने परिजनों को आपबीती बताई। मदरसे पहुंचे छात्र के परिजनों ने हंगामा किया। रात 12 बजे परिजन छात्र को लेकर अजीमनगर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नगलिया आकिल निवासी मौलवी अजीजुर्रहमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने गांव छोड़कर जा रहे आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि छात्र को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया आरोपी मौलवी को गिरफ्तार किया है।

### दो दोस्तों पर हमला गर्दन काटने का प्रयास

**पटवाई (रामपुर), अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के लालपुर खुर्द में सोमवार रात्रि नौ बजे लालपुर गांव निवासी राजवीर और उसका दोस्त विनोद निवासी गांव बबुरा थाना शहजादनगर को अपने गांव लेकर आया था। गांव में मंदिर पर बैठे गांव के ही रघुवीर, हेतराम और महावीर से राजवीर की कहासुनी हो गई। इस दौरान मारपीट हो गई। पीड़ित राजवीर के भाई पप्पू ने बताया कि रघुवीर हेतराम और महावीर ने घर से दांव और दराती लाकर राजवीर की गर्दन पर हमला कर दिया। राजवीर के दोस्त विनोद की भी गर्दन पर हमला कर दिया। दोनों युवकों के हाथ और उंगली पर हमला किया। सूचना के बाद पहुंची पटवाई पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। दोनों घायलों को सोमवार रात्रि में उपचार किया। मंगलवार को जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## सत्ता पक्ष-विपक्ष कर रहे संविधान के साथ खिलवाड़: मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कहा कि दोनों संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं। बसपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों की अंदरूनी मिलीभगत है।



भारतीय संविधान के साथ खिलवाड़ कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी दलों की जब केंद्र में सरकार रही तो उन्होंने इसमें इतने संशोधन कर दिए कि अब यह डॉ भीमराव आंबेडकर का समता मूलक, धर्मनिरपेक्ष और बहुजन हिताय संविधान नहीं रह गया है। अब यह जातिवादी, पूंजीवादी और सांप्रदायिक संविधान बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण का लाभ न मिले या फिर यह निष्प्रभावी रहे, इसकी कोशिश की जा रही है।

# तीन बड़े शहरों का होगा सीमा विस्तार, लीज पर मिलेंगे राही पर्यटन गृह

## कैबिनेट के फैसले: लखनऊ, प्रयागराज, कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलिपैड बनाए जाने का प्रस्ताव पास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में तीन बड़े शहरों के सीमा विस्तार के फैसले पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। वहीं सात पर्यटन विभाग के प्रस्ताव भी पास किए गए।

- **बिजली विभाग में विधुत निरीक्षक के अधिकार को नियम बनाएगी सरकार**

इनमें शाकुंभरी देवी मंदिर के पास निशुल्क भूमि पर्यटन विभाग को आवंटित किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। इसके साथ ही अमेठी, बुलंदशहर, बाराबंकी, सीतापुर में राही पर्यटन गृह लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली। इसके अलावा लखनऊ, प्रयागराज, कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलिपैड बनाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। वहीं, प्राचीन धरोहर को पीपीपी मॉडल पर रीयूज (बरसाना जल महल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर) करने का प्रस्ताव पास हुआ है। इनके अलावा, गोरखपुर स्थित परमहंस योगानंद स्थल को पर्यटन स्थल में बनाए जाने के लिए भूमि दिए जाने का प्रस्ताव पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है।

वहीं, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि बिजली विभाग में विधुत निरीक्षक के अधिकार तय करने के लिए सरकार नियम बनाएगी। वहीं, प्रदेश में एक निश्चित धनराशि के ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र की सेल्फ प्रिंटिंग संबंधी प्रावधान समाहित करने के लिए उप्र. ई-स्टाम्पिंग नियमावली, 2013 में संशोधन को मंजूरी दी गई है।

**सैमसंग को 207 करोड़ की कैपिटल सब्सिडी मिलेगी :** इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग नीति-2017 के तहत सैमसंग को 207 करोड़ रुपये की कैपिटल सब्सिडी देने की मंजूरी कैबिनेट ने दे दी। नीति के तहत अधिकतम 250 करोड़ रुपये की कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है जिसके तहत 207 करोड़ रुपये का अनुमोदन मंत्रिमंडल ने कर दिया। सैमसंग ने नोएडा में अपना डिस्प्ले प्लांट लगाया है। इस प्रोजेक्ट में सैमसंग कंपनी ने 4,825 करोड़ का निवेश किया है। उप्र. में शुरू होगी प्रोमोट फार्मा राज्य में चिकित्सकीय तकनीक और दवाओं पर शोध के लिए प्रमोटर फार्मा की शुरुआत की जाएगी। इससे फार्मास्यूटिकल बाजार में भागीदारी बढ़ेगी। इसे शुरू करने के लिए सरकार 500 करोड़ देगी।



मंगलवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कर्ज के चलते बंद हुई 11 यूनिट्स को ओटीएस योजना के तहत दी गई राहत
- स्टार्टअप नीति के तहत 4 और सेंटर ऑफ एक्सीसिलेंस होंगे स्थापित.
- कई जिलों में यूपीसीडा को निशुल्क 371.91 एकड़ भूमि देने को मंजूरी
- आगरा और प्रयागराज में इंडस्ट्रियल नोड के लिए दी गई जमीन.
- ऊर्जा एवं नगर विकास से जुड़े पांच प्रस्ताव को दिखायी रही झंडी
- विद्युत निरीक्षक की नियमावली से जुड़े प्रस्ताव पर लगी मुहर
- नगर विकास विभाग के 4 प्रस्ताव पर लगी मुहर.
- नगर पंचायत-पालिका में संपत्ति कर से जुड़ी नियमावली पर मुहर.
- अयोध्या में नयी योजना से 27928 घरों को मिलेगा सीवेज कनेक्शन
- अमृत योजना की फंडिंग पैटर्न में सुधार से जुड़े प्रस्ताव मंजूर

### बीओसी बोर्ड के सचिव विशेष सचिव ही होंगे

कैबिनेट ने उप्र. भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) नियमावली, 2009 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इसी के साथ अब भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसी) के सचिव पद पर केवल विशेष सचिव स्तर के अधिकारी की ही तैनाती होगी। अभी तक इस पद के लिए डिप्टी लेबर कमिश्नर और उनसे ऊपर के अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाती थी।

### रोगी की देखभाल को अधिकारियों, कर्मचारियों को भत्ता

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआइ) के ग्रुप ए व ग्रुप बी के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब रोगी देखभाल भत्ता दिया जाएगा। इस क्रम में अब हर महीने 5,300 रुपये हर महीने यह भत्ता दिया जाएगा, जो कि एम्स, नई दिल्ली में दिए जा रहे भत्ते के बराबर ही होगा। यह भत्ता दिए जाने से हर वर्ष सरकार पर 96 लाख रुपये का व्यय भार पड़ेगा। अन्य संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मियों को यह भत्ता पहले से मिल रहा है।

### नोएडा में होगा एक्वालाइन मेट्रो का विस्तार

नोएडा सेक्टर 142 से बॉटेनिकल गार्डन तक एक्वालाइन का विस्तार किया जाएगा। 11.56 किलोमीटर लंबी इस नई मेट्रो लाइन पर 2254.35 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें से 573 करोड़ रुपये नोएडा प्राधिकरण देगा। इस विस्तारित परियोजना से नोएडा की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### नौ इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट की मंजूरी

उप्र. में औद्योगिक विस्तार और विकास तेजी से होगा। मंगलवार को कैबिनेट ने नौ उद्योगों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी करने की मंजूरी दे दी। ये इकाइयां लगभग 5000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 में वित्तीय प्रोत्साहन के लिए प्रस्ताव कैबिनेट में इसे पेश किया गया था, जहां स्वीकार कर लिया गया।

## मिट्टी की खनन साइट पर लगाना होगा साइन बोर्ड

**लखनऊ, अमृत विचार :** खनन साइट पर साइन बोर्ड लगाया जाए। जिसमें स्वीकृत गाटा, रकबा, मिट्टी खनन की मात्रा, खनन की अवधि के साथ ठेकेदार का नाम और मोबाइल नंबर लिखा हो। अनुमति जारी होने के बाद खनन कार्य करने से पहले राजस्व व खनन विभाग की संयुक्त टीम स्वीकृत गाटों का चिन्हांकन एवं चौहद्दी का सीमांकन कराएं। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर यह निर्देश दिए। मंडलायुक्त को शिकायत मिल रही थी कि साधारण मिट्टी के खनन के लिए जिन गाटों में स्वीकृति दी गयी उनके विपरीत अन्य गाटों में खनन हो रहा है। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जारी वर्क आर्डर भी कई बार लगाकर खनन की अनुमति ली जा रही है।


**इन निर्देशों का कराना होगा पालन :** 1-खनन साइट पर साइन बोर्ड लगाना। 2- कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जारी वर्कआर्डर में विभागीय मांग के अनुसार, खनन अनुमति जारी करना। 3- वर्क आर्डर की कॉपी प्रस्तुत करने पर आदेश की पुष्टि संबंधित विभाग से अवश्य की जाये।

# प्रतियोगी परीक्षा के लिए अब विवि भी बनेंगे केन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब सरकारी नौकरी से जुड़ी कोई भी परीक्षा होगी तो उसके लिए परीक्षा केन्द्र सरकारी व एडेड कॉलेजों को बनाया जायेगा। पहली बार राज्य व केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को भी परीक्षा केन्द्र बनाने का आदेश जारी किया गया है। अभी तक केन्द्र निर्धारण में निजी कॉलेजों को भी शामिल किया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

यह निर्णय पेपर लीक कांड रोकने के लिए लिया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव शासन के आदेश के बाद जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने भी आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही केन्द्र निर्धारण के लिए 10 मानकों को भी जारी किया है। ये मानक यदि नहीं पूरे होंगे तो भी कॉलेज परीक्षा केन्द्र नहीं बनाए जा सकेंगे। केन्द्र बनाए जाने के लिए दो श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।



- **राजकीय, एडेड कॉलेज का नाम शामिल, निजी कॉलेज हुए बाहर**

**ए श्रेणी में ये बनेंगे केन्द्र :** मुख्य मार्ग पर स्थित राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को शामिल किया गया है। ए श्रेणी में समुचित आवश्यक सुविधाओं वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज (राज्य) व केन्द्रीय विश्वविद्यालय सहित पॉलीटेक्निक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज और राजकीय मेडिकल कालेज को भी शामिल किया गया है।

**बी श्रेणी में ये बनेंगे केन्द्र :** बी श्रेणी में वे सुविधा सम्पन्न वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाएं ही शामिल हो सकेंगी, जो पूर्व में संदिग्ध, विवादित या काली सूची में न रही हों। इसके अलावा परीक्षा केंद्र निर्धारित होते ही कॉलेज में सुविधाओं की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट भी डीआईओएस को देनी होगी।

**30 तक संस्थानों की मांगी गई सूची :** जो संस्थान परीक्षा बनने के लायक हैं, उनकी सूची भी जिलाधिकारी ने मांगी है। 30 जून तक सूची उपलब्ध करानी होगी। बता दें कि लगातार पेपर लीक कांड होने के बाद ये निर्णय लिया गया है।

### ये नए मानक निर्धारित

- परीक्षा केन्द्र श्रेणी ए और बी के अनुसार हो।
- बस व रेलवे स्टेशन से 10 किलोमीटर की परिधि में हो।
- कुल परीक्षार्थियों की क्षमता के आधार पर हो।
- कक्ष निरीक्षण व संस्थान्तर्गत अध्यापकों की संख्या के आधार पर।
- कार्मिकों की संख्या के आधार पर।
- 3 वर्षों में आयोजित कराई गयीं परीक्षाओं के अनुभव के आधार पर।
- परीक्षा केन्द्र शहर की आबादी के अन्दर हो।
- परीक्षा केन्द्र तक जाने के लिए यातायात साधन हो।
- मूलभूत सुविधाओं के साथ बिजली, पंखा, जनरेटर की व्यवस्था हो।
- सीसीटीवी की व्यवस्था हो।

## पुलिस भर्ती बोर्ड को कल तक देनी होगी परीक्षा केन्द्रों की सूची

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निकट भविष्य में होने जा रही पुलिस की भर्ती परीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा परीक्षा केन्द्र का चयन कर सूची 27 जून तक भर्ती बोर्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह समिति उचित गुणवत्ता के केंद्रों के चयन के लिए पूरी तरह उत्तरदायी होगी। मुख्य सचिव ने मंगलवार को लोकभवन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केंद्र यथा संभव नगरीय क्षेत्र में हो।

# सिपाही ने सरकारी पिस्टल से गोली मारकर जान दी

संवाददाता, हसनगंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** हसनगंज कोतवाली में मंगलवार की सुबह एक सिपाही ने सरकारी पिस्टल अपनी कनपटी में लगाकर गोली मार ली। साथी सिपाहियों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां से लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा थाने पहुंचे और पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। जिला बुलंदशहर के गुलावटी निवासी देवांश तेवतिया (25) 2019 में सिपाही पद पर भर्ती हुआ था। वर्ष 2020 से वह हसनगंज कोतवाली में तैनात था। इस समय वह क्राइम मुंशी था। देवांश मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी पर आया और 10 बजे किसी से फोन पर बात करते आवेश में आ गया और चिल्लाते हुए उसने बक्से में रखी सरकारी पिस्टल निकाली और अपनी दाईं कनपटी से सटाकर फायर कर दिया। फायर की आवाज सुन मौजूद पुलिस कर्मी दौड़े और उसे सीएचसी पहुंचाया। बताते हैं कि देवांश का करीब छह महीने पूर्व हादसे में पैर में फ्रेक्चर हुआ था। वह चिकित्सीय अवकाश पर था। करीब 20 दिन पहले उसने ज्वाइन किया था। सीओ ने बताया कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।



## नीट परीक्षा: ओएमआर शीट की हेराफेरी के मामले पर केंद्र से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी- 2024) में हुई अनियमिताओं के संबंध में याचिका पर सुनवाई करते हुए माना कि मामला गंभीर है और इस पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। अतः मामले को 27 जून 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष हुई।

दरअसल 13 फरवरी 2024 को याची निवेदिता को एडमिट कार्ड जारी किया गया, जिस पर परीक्षा केंद्र तथा केंद्र कोड अंकित था। याची ने परीक्षा में ओएमआर शीट पर सभी प्रविष्टियां सही-सही भरीं और केंद्र अधीक्षक तथा निरीक्षक द्वारा भी उसे अनुमोदित किया गया। हालांकि एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित याची की ओएमआर शीट में याची के रोल नंबर और टेस्ट बुकलेट नंबर से अलग रोल नंबर और टेस्ट बुकलेट नंबर दर्शाया गया।

याची द्वारा आपत्ति करने पर विपक्षी ने याची को एक लिंक भेजा, जिसके माध्यम से याची अपनी ओएमआर शीट देख सके। हालांकि लिंक पर उपलब्ध याची की ओएमआर शीट एनटीए की वेबसाइट पर प्रकाशित गलत ओएमआर शीट के समान ही थी। याची का तर्क है कि उसके आकलन के अनुसार उसने परीक्षा में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन परिणाम अच्छे नहीं आये, जिसका अर्थ यह निकाला जा सकता है कि एनटीए के कुप्रबंधन के कारण याची की ओएमआर शीट में कुछ हेराफेरी हुई है।

# असाधारण परिस्थितियों में ही डीएनए परीक्षण का आदेश दे सकती है कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएनए टेस्ट से संबंधित एक मामले में अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि ऐसे मामलों में मां को व्यभिचारी सिद्ध करने के लिए बच्चे को एक मोहरे की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। कोर्ट केवल असाधारण परिस्थितियों में ही डीएनए परीक्षण का आदेश दे सकती है।

वर्तमान मामले में प्रस्तुत डीएनए रिपोर्ट केवल एक कचरा है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है और न ही शादी के पिछले 4 वर्षों से चल रहे पत्नी के अवैध संबंध को साबित करने के लिए डी नोवो डीएनए रिपोर्ट आयोजित करने हेतु कोई आदेश दिया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने ग्राम न्यायालय, पटियाली, कासगंज द्वारा पत्नी और दो बेटियों को गुजारा भत्ता देने के आदेश को रद करने वाली डॉ.इफ़राक मोहम्मद इफ़राक हुसैन की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल याची और विपक्षी की 12 नवंबर 2013 में मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार शादी हुई। वर्ष 2017 में पत्नी अपने मायके जाकर रहने लगी। अपनी पत्नी के विवाहेतर संबंध को साबित करने तथा बेटियों के पितृत्व से इनकार करने के लिए उसने गुप्त रूप से अपनी बेटियों में से एक का रक्त नमूना लिया और एक प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जिसमें बताया गया था कि वह उक्त बेटी का जैविक पिता नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के मामलों का हवाला देते हुए निष्कर्ष निकाला कि कोर्ट को आमतौर पर उस पार्टी की इच्छा के खिलाफ डीएनए परीक्षण जैसे रक्त परीक्षण का आदेश देने से बचना चाहिए, जिस पर इस परीक्षण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सबसे अधिक संभावना हो। डीएनए परीक्षण का आदेश अगर सामान्य ढंग से दिया जाने लगे तो यह बेईमान पतियों के लिए पितृत्व को चुनौती देने वाला भानुमती का पिटारा खोल देने के समान होगा। पति के लिए अपनी पत्नी को व्यभिचारी साबित करना हमेशा खुला है, लेकिन इसके लिए बच्चों की पहचान के अधिकार के बलिदान की अनुमति नहीं दी जा सकती है।




### वर्ग पहेली-112

**बाएं से दाएं**

1. बेंत की प्रजाति का एक पौधा जिसके डंठल अंदर से खोखले किंतु मज़बूत होते हैं जिनका प्रयोग कलम बनाने में किया जाता है
4. 1. तंदुरुस्त, हृष्ट-पुष्ट 2. गोल आकार का 3. भारी शरीर का नाटा व्यक्ति।
5. एक ही ग्रंथ के विभिन्न संस्करणों के पाठ में मिलने वाला भेद, पाठांतर।
6. 1. अपनी माता से उत्पन्न कन्या 2. बुआ
7. 1. तिर्यक, तिरछा, पड़ा 2. 'खड़ा' या 'सीधे' का उलटा, क्षैतिज तल के समांतर 3. विकट, कठोर।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कलम से रद्द किया हुआ 2. काटा हुआ 3. निरस्त।
3. 1. देने का काम कराना 2. प्राप्त कराना 3. वसूल करवाना।
5. चांदी



### वर्ग पहेली-111 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ओ | सा | 2 ई | | 3 उ |
| | | | मा | | के |
| 4 वि | घ | ट | न | का | री |
| दे | | | दा | | |
| श | | 5 का | री | ग | र |
| | 6 मै | | | | |
| 7 मा | न | म | नु | हा | र |

### सुडोकू-25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | 2 | | | |
| | 7 | | | | | 9 | | 6 |
| | 5 | | 9 | | 8 | | | |
| 2 | | 8 | 4 | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 5 | | | | 1 | 4 | |
| | 4 | 6 | | | 5 | 3 | | 8 |
| | | | 5 | | 6 | | 2 | |
| 4 | | 9 | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | 7 |

### सुडोकू-24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 3 |
| 8 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 20.55 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। पुराने संपर्कों का आप उत्तम लाभ उठा सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**वृष** — आज माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे और आपसे किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रबन्धन कौशल की प्रशंसा होगी। आपको पहले किए गए परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहु प्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** — आज पुराना लोन चुकाने में आपको सफलता मिल सकती है। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें।

**सिंह** — आज संतान के प्रति विश्वास बनाए रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा।

**कन्या** — आज ससुराल पक्ष से मान-सम्मान प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए।

**तुला** — आज सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज आपको काफी सावधान रहना होगा। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें। जिन लोगों पर आप आंख-मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें।


**धनु** — आज अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मकर** — आज रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें।

**कुंभ** — आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।

**मीन** — आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसेस में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 13.05 तक तत्पश्चात शतभिषा।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
- ताल — सुबह : 09.33
- तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

&pictures
- होगी प्यार की जीत — सुबह : 11.07
- यू-टर्न — रात : 08.00

SONY PIX
- क्लैश ऑफ़ द टाइटंस — सुबह : 10.19
- मोर्टल कॉम्बेट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 — सुबह : 08.59
- फुकरे 3 — रात : 07.50

colors CINEPLEX
- आरक्षण — सुबह : 11.18
- दृश्यम 2 — रात : 08.33

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 08.33 बजे


### जोक्स ऑफ द डे

शादी के बाद पहली बार बहू रसोई में गई और रेसिपी बुक में पढ़कर खाना बना रही थी।
सास बाहर से लौटी,
फ्रिज खोला, देखकर चौंक गई और पूछा -ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है?
बहू – बुक में लिखा है, सब चीजों का मिश्रण कर लें और एक "घंटा" फ्रिज में रखें।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी। अब क्या घंटी अलग से मारूं!



# अफगानिस्तान की जीत के साथ डेविड वार्नर का सफर खत्म




किंग्सटाउन, एजेंसी

**संन्यास**

- **37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में खेला**

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय करियर का मंगलवार को टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया।

अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था।

**49** अंतर्राष्ट्रीय शतक और 19000 के करीब रन

**110** टी20 मैच में 33.43 का औसत और 142.47 का स्ट्राइक रेट

**112** टेस्ट में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक

**161** एकदिवसीय में 22 शतक और 33 अर्धशतक

**01** शतक और 28 अर्धशतक लगा टी20 में आस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर बने

## टी20 विश्वकप सुपर-8 अंक तालिका

### ग्रुप-1

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.017 |
| अफगानिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | −0.305 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | −0.331 |
| बांग्लादेश | 3 | 0 | 3 | 0 | −1.709 |

### ग्रुप-2

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.599 |
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.992 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.963 |
| अमेरिका | 3 | 0 | 3 | 0 | −3.906 |

# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

## बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे

किंग्सटाउन, एजेंसी

- **नवीनुल हक और राशिद खान ने चार-चार विकेट चटकाए**
- **सेमीफाइनल में 27 जून को दक्षिण अफ्रीका से अफगानिस्तान का सामना**

अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रच दिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आईं। अब सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी।

इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 43 रन बनाने के लिए 55 गेंदें खेल डाली। जवाब में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान ने 23 रन देकर और तेज गेंदबाज नवीनुल हक ने 26 रन देकर चार-चार विकेट चटकाए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास (नाबाद 54) अकेले टिके रहे। बारिश के कारण खेल कई बार रुका। गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने 59 रन की साझेदारी की तो फजलहक फारूकी और नवीनुल ने नयी गेंद से विकेट लिए।

शुरुआती विकेट लेने के आदी फारूकी ने तंजीद हसन को दूसरे ही ओवर में पवेलियन भेजा। इसके बाद नवीनुल ने नजमुल हुसैन शांतो



नवीनुल हक

और शाकिब अल हसन के कीमती विकेट लिए। बांग्लादेश का स्कोर उस समय तीन विकेट पर 31 रन था जब बारिश के कारण खेल रुका।

खेल बहाल होने पर पावरप्ले के छह ओवर में उसने तीन विकेट पर 46 रन बना लिये थे। ऐसे में राशिद ने गेंद संभाली और लगातार ओवरों में विकेट लिए। उन्होंने लगातार दो विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 विकेट पूरे करके न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पछाड़ा। एक बार फिर बारिश से खलल पड़ा, जब बांग्लादेश डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पीछे थी। ऐसे में अफगानिस्तान के हरफनमौला गुलबदिन नायब अचानक ऐंठन के कारण गिर पड़े, जिसे खेल में विलंब करने का शिगूफा माना जा रहा है।

### स्कोर बोर्ड

**अफगानिस्तान 115/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गुरबाज का सरकार बो हुसैन | 43 | 55 | 3/1 |
| जदरान का हसन साकिब बो हुसैन | 18 | 29 | 1/0 |
| उमरजई का दास बो रहमान | 10 | 12 | 0/0 |
| गुलबदिन का सरकार बो हुसैन | 04 | 03 | 1/0 |
| नबी का शांतो बो अहमद | 01 | 05 | 0/0 |
| करीम जनत नाबाद | 07 | 06 | 1/0 |
| राशिद खान नाबाद | 19 | 10 | 0/3 |

अतिरिक्त : 13 रन, विकेट पतन : 1-59, 2-84, 3-88, 4-89, 5-93

गेंदबाजी : हसन साकिब 4-0-36-0, अहमद 4-1-12-1, शाकिब 4-0-19-0, रहमान 4-0-17-1, हुसैन 4-0-26-3

**बांग्लादेश 105/10 (17.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लिटन दास नाबाद | 54 | 49 | 5/1 |
| तंजीद पगबाधा बो फारूकी | 00 | 03 | 0/0 |
| शांतो का नबी बो नवीनुल हक | 05 | 05 | 1/0 |
| शाकिब का और बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0/0 |
| सौम्या सरकार बो राशिद | 10 | 10 | 1/0 |
| तौहीद का जदरान बो राशिद | 14 | 09 | 2/0 |
| महमूदुल्लाह का इशाक बो राशिद | 06 | 09 | 1/0 |
| रिशाद बो राशिद | 00 | 01 | 0/0 |
| तंजीम का नबी बो गुलबदीन | 03 | 10 | 0/0 |
| तस्कीन बो नवीनुल हक | 02 | 09 | 0/0 |
| मुस्ताफिजुर बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त- 11 रन, विकेट पतन : 1-16, 2-23, 3-23, 4-48, 5-64, 6-80, 7-80, 8-92, 9-105

गेंदबाजी : नवीनुल 3.5-0-26-4, फारूकी 2-0-15-1, नबी 2-0-15-0, राशिद 4-0-23-4, नूर 4-0-13-0, नायब 2-0-5-1

### सुपर-8 मुकाबलों में टीम का प्रदर्शन

**47** रन से भारतीय टीम से मिली हार

**21** रन से ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर

**08** रन से बांग्लादेश टीम को मात दी



राशिद खान

## खेल डायरी

### तेजिंदर तूर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे



**नई दिल्ली।** भारत के गोला फेंक के शीर्ष खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर टखने में दर्द के कारण गुरुवार से पंचकूला में शुरू हो रही राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गए जो आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों की अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। तूर ने पीटीआई को बताया, अभी मेरे टखने में थोड़ा दर्द है और मेरे डॉक्टर ने तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने के लिए कहा है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा।

### यूरो 2024 : स्पेन ने अल्बानिया को हराया

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किए। स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिये 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नहीं गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण में जगह बनाई।

### भारत-इंग्लैंड मैच में गफ्फनी-टकर अंपायर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के क्रिस गफ्फनी और ऑस्ट्रेलिया के रॉडनी टकर भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को गुयाना के प्रोविडेंस में होने वाले टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल के लिए मैदानी अंपायर होंगे। जोएल विल्सन इस मैच में टीवी अंपायर जबकि पॉल रीफेल चौथे अंपायर होंगे। न्यूजीलैंड के जेफरी क्रो मैच रेफरी की भूमिका निभाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और भारत के नितिन मेनन त्रिनिदाद और टोबैगो के तारौबा में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होने वाले पहले सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे।

### डीएलएस के सहनिर्माता फ्रैंक डकवर्थ का निधन



**नयी दिल्ली।** क्रिकेट के वर्षा प्रभावित मैचों में परिणाम निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त होने वाली डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति (डीएलएस) के सह निर्माताओं से एक फ्रैंक डकवर्थ का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डकवर्थ ने साथी सांख्यिकीविद् टोनी लुईस के साथ बारिश या अन्य कारकों से बाधित सीमित ओवरों के मैचों में निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित करने के लिए डीएलएस नियम को तैयार किया था। यह नियम पहली बार 1997 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लागू किया गया था। वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इसे आधिकारिक रूप से अपनाया। वर्ष 2014 में डकवर्थ और लुईस के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके योगदान को मान्यता दी।

### नफीस, बोपाना की एशियाई जूनियर स्क्वाश में जीत से शुरुआत

**इस्लामाबाद।** भारत के युशा नफीस और ध्रुव बोपाना ने मंगलवार को अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराकर 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। छठी वरीयता प्राप्त नफीस ने लड़कों के अंडर-17 वर्ग में पाकिस्तान के उबैद उल्लाह को 11-7 10-12 11-5 11-4 से, जबकि बोपाना ने लड़कों के अंडर-13 वर्ग में ईरान के अमीररेज़ा अल्वानसाज़ याज़दी को 11-4 11-2 11-7 से हराया।

### कोपा अमेरिका : ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

**इंगलवुड (अमेरिका)।** ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे, जिन्होंने तीन गोल बचाये। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारकिन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया। इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप डी में शीर्ष पर है।

# जश्न में अफगानिस्तान, दुनिया ने की तारीफ

काबुल, एजेंसी

दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े।

बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षा बाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली हैं। इसके साथ कैप्शन दिया है, देखो कि सफलता के हमारे लिये क्या मायने हैं। एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों, अपने घरों की बालकनी और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।



> क्या शानदार मैच था। अफगानिस्तान टीम को बधाई। – **टॉम मूडी, पूर्व हरफनमौला, ऑस्ट्रेलिया**

**दिग्गज बोले-**

> अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना अतुलनीय है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराया। यह जीत प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की देन है। आपकी प्रगति पर गर्व है। – **सचिन तेंदुलकर, पूर्व बल्लेबाज, भारत**

> क्या शानदार जीत। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना। इसे ही तरक्की कहते हैं। बधाई हो। – **वीरेंद्र सहवाग, पूर्व सलामी बल्लेबाज, भारत**

> शानदार नजारा। जबर्दस्त जीत। रोमांचक मैच। जज्बातों का सैलाब। पठान पहली बार सेमीफाइनल में। नवीनुल हक का मैच विनिंग प्रदर्शन। बेजोड़ क्रिकेट। – **युवराज सिंह, पूर्व बल्लेबाज, भारत**

# पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

**महिला टी20 एशिया कप**

- **19 जुलाई को पाकिस्तान, 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से होगा सामना**

गत चैंपियन भारत श्रीलंका के दाम्बुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा, जिसमें महाद्वीप की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी अपडेट कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी।

# मंधाना और हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दुबई, एजेंसी

- **मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक**



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गईं जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं।

मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे हैं। दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के तीनों मैच में हार गया था लेकिन वोलवार्ट ने दूसरे मैच में नाबाद 135 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। उनके 671 रेटिंग अंक हैं।

# मोडरिच गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने

**यूरो चैम्पियनशिप**

**लीपजिग (जर्मनी)।** संभवतः अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे क्रोएशिया के लुका मोडरिच ने इटली के खिलाफ गोल किया तो वह यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे। इटली के मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल कर दिया। इससे क्रोएशिया की नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। अब उसे दूसरे मैचों के नतीजे पक्ष में आने की दुआ करनी होगी। 38 वर्ष 289 दिन के मोडरिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा।

# उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अर्श भारतीय बैडमिंटन टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी मोहम्मद अर्श का चयन भारतीय बैडमिंटन टीम में किया गया है। इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली एशियन जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम में वह शामिल होंगे।




बांदा शहर के बलखंडी नाका निवासी अर्श ने राष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण खिताब जीतकर अपनी पहचान बनाई है। गुवाहाटी के अमिंगम में 10 से 24 जून तक प्रशिक्षण कैंप करने के बाद अर्श 18 सदस्यीय भारतीय टीम के साथ मंगलवार को दिल्ली से इंडोनेशिया के लिए रवाना हो गये। इंडोनेशिया में 28 जून से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशियन जूनियर चैंपियनशिप टूर्नामेंट में मोहम्मद अर्श जीत के लिए जोर आजमाइश करेंगे। यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सुर्धमा सिंह ने बताया कि अर्श ने कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। युगल खिलाड़ी के तौर पर उनका प्रदर्शन धमाकेदार रहा है। आगे भी उनसे दमदार प्रदर्श की उम्मीद है। अर्श की सफलता से प्रदेश के अन्य युवा शटलर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे।

# ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष अग्रवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अनुष ने बेहतर औसत के कारण मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा**



एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया। ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है।

अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना। फवाद मिर्जा ने 2020 तोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भारत एवं चीन में एफडीए के दवा निरीक्षण कार्यक्रम पर उठे सवाल

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने कहा- भारत में 24 निरीक्षणों में नहीं मिला एक भी अनुपालन का मुद्दा

अमेरिका के तीन शीर्ष सांसदों ने भारत और चीन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के विदेशी दवा निरीक्षण कार्यक्रम पर सवाल खड़ा किया है। एफडीए आयुक्त रॉबर्ट कैलिफ को भेजे पत्र में इन सांसदों ने लिखा कि निरीक्षण के नतीजों में अंतर संस्थागत कमियों तथा एफडीए के विदेशी दवा निरीक्षण कार्यक्रम में विसंगति का एक अन्य उदाहरण जान पड़ता है।

प्रतिनिधि सभा की ऊर्जा एवं वाणिज्य विषयक समिति की अध्यक्ष कैथी मैकमोरिस रॉजर्स, स्वास्थ्य विषयक उपसमिति के अध्यक्ष ब्रेट गुथरी, निगरानी एवं निरीक्षण विषयक उपसमिति के अध्यक्ष मॉर्गन ग्रिफिथ ने जनवरी 2014 से अप्रैल 2024 तक भारत और चीन में एफडीए के निरीक्षण के नतीजों का विश्लेषण करने के बाद 21 मई को यह पत्र लिखा। उन्होंने लिखा इस विश्लेषण के परिणाम आश्चर्यजनक हैं और निरीक्षण नतीजों में भारी अंतर उजागर करते हैं। कुछ एफडीए निरीक्षकों ने अपने सभी या करीब-करीब सभी निरीक्षणों में अनुपालन का मुद्दा पाया। अन्य निरीक्षकों को बमुश्किल ही कोई अनुपालन मुद्दा मिला। दो निरीक्षकों को भारत में कुल 24 निरीक्षणों के दौरान एक भी अनुपालन मुद्दा नहीं मिला।

# नासा ने अंतरिक्ष पर चहलकदमी की योजना की रद

**वाशिंगटन।** नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी के रिसाव के बाद अंतरिक्ष में चहलकदमी की योजना रद कर दी है। स्पेससूट अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा पहना जाने वाला विशेष परिधान होता है।

यात्रियों ट्रेसी डायसन और माइक बैरेट ने अंतरिक्ष स्टेशन के एयरलॉक के हैच को खोला तभी डायसन ने अपने स्पेससूट की शीतलन प्रणाली से पानी के रिसाव की सूचना दी जिसके बाद अंतरिक्ष पर चलहकदमी की योजना रद कर दी गई। बैरेट ने कहा यहां अब हर जगह पानी है। नासा ने बताया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं है।

# अमेरिका की खुफिया जानकारी लीक करने वाले असांजे रिहा

वाशिंगटन, एजेंसी



- ब्रिटिश जेल से छूटे, देर शाम लंदन से पकड़ी उड़ान

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें असांजे वह सोमवार शाम को लंदन के स्टैनस्टेड हवाई पर विमान में सवार होते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह घोषणा उस खबर के तुरंत बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि असांजे इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने वाले हैं। इस समझौते के तहत वह अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे। अमेरिकी अभियोजकों ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि 52 वर्षीय असांजे ने वर्गीकृत अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा दस्तावेजों को प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के एक आपराधिक मामले में दोषी होने की दलील देने पर सहमति व्यक्त की है। द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह के लिए अमेरिका के जिला न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों का हवाला दिया। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा दायर पत्र में कहा गया है प्रतिवादी अमेरिका की राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के (आपराधिक) सूचना के आरोप में दोषी होने की दलील देगा। अमेरिका यह कहते रहा है कि इराक और अफगानिस्तान युद्धों के बारे में जानकारी का खुलासा करने वाली विकीलीक्स फाइलों ने लोगों की जान को खतरे में डाला। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पत्र के साथ दायर की गई आपराधिक जानकारी में कहा गया है कि असांजे ने चेल्सी मैनिंग के साथ जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से साजिश रची और राष्ट्रीय रक्षा से जुड़े दस्तावेज, लेखन और नोट्स प्राप्त किए तथा जानबूझकर दस्तावेजों को उन लोगों को भेजा जो उन्हें प्राप्त करने के हकदार नहीं थे। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि असांजे ने पिछले पांच साल ब्रिटिश जेल में बिताए।

### अमेरिका के साथ समझौते के तहत आरोप स्वीकार करेंगे

**वाशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे अमेरिकी न्याय विभाग के साथ किए गए एक समझौते के तहत एक गंभीर आरोप स्वीकार करेंगे जिससे गोपनीय दस्तावेज प्रकाशित करने से जुड़े उस कानूनी मामले का निपटारा हो जाएगा जो कई महाद्वीपों में चर्चा का विषय बना रहा। सोमवार देर रात को दायर अदालती दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई। न्याय विभाग ने अदालत में दायर एक पत्र में कहा कि असांजे अमेरिका के अधिकार क्षेत्र वाले मारियाना द्वीप की संघीय अदालत में पेश होंगे जहां वह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचना को अवैध रूप से हासिल करने और प्रसारित करने की साजिश रचने को लेकर जासूसी अधिनियम के तहत आरोप स्वीकार करेंगे।

## एक नजर

### इराकी मिलिशिया नेता ने अमेरिका को दी धमकी

**बगदाद।** ईरान के नजदीकी माने जाने वाले इराकी शिया मिलिशिया असैब अहल अल-हक़ के नेता कैस अल-खजाली ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका लेबनान के हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइली हमले का समर्थन करता है, तो वह इराक और पश्चिमोत्तर क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर हमला करेगा। अल खजाली ने सोमवार को एक टेलीविजन पर यह धमकी दी। खजाली ने कहा कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि वह इस क्षेत्र और इराक में अपने सभी हितों को हमले और खतरे के दायरे में ला रहा है। 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा संघर्ष के शुरू होने के बाद से इराक में इस्लामिक प्रतिरोध (जो ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया का एक छत्र निकाय है) ने इस क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर कई हमले किए हैं।

### भारतीय मिस्त्री ने दुबई में 2.25 करोड़ का जैकपॉट जीता

**दुबई।** भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन ने सालों तक पैसों की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। खलीज टाइम्स में मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। अखबार ने बोरुगद्दा के हवाले से कहा मैं अपने परिवार को बेहतर जिंदगी देने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए संयुक्त अरब अमीरात आया था। यह जीत किसी सपने की तरह लगती है।

### हज यात्रा के वीजा के दुरुपयोग पर चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब ने अन्य देशों की पर्यटन कंपनियों पर विजिट वीजा धारकों को हज यात्रा में भाग लेने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार सऊदी गृह मंत्रालय के सुरक्षा प्रवक्ता तलाल शल्हौब ने कहा कि उन कंपनियों ने हज के लिए वीजा जारी नहीं किया बल्कि उन्हें हज शुरू होने से दो महीने पहले मक्का में रहकर नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित किया। हज परमिट केवल एक ट्रांजिट कार्ड नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

# परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और मास्को का विरोध

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका व सहयोगी देशों ने समझौते का उल्लंघन बताया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र में सुरक्ठक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित संरा क अध्यक्ष।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में सोमवार को अमेरिका और उसके प्रमुख यूरोपीय सहयोगियों ने तेहरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और रूस का विरोध किया। अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार संपन्न होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक साधनों का उपयोग करने का संकल्प जताया।

अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह अपनी परमाणु गतिविधियों को, परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से 2015 के समझौते में तय की गई सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग करने में विफल रहा है। ईरान और रूस ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया, जिन्हें समझौते के तहत हटा दिया जाना था। दोनों देशों ने जोर देकर कहा कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की निरंतर निगरानी में है। यह टकराव ईरान और छह प्रमुख देशों - अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी - के बीच परमाणु समझौते के कार्यान्वयन पर अर्ध-वार्षिक बैठक के दौरान हुआ, जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है। तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने पर सहमति व्यक्त की थी। वर्ष 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को समझौते से यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह और कड़ा समझौता करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक मई के अंत में आईएईए की रिपोर्ट के बाद हुई जिसमें कहा गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित 142 किलोग्राम (313 पाउंड) से अधिक यूरेनियम है।

### अमेरिका ईरान को रोकने के लिए तैयार : वुड

अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को ऐसे तरीकों से विस्तारित करने के लिए दृढ़ है, जिनका कोई विश्वसनीय असैन्य उद्देश्य नहीं है। अमेरिका ईरान को परमाणु-सशस्त्र बनाने से रोकने के लिए तैयार है। उनका देश कूटनीति के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) में अब तक मौजूद तीन पश्चिमी देशों - फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन - ने परिषद की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया।

# सुनक ने सट्टे में फंसे दो उम्मीदवारों से पार्टी का समर्थन वापस लिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने के आरोपों का सामना कर रहे कंजर्वेटिव पार्टी के अपने दो सहयोगियों से पार्टी का समर्थन वापस लेने का मंगलवार को फैसला किया। यह कदम चार जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले उठाया गया है। इससे पहले यह विवाद कई दिनों तक प्रचार अभियान की सुर्खियों में छाया रहा और विपक्ष आरोपियों के निलंबन की मांग कर रहा था।

कंजर्वेटिव पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि पार्टी उम्मीदवार क्रेग विलियम्स और लॉरा सॉन्डर्स को अब क्रमशः वेल्स में मोंटगोमेरीशायर एंड ग्लाइंडर तथा इंग्लैंड में ब्रिस्टल नॉर्थ वेस्ट से सांसद के रूप में चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का समर्थन नहीं होगा। कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता ने कहा आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हम आगामी आम चुनाव में संसदीय उम्मीदवार के रूप में क्रेग विलियम्स या लॉरा सॉन्डर्स का समर्थन नहीं कर सकते। प्रवक्ता ने कहा हमने गैंबलिंग कमीशन से पड़ताल की है कि यह निर्णय उनकी जांच को प्रभावित नहीं करता है।

# केन्या में टैक्स से नाराज प्रदर्शनकारी संसद में घुसे



नैरोबी में प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

नैरोबी (केन्या), एजेंसी

- इमारत के एक हिस्से में लगाई आग, टैक्स को लेकर किया जा रहा प्रदर्शन
- सांसदों को वहां से निकाला जा रहा, पुलिस ने नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं

केन्या में टैक्स को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुस गए हैं और इमारत के एक हिस्से में आग लग गई है। सांसदों को वहां से निकाला जा रहा है। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार को राजधानी नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और उनकी मांग थी कि सांसद एक विवादास्पद वित्त विधेयक में प्रस्तावित नए करों के खिलाफ मतदान करें। पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन मंगलवार को किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। केन्या के लोगों द्वारा दान की गई सामग्री के साथ चिकित्सकों ने विभिन्न शहरों में अस्थायी आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए हैं। विरोध प्रदर्शन का यह दौर तब शुरू हुआ जब सांसदों ने नए करों की पेशकश करने वाले वित्त विधेयक पर मतदान किया। इन नये करों में इको-लेवी भी शामिल है जो सैनेटरी पैड और डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ाएगी।

# भारत और अमेरिका के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे : गार्सेटी

ओक्सन हिल (अमेरिका), एजेंसी

- भारत में अमेरिका के राजदूत ने सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर कार्यक्रम में की टिप्पणी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गार्सेटी ने सोमवार को सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं जिसमें सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत से है।

गार्सेटी ने वाशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा यह (भारत-अमेरिका) ऐसा रिश्ता है जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा कभी भारत के साथ इतना करीबी रिश्ता नहीं रहा। भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या अब हमारी आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है और वे अमेरिका में छह फीसदी कर का भुगतान करते हैं। यह अमेरिका में सबसे सफल प्रवासी समुदाय है। इस कार्यक्रम में भारत के एसडब्ल्यू स्टील ने टेक्सास के बेटाउन में 14 करोड़ डॉलर निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। गार्सेटी ने कहा अब अमेरिकी भारतीय ब्रांड और भारतीय कंपनियों से अधिक परिचित हो रहे हैं...हम एक साथ मिलकर तीसरे देशों, बुनियादी ढांचों, ऊर्जा, जलवायु समाधानों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने जेएसडब्ल्यू स्टील की घोषणा पर कहा कि इस प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से 800 से अधिक अमेरिकी कर्मियों को नौकरियां मिलेंगी। हजारों निवेशकों, कंपनियों, आर्थिक विकास संगठनों (ईडीओ) और उद्योग विशेषज्ञों को कारोबारी निवेश की सुविधा प्रदान करने के लिए सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट अमेरिका में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम है।


# हूती गिरोह के पूर्व नेता को 35 साल कैद की सजा सुनाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक न्यायाधीश ने 400 मावोजो के नाम से कुख्यात हूती गिरोह के पूर्व नेता को हथियारों की तस्करी करने और अमेरिकी बंधकों की फिरौती से एकत्र धन को सफेद करने के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद 35 साल जेल की सजा सुनाई है।

अमेरिका के न्याय विभाग ने कहा क्रोक्स-डेस-बौकेट्स हूती के 31 वर्षीय जोली जर्मिन को आज 420 महीने जेल की सजा सुनाई गई। उसे यह सजा अमेरिकी निर्यात कानूनों का उल्लंघन करके हूती समूह को हथियारों की तस्करी और कुख्यात हिंसक हूती गिरोह 400 मावोजो द्वारा पकड़े गए अमेरिकी बंधकों के लिए भुगतान की गई फिरौती की लूट को लेकर सुनायी गयी। जर्मिन पर अमेरिका में कम से कम 24 बंदूक को खरीदने के प्रयास में उसकी भूमिका थी। इसमें एके-47, एआर-15एस, एक एम4 कार्बाइन राइफल, एक एम1ए राइफल और एक .50 कैलिबर राइफल शामिल हैं।

# नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटा चीनी चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी



चीन का चांग ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर एवं अंधेरी सतह से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक प्रमुख उपलब्धि है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चांग ए 6 मिशन की सफलता पर बधाई दी। चीन का इस तरह के क्षेत्र से नमूने एकत्रित करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। उसका चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था। पृथ्वी के इकलौते उपग्रह चंद्रमा का यह वह हिस्सा है जिसके बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है। चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरने वाला इकलौता देश है। इससे पहले उसने 2019 में ऐसा किया था। चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा के सुदूर भाग पर पर्वत और गड्ढे हैं जो कि निकटतम भाग पर दिखायी देने वाली अपेक्षाकृत सपाट सतह से अलग है। सीएनएसए ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान को विमान से बीजिंग ले जाया जाएगा और वैज्ञानिकों का एक दल चंद्रमा से एकत्रित किए नमूनों का भंडारण करेगा। उम्मीद है कि चांग ए 6 यान चंद्रमा की दो किलोमीटर तक की धूल के कणों और सुदूर हिस्से की चट्टानों के साथ पृथ्वी पर लौटा है जिसका विश्लेषण चीनी अनुसंधानकर्ता करेंगे।

### चांग ए 6 मिशन को 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था

चांग ए चंद्र मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक के साथ चांग ए 6 मिशन को इस साल 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था। पहली बार दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में 2 जून को उतरा और उसने नमूने एकत्रित किए। यह 4 जून को चंद्रमा के एक क्षेत्र से पहली बार चट्टान के नमूने लेकर वापस लौटा।

# 10 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार, श्रीलंकाई नाविक की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगी एक नौका को जब्त करने के लिए श्रीलंकाई नौसेना द्वारा चलाए गए अभियान में कम से कम 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया जबकि एक श्रीलकाई नौसैनिक की मौत हो गई।

दो दिन पहले ही श्रीलंका की नौसेना ने कथित रूप से अवैध तरीके से मछली पकड़ने को लेकर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना को सूचना मिली थी कि उत्तरी जाफना में डेल्फ्ट टापू के पास श्रीलंकाई समुद्री सीमा में एक भारतीय कुछ मछुआरों के साथ अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगा है जिसके बाद मंगलवार को अभियान शुरू किया गया। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या ने कहा नौसेना ने श्रीलंकाई समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगी नौका और मछुआरों की धर-पकड़ के लिए एक अभियान शुरू किया।

## बॉलीवुड हलचल

# रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बनाएंगे एटली



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली, रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। वर्ष 2023 में एटली ने शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बनायी थी। एटली ने अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान और रजनीकांत जल्द ही इस फिल्म के सिलसिले में मुलाकात करने वाले हैं। सन पिक्चर द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। वह पिछले 2 सालों से सलमान खान से संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग खत्म करने के बाद एटली की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

# करीना ने बहन करिश्मा को दी जन्मदिन की बधाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने अपनी बहन करिश्मा कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। करिश्मा आज अपना 50वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक वीडियो शेयर कर करिश्मा को बधाई दी है। वीडियो में सिस्टर ट्विनिंग, वेकेशन फोटोज और करिश्मा के बचपन से लेकर अब तक के सफर को दिखाया गया है। इसमें अनसीन फोटोज का मोंटाज बनाया गया। पोस्ट को शेयर करते हुए करीना ने लिखा, मेरी अल्टीमेट हीरो हैप्पी बर्थडे...50 का मतलब है 30 साल की गर्ल... बिग ब्रेकफास्ट, ढेर सारी कॉफी, शानदार बैग, मेरे साथ लंबी बातचीत, लाफ्टर और डांस, चाइनीज फूड, और हमेशा अपने दोनों बच्चों के साथ रहना।


# 2 अगस्त को रिलीज होगी जाह्नवी की फिल्म उलझ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ, 2 अगस्त को रिलीज होगी। जाह्नवी की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही हाल ही में रिलीज हुई थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा है कि उलझ अब 2 अगस्त को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं। फिल्म उलझ में जाह्नवी इंडियन फारेस्ट ऑफिसर का किरदार निभाया है।

## खगोल विज्ञान | जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने की बड़ी खोज

# ऊपरी वायुमंडल संचालित करता है बृहस्पति का वातावरण

संवाददाता, नैनीताल




**अमृत विचार :** बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल इस ग्रह के वातावरण को संचालित करता है। खगोलविदों को पहली बार बृहस्पति के वातावरण का आश्चर्यचकित कर देने वाले जानकारी मिली है। नासा, ईएसए व सीएसए के संयुक्त मिशन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा यह खोज हुई है।

दरअसल बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट ग्रहों की मौसमी दुनिया में विशेष स्थान रखता है। पिछले दिनों रेड स्पॉट कहे जाने तूफान की उम्र व गति का खुलासा किया गया था और आज इस कुख्यात तूफान के ऊपर के सक्रिय वातावरण की दिलचस्प जानकारी मिली है। बृहस्पति के रेड स्पॉट के ऊपर लगभग 300 वर्ग किमी दायरे में फैले वातावरण का अध्ययन यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईसा) के वैज्ञानिको ने किया। तब यह जानकारी सामने आई कि बृहस्पति के आयनमंडल में हाइड्रोजन अणुओं द्वारा उत्सर्जित अवरक्त प्रकाश मौजूद है। ये अणु तूफान के बादलों से 300 किमी ऊपर स्थित हैं, जहां सूर्य से प्रकाश हाइड्रोजन को आयनित करता है और इस अवरक्त उत्सर्जन को उत्तेजित करता है। यह ऊपरी क्षेत्र विभिन्न प्रकार की जटिल संरचनाओं और गतिविधियों की मेजबानी करता है। वेब दूरबीन अवरक्त संवेदनशीलता वाले वातावरण का अध्ययन करने में सक्षम है। जिस कारण यह खोज संभव हो पाई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र और अंतर्निहित वातावरण के बीच का इंटरफ़ेस है। जिसमें उत्तरी और दक्षिणी रोशनी की मात्रा का पता चलता है। बृहस्पति को प्राप्त होने सूर्य की रोशनी की तुलना पृथ्वी से की जाय तो सूर्य के प्रकाश का केवल 4 प्रतिशत ही प्राप्त होता है। जिससे बृहस्पति के वातावरण की सटीक जानकारी मिलती है।

### एक और तंत्र बृहस्पति के वातावरण में होना चाहिए

नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है। यूनाइटेड किंगडम में लीसेस्टर विश्वविद्यालय के टीम लीडर हेनरिक मेलिन के अनुसार हमने सोचा कि यह क्षेत्र शायद उबाऊ व निर्जीव होगा। मगर परिणाम इसके विपरीत निकला। वैज्ञानिकों का मानना है कि बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल का आकार और संरचना को बदलने वाला एक और तंत्र होना चाहिए। जिसकी पड़ताल अगले अध्ययन में की जाएगी। गैसीय ग्रहों के वातावरण की जानकारी हासिल करने के लिये यह खोज बेहद महत्वपूर्ण हैं।